आज का मौसम

35.5° अधिकतम तापमान

24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.29

सूर्यास्त 06.45


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

श्रावण शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 02:28 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 7 अगस्त 2025, वर्ष 3, अंक 354, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### मुठभेड़ में 15 लाख का इनामी माओवादी ढेर

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में माओवादियों से अलग हुए संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया का एक सदस्य मारा गया। उस पर 15 लाख रुपये का इनाम था। मृतक की पहचान मार्टिन केरकेट्टा के रूप में हुई है। वह इस प्रतिबंधित संगठन का प्रमुख एवं एरिया कमांडर था और झारखंड के सात जिलों के कई पुलिस थानों में दर्ज 72 मामलों में वांछित था।

### एनटीपीसी में हादसा तीन श्रमिकों की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के सीपत स्थित राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) संयंत्र में बुधवार को एक भीषण औद्योगिक हादसे में तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा दोपहर करीब 12 बजे के आसपास हुआ, जब संयंत्र परिसर के भीतर मरम्मत कार्य के दौरान एक भारी मशीनरी असंतुलित होकर गिर गई। मृतक श्रमिकों की पहचान स्थानीय ठेका कंपनी के कर्मचारियों के रूप में हुई है।

### ऑक्सीजन फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत

**मोहाली।** पंजाब में मोहाली के फेज-9 इंडस्ट्रियल एरिया में एक ऑक्सीजन उत्पादन इकाई में मंगलवार सुबह हुए सिलेंडर धमाके में दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। धमाके से आसपास के घर हिल गए और फैक्ट्री की छत को भारी नुकसान पहुंचा। सिलेंडर के धातु के टुकड़े करीब एक किलोमीटर दूर तक बिखर गए। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान कंबाला गांव के 25 वर्षीय आसिफ खान और देवेंद्र कुमार के रूप में हुई है।


अंदर देखें ... कैम्पस





# पूर्व सरकारों में नौकरियों पर डाली जाती थी डकैती, बबुआ-चाचा करते थे वसूली

## मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद और बरेली में जनसभाओं को किया संबोधित, सपा पर साधा निशाना

- कहा- हमारी सरकार ने पिछले आठ साल में साढ़े आठ लाख युवाओं को दी नौकरी
- बोले- वैश्विक पटल पर छाया मुरादाबाद, 15000 करोड़ का होता है हस्तशिल्प कारोबार

कार्यालय संवाददाता, बरेली/मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मुरादाबाद और बरेली में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर हमला बोला।

योगी ने कहा कि पिछली सरकारों में सरकारी नौकरियों पर डकैती डाली जाती थी और बबुआ-चाचा दोनों अलग-अगल वसूली के निकलते थे। सरकारी नौकरियों के लिए वसूली करने वाले रिश्तों को देखकर हर कोई असमंजस में रहता था, लोग कहते थे कि महाभारत में ही यह रिश्ते देखे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में आज अवसरों की कमी नहीं है।

हमारी सरकार ने पिछले आठ साल में साढ़े आठ लाख युवाओं को पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी दी है। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद महानगर के कांठ रोड स्थित 24वीं वाहिनी पीएसी परिसर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां अब न गुंडा, न दंगा, केवल विकास की ही चौतरफा चमक है।

यहां के हस्तशिल्पियों दिलशाद हुसैन और बाबू राम यादव को पद्मश्री मिल चुका है। अकेले मुरादाबाद से 15000 करोड़ रुपये का हस्तशिल्प उत्पादों का कारोबार होता है। बदलता मुरादाबाद आज सबके सामने है। योगी ने यहां युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत ऋण वितरण के अलावा 1172 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपनी हस्तशिल्प व पौराणिक हस्तकला के लिए विख्यात मुरादाबाद में बारिश व विपरीत परिस्थितियों में आने का अवसर मिला है। उन्होंने अपने संबोधन में पूरे समय विकास योजनाओं का उल्लेख करने के साथ सपा और कांग्रेस को निशाने पर रखा। कहा कि अब लोगों को योजनाओं का लाभ पात्रता और पारदर्शिता के साथ मिल रहा है। पूर्ववर्ती सपा पर तंज कसते हुए कहा कि चेहरा देखकर नहीं सबका साथ, सबका विकास की तर्ज पर डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। 5300 आरक्षी मुरादाबाद में पुलिस प्रशिक्षण अकादमी में ट्रेनिंग कर रहे हैं। बेटियों को बड़े पैमाने पर पुलिस भर्ती का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर भाई बहनों को हस्तशिल्पी व कारीगरों द्वारा बनाए उत्पाद को दें। जन्माष्टमी पर भी इन्हीं उत्पादों को उपहार में दें। इससे मिला पैसा विकास को और बढ़ाएगा। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख आदि मौजूद रहे। इसके पहले बिलारी तहसील के पीपली में मुख्यमंत्री ने अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण किया।


मुरादाबाद में एक लाभार्थी को प्रधानमंत्री आवास की चाबी देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

### बरेली को दी 2262 करोड़ की योजनाएं

मुख्यमंत्री योगी ने बरेली कॉलेज के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में 2262 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस दौरान कहा, 2017 से पहले युवाओं को पहचान का संकट था, लेकिन अब युवाओं को पहचान से नहीं गुजरना पड़ता है। कहा कि 2017 से पहले सपा सरकार हर जनपद में एक से चार माफिया तैयार करती थी, गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर व्यापारिक वर्ग को तबाह करते थे।

# एससीओ समिट में शामिल होने चीन जाएंगे मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- गलवान झड़प के बाद प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी



सात वर्षों के अंतराल के बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस महीने के अंत में चीन की यात्रा कर सकते हैं। सूत्रों ने बुधवार बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 29 अगस्त के आसपास जापान की यात्रा पर जाएंगे और यात्रा के समापन के बाद, वह 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए चीन के उत्तरी शहर तियानजिन जाएंगे।

मोदी की चीन यात्रा की योजना दोनों पक्षों द्वारा अपने द्विपक्षीय संबंधों को सुधारने के प्रयासों के बीच बनाई जा रही है। जून 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच घातक झड़पों के बाद दोनों देशों के बीच गंभीर तनाव पैदा हो गया था। मोदी की जापान और चीन की यात्रा की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह यात्रा 29 अगस्त से एक सितंबर तक होने की संभावना है।

मोदी ने आखिरी बार जून 2018 में एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन का दौरा किया था। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग अक्टूबर 2019 में दूसरे अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए थे। हालांकि, पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध के कारण दोनों देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ और उसी वर्ष जून में गलवान घाटी में हुई झड़पों के परिणामस्वरूप संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया। पिछले साल 21 अक्टूबर को हुए एक समझौते के तहत डेमचोक और देपसांग से सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह गतिरोध प्रभावी रूप से समाप्त हो गया। पिछले कुछ महीनों में, दोनों पक्षों ने सीमा संबंधी मुद्दे और अन्य संवाद तंत्रों पर विशेष प्रतिनिधि वार्ता को बहाल किया है।

# आरबीआई ने 5.5 % पर कायम रखा रेपो रेट

मुंबई, एजेंसी

- अमेरिकी शुल्क पर अनिश्चितता के बीच आरबीआई का निर्णय



भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया। नीति निर्माता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से उत्पन्न जोखिमों और उच्च शुल्क की आशंका से जुड़ी अनिश्चितताओं का फिलहाल आकलन कर रहे हैं।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाले छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय किया। इसके साथ ही आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को भी तटस्थ बनाए रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि अच्छी मानसूनी बारिश और आने वाले त्योहारों से अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है, लेकिन वैश्विक व्यापार के मोर्चे पर चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं।

हालांकि, उन्होंने अमेरिकी शुल्क के बारे में सीधे तौर पर कुछ नहीं कहा। ट्रंप ने सात अगस्त से अमेरिका में प्रवेश करने वाले सभी भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क और रूस से तेल आयात को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा की है। मल्होत्रा ने कहा कि मध्यम अवधि में भी, बदलती विश्व व्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी अंतर्निहित ताकत, मजबूत बुनियादी ढांचे और अन्य मोर्चों पर संतोषजनक स्थिति के दम पर उज्ज्वल संभावनाओं से भरी हुई है। हम नीति निर्माण के बहुआयामी लेकिन सुसंगत दृष्टिकोण के माध्यम से अनुकूल परिस्थितियां बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

इससे पहले, केंद्रीय बैंक इस साल फरवरी से जून तक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया है जबकि जून में इसके 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

# ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर लगाया 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क

## भारत पर लगाया गया कुल अमेरिकी शुल्क 50 % हुआ



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले ही दी थी शुल्क थोपने की चेतावनी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीद जारी रखने पर बुधवार को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है।

ट्रंप ने पिछले सप्ताह ही 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने ने इस शुल्क के लागू होने से चंद घंटे पहले अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इस आदेश के बाद कुछ छूट प्राप्त वस्तुओं को छोड़कर, भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। प्रारंभिक शुल्क सात अगस्त से प्रभावी होगा जबकि अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद लागू होगा। ट्रंप ने मंगलवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह रूस से तेल एवं गैस खरीदने के लिए भारत पर 24 घंटे में भारी शुल्क की घोषणा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस इस तेल बिक्री से हासिल राशि का इस्तेमाल कर रहा है जबकि भारत सस्ता तेल पाने के लिए इस पहलू पर ध्यान नहीं दे रहा है।

### भारत ने जताया था कड़ा विरोध

कुछ दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल हेंडल ट्रुथ पर लिखा था कि रूस से कच्चा तेल खरीदकर भारत उसकी युद्ध मशीनरी को ईंधन दे रहा है। रूस उक्त धनराशि का इस्तेमाल रूस, यूक्रेन के साथ युद्ध में कर रहा है, मैं इससे खुश नहीं हूं। इस पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अमेरिका पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि अमेरिका रूस से अभी भी यूरेनियम और पैलेडियम खरीद रहा है।

### भारत ने कहा-अन्यायपूर्ण, गैरजरूरी फैसला

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर पूर्व में लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा और 25 प्रतिशत और शुल्क लगाने की घोषणा पर भारत ने कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया कि अमेरिकी राष्ट्रपति का यह निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण, अन्यायपूर्ण, गैरजरूरी और सर्वथा अनुचित है। कहा कि रूस से हमारा तेल आयात बाजार की जरूरतों पर आधारित है। इस फैसले के बाद सरकार देशहित में जरूरी कदम उठाएगी।

# उत्तरकाशी में दो और शव बरामद, 153 लोग रेस्क्यू


धराली में आपदा पीड़ितों से मुलाकात करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

संवाददाता, उत्तरकाशी/देहरादून

- बचाव कार्य में सरकार ने झोंकी ताकत, सेना के 11 जवान भी मिले
- ग्राउंड जीरो पर पहुंचे सीएम, पीड़ितों को हरसंभव मदद का भरोसा

**अमृत विचार :** उत्तरकाशी जिले के आपदाग्रस्त धराली गांव में प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच राज्य और केंद्र सरकार ने राहत, बचाव एवं सर्च ऑपरेशन में पूरी ताकत झोंक दी है।

बुधवार को दो लोगों के शव बरामद किए गए जबकि 153 लोगों के साथ ही लापता सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल समेत 10 जवानों को रेस्क्यू कर लिया गया। इनमें दो जवानों को हेलीकॉप्टर से हायर सेंटर जबकि दो अन्य को सड़क मार्ग से एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। लापता लोगों की तलाश युद्ध स्तर पर जारी है, जिनमें केरल से 28 पर्यटकों का एक समूह भी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को धराली में ग्राउंड जीरो पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे कर्मियों से भी भेंट की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत सामग्री समयबद्ध तरीके से प्रभावितों तक पहुंचे। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार सुबह मुख्यमंत्री से फोन पर बात कर धराली क्षेत्र में चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों का अपडेट लिया।

# दिव्यांगजनों के भरण-पोषण भत्ते में दोगुनी वृद्धि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले मिलते थे 2000 अब मिलेंगे प्रतिमाह 4000 रुपये

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करते हुए एक बड़ा निर्णय लिया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों, संस्थाओं में निवासरत दिव्यांग संवासियों के भरण-पोषण भत्ते की राशि को 2000 प्रतिमाह से बढ़ाकर 4000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। यह निर्णय बुधवार से प्रभावी हो गया है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि भरण-पोषण भत्ते में की गई यह बढ़ोतरी दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए बड़ी राहत है। प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, पूर्व में 25 अप्रैल 2016 को जारी शासनादेश को संशोधित करते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# यूपी बोर्ड : इंटर और हाईस्कूल कम्पार्टमेंट परीक्षा के नतीजे घोषित

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड की वर्ष 2025 की हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि हाईस्कूल में 15985 छात्र तथा 4783 छात्राएं थीं, जिसमें कुल 20768 पंजीकृत थे। 14685 छात्र तथा 4460 छात्राएं को मिलाकर कुल 19145 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। सचिव ने बताया कि इंटर कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में 12495 छात्र तथा 13128 छात्राओं सहित कुल 25623 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें 10899 छात्र तथा 11641 छात्राओं सहित कुल 22540 उत्तीर्ण घोषित हुए। छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.08 तथा छात्राओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.43 है।

संघ प्रमुख बोले

हिंदू धर्म सार्वभौमिक, विविधता को स्वीकार करने की देता है शिक्षा

# संघर्षरत विश्व को हिंदू धर्म की आवश्यकता : भागवत

नागपुर (महाराष्ट्र), एजेंसी

- नागपुर में किया धर्म जागरण न्यास के नए भवन का लोकार्पण



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बुधवार को कहा कि आज के संघर्षग्रस्त विश्व को हिंदू धर्म की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक सार्वभौमिक धर्म है, जो विविधता को स्वीकार करने की शिक्षा देता है।

भागवत ने यहां धर्म जागरण न्यास के नए भवन के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व को इसी 'धर्म' की आवश्यकता है। विश्व अपनी विविधताओं को स्वीकार करते हुए जीना नहीं जानता, इसीलिए इतने संघर्ष हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों के लिए 'धर्म' एक परम सत्य है। उन्होंने कहा कि यह धर्म एकता और सभी विविधताओं को स्वीकार करना सिखाता है। हम सभी विविधताओं को स्वीकार करते हैं। हम इसलिए अलग नहीं हैं, क्योंकि हम विविध हैं, यह धर्म यही हमें सिखाता है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि यह एक सार्वभौमिक धर्म है, लेकिन चूंकि हिंदुओं ने इसे सबसे पहले खोजा था, इसलिए इसे हिंदू धर्म कहा जाने लगा। उन्होंने कहा कि अन्यथा, हिंदू धर्म प्रकृति का धर्म है, एक सार्वभौमिक पंथ है, मानवता का धर्म है। प्रत्येक हृदय को इस धर्म से जागृत होना चाहिए।

### धर्म का कर्तव्य केवल ईश्वर के प्रति ही नहीं

भागवत ने कहा कि धर्म का कर्तव्य केवल ईश्वर के प्रति ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति भी होता है। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास बताता है कि धर्म के लिए अनेक बलिदान दिए गए। उन्होंने कहा कि धर्म के लिए ढेरों सिर काटे गए, लेकिन किसी ने धर्म नहीं छोड़ा। आप सभी ने छावा फिल्म देखी होगी। यह सब (बलिदान) हमारे लोगों ने किया। वे हमारे लिए एक मिसाल हैं। हिंदी फिल्म छावा मराठा राजा छत्रपति संभाजी के जीवन पर आधारित है, जिन्हें 1689 में मुगल सम्राट औरंगजेब ने कड़ी यातनाएं दीं और अंत में उन्हें मौत के घाट उतार दिया था।

### दूसरों को बदलने की जबरन कोशिश न हो

भागवत ने कहा कि इस तरह के बलिदान आम लोगों द्वारा भी किए गए थे, क्योंकि उनका मानना था कि हमारा धर्म सत्य पर आधारित है और दुनिया का अंतिम सत्य यह है कि भले ही हम सामान्य जीवन में अलग-अलग दिखते हों, लेकिन हम सभी एक हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म यह भी सिखाता है कि विभिन्न धर्मों के मार्ग एक ही मंजिल तक ले जाते हैं, इसलिए किसी को भी दूसरों के तौर-तरीकों को जबरन बदलने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### तिरंगा अभियान में स्वास्थ्य विभाग भी देगा सलामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग व परिवार कल्याण विभाग के अलावा चिकित्सा संस्थाएं भी तीन चरण में संचालित होने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान में प्रतिभाग करेंगी। हर संस्थान कार्यालय और अस्पताल पर तिरंगा फहराने के साथ अधिकारियों को सामूहिक रूप से ली गई सेल्फी भी केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए वेबसाइट पर अपलोड करनी होगी। यह निर्देश प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि 2 से 8 अगस्त तक चलने वाले प्रथम चरण, द्वितीय चरण (9 से 12 अगस्त) और 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले तृतीय चरण में कार्यालयों और अस्पतालों को तिरंगा लाइटिंग से सजाया जाएगा। कार्यालय, प्रतिष्ठान में तिरंगे का प्रदर्शन किया जाएगा एवं अधिकारियों व कर्मचारियों को harghartiranga.com पर तिरंगे के साथ सामूहिक सेल्फी अपलोड करने हेतु प्रेरित किया जाएगा।

### गोरखपुर व कानपुर देहात में बनेंगे नए राजकीय संप्रेक्षण गृह

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोरखपुर व कानपुर देहात में बालकों के लिए नये राजकीय संप्रेक्षण गृह बनाने की तैयारी तेज हो गई है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के तहत 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। सरकार ने महिला कल्याण विभाग को इनके निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। योजना के तहत राज्य सरकार ने बीते वर्ष नवंबर में प्रदेश में 10 नये सम्प्रेक्षण गृह बनाने का निर्णय लिया था। इनमें राजधानी लखनऊ के अलावा गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, अमेठी, फिरोजाबाद, बस्ती, झांसी व कानपुर देहात जिले शामिल हैं। सम्प्रेक्षण गृहों की क्षमता 100 बालकों की होगी। राज्य सरकार सभी नये सम्प्रेक्षण गृहों के शीघ्र निर्माण के निर्देश दिये हैं।

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान 13 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन का 13 अगस्त तक चलने वाला विशेष दिव्यांगजन रोजगार अभियान बुधवार से शुरू हो गया। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनकी क्षमताओं के अनुसार रोजगार से जोड़ना है। कौशल विकास केंद्रों और आईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगजनों को रोजगार में वरीयता दी जाएगी। जिन दिव्यांगजनों ने अभी तक कोई प्रशिक्षण नहीं प्राप्त किया है, उनके लिए भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# बाढ़ का कहर जारी, बारिश से 14 की मौत

## मिर्जापुर जिला सबसे अधिक प्रभावित, प्रयागराज में यमुना खतरे के निशान से 1.19 मीटर ऊपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ का कहर कम होता नहीं दिख रहा है। सिंचाई विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, मिर्जापुर जिला बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है। सिंचाई विभाग की ओर से संबंधित अधिकारियों को इसके लिए सचेत कर दिया गया है। वहीं, बारिश के दौरान अलग-अलग हादसों में तमाम जिलों में 14 की जान चली गई।

उधर, प्रयागराज में यमुना अपने खतरे के निशान 84.74 मीटर से 1.19 मीटर और प्रयागराज के ही छदनाग क्षेत्र में खतरे के निशान 84.374 मीटर से 58 सेमी. ऊपर बह रही है। पूर्वांचल में वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, श्रावस्ती क्षेत्र में बहने वाली नदियों के साथ ही लखनऊ मंडल के लखीमपुर खीरी के पलिया में शारदा खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई। हालांकि देर रात सभी जगह जलस्तर घटने की संभावना है।



बाराबंकी में सरयू नदी के बढ़े जलस्तर के बीच नाव से चारा लाते ग्रामीण।

बारिश से हुए हादसों में चित्रकूट में एक बच्चे समेत दो, महोबा में दो और उन्नाव में एक बच्ची की जान चली गई। प्रयागराज के फाफामऊ में तीन और बमरौली एयरपोर्ट के पास दो लोग डूब गए। बिजनौर में दो, सीतापुर में एक और मुरादाबाद में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

वहीं निरंतर हो रही बारिश के बीच मानसून गुरुवार को प्रदेश के दक्षिणी हिस्से, विंध्य क्षेत्र और पूर्वांचल की दिशा पकड़ेगा। वहीं,

- अभी प्रदेश में जारी रहेगा बारिश का सिलसिला

प्रदेश के पश्चिमी तराई इलाकों में बीते दो दिनों में भारी बरसात के बाद तराई इलाकों में दोबारा बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, बांग्लादेश के ऊपर बने सिस्टम की सक्रियता बढ़ने से राज्य में बारिश का सिलसिला अभी रहने वाला है।

मंगलवार और बुधवार को पश्चिमी-तराई में भारी बारिश देखने को मिली। इस दौरान बिजनौर में सर्वाधिक 190 मिमी बारिश दर्ज हुई। वहीं बरेली में 160 मिमी, मुरादाबाद में 150 मिमी बरसात हुई। पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर आदि में भी अच्छी बरसात हुई।

# निराश्रित महिलाओं को पर्वों से पहले ही भेजी गई पेंशन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार ने 36 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में भेजी 1115.64 करोड़ की पेंशन राशि

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने रक्षाबंधन और जन्माष्टमी से पहले निराश्रित महिलाओं को उपहार दिया है। महिला कल्याण विभाग ने पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की 1115.64 करोड़ रुपये की धनराशि अगस्त के पहले सप्ताह में ही 36,75,623 लाभार्थी महिलाओं के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी है। जिससे उन्हें त्योहार मनाने में आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पेंशन की राशि समय से पहले हस्तांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोई भी पात्र महिला इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।

निदेशक के मुताबिक, योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए उप्र. की निवासी महिलाएं sspy-up.gov.in वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में इस योजना के तहत 35,78,111 लाभार्थी महिलाओं को 1062.15 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की गई थी।

# किसानों की आज निकलेगी ई-लॉटरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नाम आया तो अनुदान पर मिलेगा कृषि यंत्र
- सभी जिलों में आज व कल होगा किसानों का चयन
- बड़ी स्क्रीन लगाकर कृषि विभाग बरतेगा पारदर्शिता

**अमृत विचार :** प्रदेश में गुरुवार को किसानों की ई-लॉटरी निकलेगी। यह प्रक्रिया शुक्रवार को भी चलेगी और जिन किसानों नाम इसमें आया, उन्हें अनुदान पर कृषि यंत्र दिया जाएगा। गांव, कस्बों तक बड़ी स्क्रीन लगाकर कृषि विभाग ई-लॉटरी में पूरी पारदर्शिता बरतेगा। चयनित न होने वाले किसानों की जमानत धनराशि छह महीने के भीतर वापस कर दी जाएगी।

दरअसल, राज्य सरकार प्रदेश के किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्रों का लाभ दे रही है। किसानों का पारदर्शिता से इसका लाभ मिले, इसके लिए सभी जिलों में डीएम की अध्यक्षता में कृषि विभाग द्वारा ई-लॉटरी से किसानों का चयन किया जाएगा। यह प्रक्रिया सभी जिलों में 7 अगस्त (गुरुवार) व 8 अगस्त (शुक्रवार) को होगी। प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजना के अंतर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग तथा नेशनल मिशन ऑन एडिबल (ऑइलसीड) योजना के अंतर्गत मिनी ऑइल मिल एक्स्ट्रैक्सन यूनिट एवं तिरपाल की बुकिंग किसानों द्वारा विभागीय पोर्टल पर की गयी है। इसका पारदर्शी ढंग से चयन ई-लाटरी के माध्यम से कृषि विभाग द्वारा कराया जाएगा।

ई-लॉटरी के लिए जनपदीय उप कृषि निदेशक द्वारा संबंधित किसानों व जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के सदस्यों को सूचित किया गया है। ई-लाटरी के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति डीएलएससी (जिला स्तरीय समन्वय समिति) के सदस्यों का विवरण विभागीय पोर्टल पर बुधवार तक अनिवार्य रूप से फीड कर लिया जाएगा। कृषि विभाग ने निर्देश जारी किया है कि ई-लाटरी की प्रक्रिया के लिए ऐसे स्थान का चयन किया जाए, जहां इसे अधिक से अधिक किसान देख सकें।

ई-लॉटरी में चयनित किसानों को मोबाइल पर एसएमएस भेजा जाए। सूचना एवं बिल अपलोड की अंतिम तिथि की सूचना के साथ-साथ प्रतीक्षा सूची में चयनित कृषकों को भी सूचित किया जाएगा। ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले किसानों की जमानत धनराशि अधिकतम छह महीने में वापस कर दी जाएगी।

## नाला खुला दिखे तो कर्मचारियों पर हो कार्रवाई : शर्मा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की अध्यक्षता में बाढ़ व वर्षा से उत्पन्न परिस्थितियों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। राज्य में बाढ़ और अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति के संबंध में जानकारी ली, जिस पर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर हैं। इस दौरान एके शर्मा ने पीडब्ल्यूडी और नगर विकास के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर जलजमाव की स्थिति में जलनिकासी की व्यवस्था करने के साथ ही त्वरित गति से सड़कों की मरम्मत कराई जाए। सभी अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि गड्ढा मुक्ति और नाली आदि को ढकने का काम सुनिश्चित कर लिया जाए।



लखनऊ में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को रक्षा सूत्र बांधतीं महिला उत्थान मंडल की बहनें।

### मंत्री भी प्रदर्शन करने पर मजबूर : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश के हर क्षेत्र में अराजकता, लूट और भ्रष्टाचार है। सत्तारूढ़ दल के विधायक, मंत्री भी धरना और प्रदर्शन करने पर मजबूर हैं। किसी की कोई सुनवाई नहीं है। भ्रष्टाचारियों और अराजक तत्वों से प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। भाजपा सरकार ने नौ साल में सरकारी बजट को लुटाने के सिवा कोई काम नहीं किया। सपा प्रमुख ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश के कई जिले बाढ़ से जूझ रहे हैं। लोगों के सामने खाने-रहने, दवा, इलाज का संकट है। सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद नहीं कर रही है। बाढ़ से खेती-बाड़ी, जानवर और फसलों का बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। सरकार सो रही है। इसीलिए बाढ़ पीड़ितों की न प्रयागराज, फतेहपुर, बलिया में मदद हो पा रही है और न तो वाराणसी, हमीरपुर से लेकर अन्य जिलों में कोई मदद हो रही है।

# किसानों को समय पर मिले खाद-बीज : कृषि मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसानों को समय पर खाद व बीज उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, किसानों के हित में स्वीकृत बजट को समय पर किसानों के हित में खर्च कर लिया जाए। कृषि मंत्री बुधवार को कृषि भवन में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि संबंधित कृषि यंत्र भी किसानों को समय से उपलब्ध कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कृषि मंत्री ने उर्वरक की आपूर्ति, भंडारण व वितरण की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक खाद विक्रय केंद्र स्तर पर इसकी निरंतर गहन निगरानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसानों के खतौनी में नाम दर्ज भूमि के सापेक्ष ही उर्वरक दिया जाए, ताकि जमाखोरी व कालाबाजारी पर लगाम लगाई जा सके। बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव टीके शिबू व ओपी वर्मा, निदेशक कृषि डॉ. पंकज कुमार त्रिपाठी व निदेशक सांख्यकीय सुमिता सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



लखनऊ स्थित कृषि भवन में समीक्षा बैठक करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

# रक्षाबंधन पर महिलाओं के लिए बस सेवा फ्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने रक्षाबंधन पर्व पर परिवहन सेवा सुलभ कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त से 12 अगस्त तक (6 दिन) की अवधि में अधिक से अधिक बसों का संचालन कराया जाए, जिससे कि लोगों को रक्षाबंधन पर्व पर आवागमन में कोई असुविधा न हो। इस दौरान विषम परिस्थितियों को छोड़कर कोई भी अधिकारी कार्य स्थल से बिना सूचना दिये नहीं छोड़ेगा।

परिवहन मंत्री ने बुधवार को बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणानुसार रक्षाबंधन पर्व पर 8 अगस्त की सुबह 6 बजे से 10 अगस्त की मध्य रात्रि 12 बजे तक सभी माताओं, बहनों-बेटियों को निःशुल्क परिवहन सेवा उपलब्ध होगी। परिवहन निगम द्वारा संचालित सभी श्रेणी की बसों में निःशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

प्रबन्ध निदेशक परिवहन निगम मासूम अली सरवर ने बताया कि उक्त अवधि में जो चालक व परिचालक, छह दिन और 1800 किमी का बस संचालन पूर्ण करते हैं तो उन्हें 1200 रुपये की प्रोत्साहन उन्हें प्राप्त होगी। अधिक किमी अर्जित करने पर 55 पैसे प्रति किमी की दर से अतिरिक्त भुगतान देय होगा। इसी प्रकार डिपो एवं क्षेत्रीय कार्यशाला के कर्मचारियों को एकमुश्त 500 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त होगी।

# नियामक आयोग का सलाह देना कोर्ट की अवमानना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निजीकरण मामले में उपभोक्ता परिषद ने फिर दाखिल की आयोग में याचिका

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग का राज्य सरकार को सलाह देने से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बुधवार को यह तर्क देते हुए फिर आयोग में याचिका दाखिल की।

प्रकिया को लेकर राज्य सरकार ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 86 (2) के तहत नियामक आयोग से निजीकरण पर सलाह मांगी है। नियामक आयोग ने निजीकरण के मसौदे पर कई खामियां निकाली हैं। याचिका में उपभोक्ता परिषद ने अपीलेट ट्रिब्यूनल की ओर से पीटीसी इंडिया बनाम केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग में पारित संवैधानिक पीठ के निर्णय का हवाला दिया है। कहा गया है कि आयोग का सैद्धांतिक अनुमोदन जैसा कोई भी जवाब सलाह के रूप में वैध नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि निजीकरण प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक में लिया गया है। इस निर्णय को वैध बनाने के लिए आयोग से सलाह देने का प्रयास किया जा रहा है।

## बिजली कर्मी चलाएंगे कॉर्पोरेट घरानों के खिलाफ अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के बिजली कर्मी अब 'कॉर्पोरेट घरानों-सार्वजनिक क्षेत्र में पॉवर सेक्टर छोड़ो' अभियान चलाएंगे। भारत छोड़ो आंदोलन व काकोरी क्रांति की पूर्व संध्या पर 8 अगस्त को यह कार्यक्रम आयोजित होगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने बुधवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया।

समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे व अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से निजी कंपनियां मुनाफे के लिये काम करने आएंगी। बिजली के दामों में बेतहाशा वृद्धि होगी। निजीकरण प्रदेश के किसानों, गरीब और माध्यम वर्गीय उपभोक्ताओं के लिये अंधेरे का संदेश लेकर आयेगा। लोगों को इससे निजात पाने के लिये अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। अभियान के तहत 8 अगस्त से 15 अगस्त तक बिजली कर्मी प्रतिदिन तिरंगा लेकर व्यापक जनसंपर्क कर आम लोगों को बिजली के निजीकरण से होने वाले नुकसान से अवगत कराएंगे।

# कांग्रेस की जयहिंद यात्रा कल से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस इस माह कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों को नमन करेगी और इतिहास के पन्नों में दर्ज आजादी के आंदोलन को याद करेगी। कार्यक्रम के तहत 8 अगस्त से कांग्रेस की 'जयहिंद यात्रा' शुरू होगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय बुधवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 1942 में 8 अगस्त को महात्मा गांधी ने 'करो या मरो' का नारा देकर भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की थी। कार्यक्रम की श्रृंखला की शुरुआत 8 अगस्त को काकोरी में जयहिंद यात्रा निकाल कर की जाएगी। इसके बाद 9 अगस्त को प्रयागराज, 10 अगस्त आगरा व मुरादाबाद, 11 अगस्त अयोध्या (फैजाबाद), 12 अगस्त आजमगढ़, 14 अगस्त मैनपुरी, 15 अगस्त मऊ, 16 अगस्त चंदौली (धानापुर) व जौनपुर, 17 अगस्त वाराणसी, 18 अगस्त गाजीपुर व सीतापुर, 19 अगस्त बलिया, 23 अगस्त गोरखपुर, 28 अगस्त को चंदौली में कार्यक्रम कर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक रवींद्र चौधरी, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत आदि मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

# जुलाई में 72346.08 करोड़ का मिला राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के जुलाई माह तक कर राजस्व के तहत प्रमुख मदों में कुल 72346.08 करोड़ आय हुई है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इस जुलाई में मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों से राज्य सरकार को कुल 18394.27 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस माह 17304.60 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। बीते वर्ष की तुलना में प्रदेश को 1089.67 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। कर राजस्व के अंतर्गत जीएसटी में माह जुलाई 2025 में कुल 6949.01 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई। बीते साल जुलाई में राजस्व प्राप्ति 6804.46 करोड़ रही थी।

इसी तरह, वैट के अन्तर्गत माह इस जुलाई में 2818.36 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई। आबकारी के तहत इस जुलाई में कुल 4354.28 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई है। बीते वर्ष इस माह प्राप्ति 3952.53 करोड़ रही थी। स्टाम्प तथा निबंधन के तहत इस जुलाई में राजस्व प्राप्ति 3112.26 करोड़, परिवहन के तहत राजस्व प्राप्ति 860.93 करोड़, भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत 299.43 करोड़ राजस्व प्राप्ति हुई।

बदलाव — सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, रिसर्च संस्थान और आयुष चिकित्सालयों में बढ़ीं सुविधाएं

# आठ वर्षों में प्रदेश में बदली स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर जिले में मिल रही डायलिसिस और सीटी स्कैन की सुविधा

**अमृत विचार :** पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में खासा विकास हुआ है। मुख्यमंत्री योगी ने एमबीबीएस-पीजी सीटें बढ़ाने के लिए न केवल हर जिले में मेडिकल कॉलेज योजना चलाई, बल्कि हर जिले में डायलिसिस जैसी सुविधा उपलब्ध कराकर जीवन रक्षक चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध करायी हैं। इतना ही नहीं सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों और रिसर्च संस्थानों की स्थापना तथा आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देकर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक नया स्वर्णिम अध्याय लिखा है।

प्रदेश में 44 राजकीय एवं 36 निजी, कुल 80 मेडिकल कॉलेज चल रहे हैं। बिजनौर, बुलंदशहर, कुशीनगर, पीलीभीत, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, ललितपुर, औरैया, चंदौली, गोंडा, सोनभद्र, लखीमपुर खीरी और कौशांबी जैसे जिलों में स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सत्र प्रारंभ हो चुका है। वहीं, महाराजगंज, शामली और संभल में पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेजों की स्थापना कर चिकित्सा शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाया गया है। इस प्रकार प्रदेश में 5,250 एमबीबीएस और पीजी सीटों की संख्या 900 से बढ़कर 1,871 हो गई है, निजी क्षेत्र में 2,100 पीजी सीटें उपलब्ध हैं। इनमें पीपीपी मॉडल के तीन नए मेडिकल कॉलेजों में 350 अतिरिक्त सीटें शामिल हैं। इतना ही नहीं, सुपर स्पेशियलिटी पाठ्यक्रमों में भी 250 सीटें बढ़ी हैं, गुणवत्तायुक्त चिकित्सा शिक्षा से प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं का मार्ग प्रशस्त होता है।

### आयुष शिक्षा को भी मिला बढ़ावा

अयोध्या में आयुर्वेदिक महाविद्यालय और वाराणसी में होम्योपैथिक सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। प्रदेश में कुल 2,110 आयुर्वेदिक, 254 यूनानी और 1,585 होम्योपैथिक चिकित्सालय कार्यरत हैं। इसके अलावा, आठ आयुर्वेदिक कॉलेज, दो यूनानी कॉलेज और नौ होम्योपैथिक कॉलेज चल रहे हैं। गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय, महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय स्थापित हुआ है। प्रदेश में आयुष बोर्ड का गठन का निर्णय है।

### सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की स्थापना

कैंसर मरीजों के लिए राजधानी में कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट स्थापित हुआ है। संजय गांधी पीजीआई में डायबिटीज सेंटर की स्थापना और 500 बेड के एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। आईआईटी कानपुर में 'स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी' की स्थापना भी की जा रही है, जो चिकित्सा अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देगा।

### नर्सिंग शिक्षा और क्रिटिकल केयर को मिला विस्तार

प्रदेश में 27 नर्सिंग कॉलेजों में से 25 में निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। साथ ही, नर्सिंग में 7,000 सीटों और पैरामेडिकल में 2,000 सीटों की वृद्धि की गई है। वर्तमान में 352 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) से अधिक को फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) की सुविधाओं से लैस किया गया है। साथ ही 72 स्वास्थ्य इकाइयों में सौर ऊर्जा से बिजली की आपूर्ति की गई है। सभी जिलों में डायलिसिस सेवाएं साथ ही सीटी स्कैन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। प्रदेश भर में 515 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, 75 जिला स्तर पर इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब और 74 क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण शामिल है।

# गोरखपुर को शीघ्र मिलेगा एक और टूरिस्ट स्पॉट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बदहाल चिलुआताल का योगी सरकार ने किया कायाकल्प

**अमृत विचार :** गोरखपुर शहर के उत्तरी छोर पर दशकों तक बदहाल रहे चिलुआताल को राज्य सरकार ने टूरिस्ट स्पॉट बना दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन से चिलुआताल घाट का कायाकल्प शहर के उत्तरी छोर में पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुके रामगढ़ताल की तर्ज पर कराया गया है। चिलुआताल घाट भी पर्यटन के साथ रोजगार का केंद्र बनेगा। इसके लिए घाट पर कियॉस्क भी बनाए गए हैं।

चिलुआताल घाट के सौंदर्यीकरण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। ताजा स्थिति यह है कि पहले लोग यहां आने को कतराते थे, लेकिन अब लोग सुबह-शाम घाट का आनंद लोकार्पण होने से पहले ही ले रहे हैं। पर्यटन विभाग की मंशा जल्द इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराने की है।

पर्यटन विभाग के उप निदेशक राजेंद्र प्रसाद यादव के मुताबिक, चिलुआताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 20 करोड़ 39 लाख रुपये की परियोजना को मूर्त रूप दिया गया है। परियोजना के तहत 98 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों पर मारे छापे, नमूने लिए

**बीकापुर, अमृत विचार :** खाद्य विभाग ने मंगलवार शाम को तहसील क्षेत्र के कई बाजारों में मिठाई की दुकानों पर जांच पड़ताल की। चौरे बाजार और जाना बाजार हैदरगंज में कई मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया। खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी में गोल्डन स्वीट दुकान से पेड़े का, राजा स्वीट से पनीर का, श्री राम स्वीट की दुकान से भी पनीर का सैंपल लिया। अन्य दुकानों से मिल्क केक और अन्य मिठाइयों के भी नमूने एकत्र किए गए। सहायक खाद्य आयुक्त मानिकचंद सिंह ने बताया कि सभी सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे। खाद्य निरीक्षक बीकापुर अनूप कुमार सिंह, संतोष कुमार शामिल रहे।

### चार अपराधियों की खुली हिस्ट्रीशीट

**अयोध्या।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर कोतवाली नगर व कोतवाली अयोध्या पुलिस ने दो-दो अपराधियों को दुराचारी घोषित करते हुए उनकी हिस्ट्रीशीट खोली है। इसमें कोतवाली नगर क्षेत्र का अपराधी राहुल मिश्र व अनवर शामिल हैं। जबकि कोतवाली अयोध्या क्षेत्र का अपराधी राहुल निषाद व देवा निषाद शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ कई केस दर्ज हैं।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी बैठक आज

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) समारोह मनाए जाने के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए सात अगस्त को बैठक होगी। बैठक में कलेक्ट्रेट सभागार में शाम को चार बजे होगी। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पांडेय ने दी।

### व्याख्यान व काव्य गोष्ठी 10 को

**अयोध्या।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सिंधी अध्ययन केंद्र और अवधी भाषा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी जयंती पखवारा के अवसर पर व्याख्यान एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन होगा। यह आयोजन विश्वविद्यालय के सिंधी अध्ययन केंद्र सभागार में 10 अगस्त को होगा। यह जानकारी विश्व प्रकाश रुपन ने दी।

### लोहिया सरोवर में गंदगी की शिकायत

**अयोध्या, अमृत विचार :** युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक सावंत ने डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सामने स्थित लोहिया सरोवर की बिगड़ती स्थिति को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है। कहा कि लोहिया सरोवर में लगातार कूड़ा, प्लास्टिक, नालियों का गंदा पानी और नागरिकों से संभावित जैव चिकित्सा अपशिष्ट डाली जा रही है। पर्यावरण की दृष्टि से इसे पुनरुद्धार की बात कही है।

### बाइक व ई रिक्शा चोरी

**अयोध्या।** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में बाइक व ई-रिक्शा चोरी होने का मामला सामने आया है। मसौधा ब्लॉक के जेई उदय सिंह ने तहरीर में पुलिस को बताया कि 3-4 अगस्त की रात नयाघाट रैन बसेरे के पास उनकी बाइक चोरी हो गई। दूसरी शिकायत ई रिक्शा चोरी की थी, यह वारदात रायगंज पुलिस चौकी के पास ही हुई। पीड़ित दिव्यांशु गुप्त निवासी रायगंज ने बताया कि चार अगस्त की रात उनका ई रिक्शा घर के सामने से चोरी हो गया। कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर सीसीटीवी की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### पीजी में 108 छात्रों ने लिया प्रवेश

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर के पीजी पाठ्यक्रमों में चल रही काउंसिलिंग के तहत कुल 108 छात्रों ने प्रवेश लिया। बायोटेक में 31, एमपीएड में 28, अप्लाइड साइकोलॉजी में 10, समाजशास्त्र में 28 फिजिक्स में 11 इलेक्ट्रॉनिक में तीन छात्रों ने अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराकर काउंसलिंग कराई और प्रवेश लिया। समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया 300 छात्रों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया था। यूजी पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित गई।

### कोरम पूरा न होने पर बैठक स्थगित

**शुजागंज, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कोटरा मे सस्ते गल्ले की दुकान के चयन को लेकर बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर दी गई। यह जानकारी बैठक के नोडल अधिकारी एडीओ आईएसबी भगवान दीन ने दी। बैठक निरस्त होने के बाद प्रस्तावित आवेदक नूर आलम, बलिराम, बृजेश व सुनीता देवी, सहित अन्य में आक्रोश देखने को मिला।

# सरयू खतरे के निशान से 24 सेमी ऊपर, पानी में डूबा श्मशान घाट

## गुप्तारघाट में सीढ़ियों पर आया पानी, नौका विहार पर लगी रोक, कछार के लोगों में भय, प्रशासन ने लगाया कैंप

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सरयू खतरे के निशान से 24 सेमी ऊपर पहुंच गई। अयोध्या का श्मशान घाट पानी में डूब गया। फैजाबाद शहर से सटे गुप्तार घाट की साढ़ियों पर पानी आ गया। कछार के गांव पानी से घिर गए। लोगों में भय है। नदी में पानी बढ़ने के साथ नदी में नौका विहार पर रोक लगा दी गई। प्रशासन ने कैंप लगा दिया है। जलस्तर अभी और बढ़ने का संकेत है।

पहाड़ी क्षेत्रों में भारी बारिश, नेपाल के बैराजों से दौ सौ क्यसेक पानी छोड़ दिया गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अलर्ट है। बाढ़ चौकियां सक्रिय हैं। कछार के गांव पानी से घिर गए हैं। प्रशासन ने सोहावल के मांझा कला में कैंप लगा दिया है। हालांकि कुछ दूसरे स्थानों पर कई परिवार ऊंचे स्थानों पर शरण लिए हैं। सोहावल, रुदौली और सदर तहसील प्रशासन के अफसरों ने दौरा किया है।

शहर से सटे गुप्तारघाट में बाढ़ का पानी सीढियों तक पहुंच गया है। केवल तीन सीढ़ी शेष रह गई हैं। अब पानी बढ़ा तो सतह के मंदिरों की चौखट तक पहुंच जाएगा। सुबह सरयू स्नान करने जाने वालों को अब दिक्कत पेश आ रही है। लोगों को सीढ़ियों से गहरे पानी में जाने से रोका जा रहा है। सरयू के स्नान घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं से घाट पर लगे बैरियर में रहने की अपील की जा रही है। एसडीआरएफ के जवान तैनात हैं। श्मशान घाट पर खतरा है। यहां पानी फैल गया है। श्मशान घाट की लकड़ियों के कई टाल बह गए।

लकड़ी विक्रेता नंदलाल यादव बताते हैं कि बुधवार बीती रात अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने लगा। 11 लकड़ी विक्रेताओं को देखा जाए तो लगभग पांच क्विंटल लकड़ी पानी में बह गई है। कुछ लकड़िया जो दिखाई दे रही हैं उन्हें बाहर निकलने का प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय जल आयोग के कनिष्ठ अभियंता आकाश प्रताप सिंह ने सरयू में पानी बढ़ने की उम्मीद जताई है। श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार बंद कर दिया गया है। अब दूसरे स्थानों पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है।



श्मशान घाट में डूबी लकड़ियों को सहेजता विक्रेता।। ● अमृत विचार

नदी का जलस्तर बढ़ने के संकेत




गुप्तारघाट के सीढ़ियों तक पहुंचा पानी। ● अमृत विचार

### पानी बढ़ा तो कई हजार की आबादी आएगी चपेट में

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** सरयू नदी के जलस्तर में और वृद्धि से माझा क्षेत्र के 18 गांवों की करीब 90 हजार की आबादी बाढ़ की चपेट में आ सकती है। पानी भरने से जानवरों के चारे का संकट खड़ा हो गया है। प्रशासनिक स्तर की तैयारियां तेज है। गांव में तैनात लेखपाल स्थिति पर नजर रख रहे हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के मूडाडीहा माझा, सलेमपुर, उरदहवा, पिपरी संग्राम, पूरे चेतन, मडनामाझा, बलुइयामाझा, सेवारहवा, रामपुर पुवारी माझा के मदराही, नई दुनिया, पनसैवा, टपरहवा, सीता राम का पुरवा, गिलन्ट, लोनियाना, पुन्वासी का पुरवा, काजीपुर माझा में बाढ़ का पानी गांव के निचले इलाके में भर गया। रामपुर पुवारी माझा के मदराही के विद्या प्रसाद, महेश कुमार, रामनारायण, बिंदु प्रसाद, सूरज, बैद्यनाथ, दीवान चंद, संतराम, सोहनलाल, जगदीश, मंसाराम, श्यामसुंदर, गौरी, अनिल, सुनील, अरविंद, हरिश्चन्द्र बाढ़ का पानी खेतों में भर गया है चारे का संकट है। पानी बढ़ता रहा तो घरों में घुस जाएगा। रामपुर पुवारी माझा के प्रधान रमेश निषाद बताते हैं कि नदी का जलस्तर जिस प्रकार से बढ़ रहा है, बाढ़ का पानी गांव में भी घुस जाएगा। मड़ना माझा के लेखपाल रामपाल ने बताया कि लोगों को गांव से निकलने के लिए नाव की व्यवस्था की गई है।



मदराही गांव में भरा बाढ़ का पानी।



ढेमवा घाट पर नाव से उतरते गोंडा नवाबगंज के लोग। ● अमृत विचार

### बाढ़ प्रभावितों को विस्थापित करने का काम शुरू

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल के बाढ़ प्रभावित इलाके से बाढ़ प्रभावितों को विस्थापित किए जाने का काम शुरू कर दिया गया है। 40 परिवारों को यहां पहुंचाया गया। एसडीएम ने नाव से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। बाढ़ चौकी में राजस्व कर्मी तैनात किए गए हैं। तहसील प्रशासन ने प्राथमिक विद्यालय कोटसराय में एक बाढ़ चौकी स्थापित की है। लगभग 100 से ज्यादा परिवारों पर बाढ़ का खतरा है। गांव माझाकला, फतेहपुर सरैया, कोटसराय सहित तराई क्षेत्र का एसडीएम ने नाव से निरीक्षण किया। माझांकला के लगभग 50 से ज्यादा परिवारों के लिए कैंप तैयार किया गया। यहां भोजन पानी की व्यवस्था है। पीड़ितों की मदद के लिए एक नाव लगाई गई है। सरयू नदी के दूसरी ओर गोंडा जिले के चार गांव दत्तनगर, ब्यौंदा, साखीपुर और बहादुरपुर के लोगों ने अपने पशु इस पार ढेमवा रौनाही सहित अन्य स्थानों पर सुरक्षित करना शुरू कर दिया है। ब्यौंदा के झगरू, श्यामू, लालता प्रसाद आदि ने बताया कि अभी कुछ घर चपेट में आए हैं। मोटर बोट के सहारे आवागमन जारी है। एसडीएम सोहावल सविता देवी ने बताया कि मांझाकला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। कुछ परिवार अभी अपना सामान पैक कर रहे हैं। वह भी जल्द ही कैंप में पहुंचाए जाएंगे।

### रुदौली के प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति सुचारु

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली तहसील क्षेत्र अंतर्गत विद्युत उपकेंद्र पटरंगा क्षेत्र के शुजागंज फीडर अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांव में वर्तमान में विद्युत सप्लाई चल रही है। पटरंगा विद्युत अवर अभियंता अखिलेश रावत ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र पटरंगा अंतर्गत तराई क्षेत्र मंहगू पुरवा, सड़री कसैया, सल्लाहपुर, कैथी मांझा, सहित अन्य गांव बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। इन गांवों में वर्तमान समय में सप्लाई चालू है। तहसील प्रशासन द्वारा अभी कोई ऐसा निर्देश नहीं आया है। निर्देश आने पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांव में दुर्घटना के मद्देनजर विद्युत सप्लाई को बंद कराई जाएगी।



सोहावल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का नाव से निरीक्षण करतीं एसडीएम सविता देवी व तहसीलदार।

### तीन तहसीलों के बाढ़ प्रभावित 31 गांवों में शटडाउन की तैयारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** आपदा एवं प्रबंधन विभाग के निर्देश पर पावर कॉर्पोरेशन ने जनपद की तीन तहसीलों के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों के 31 गांवों में शटडाउन की तैयारी शुरू कर दी है। किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए पावर कार्पोरेशन द्वारा इन तीनों जोन के एसडीओ को इसके लिए निर्देशित किया है। प्रभावित क्षेत्रों के अधीन आने वाले कुल 12 विद्युत उप केन्द्रों के अवर अभियंताओं को निगरानी और सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है।

### पूराबाजार के बाढ़ प्रभावित 18 गांवों की आपूर्ति बंद

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** बाढ़ प्रभावित माझा क्षेत्र के मूडाडीहा माझा, सलेमपुर उरदहवा, पिपरी संग्राम, पूरे चेतन मडनामाझा, बलुइयामाझा, सेवारहवा, रामपुर पुवारी माझा मदराई, नई दुनिया, पनसैवा, टपरहवा, सीता राम का पुरवा, टपरहवा, लोनियाना, पुन्वासी का पुरवा, काजीपुर माझा सहित डूब क्षेत्र के 18 गांव की विद्युत आपूर्ति बाढ़ को देखते हुए बंद कर दिया गया है। विद्युत उपकेंद्र पूरा बाजार के अवर अभियंता हेमंत यादव ने बताया कि बाढ़ क्षेत्र के गांव में दुर्घटना न हो इसलिए विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई है।

> लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से बाढ़ प्रभावित इलाकों में विद्युत आपूर्ति बंद की जानी है। जहां से अवर अभियन्ता रिपोर्ट दे रहे हैं वहां बंद की जा रही है। सभी एसडीओ को निगरानी के लिए कह दिया गया है। – **अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता वितरण**

# ऑनर किलिंग में हुई हत्या में तीन को आजीवन कारावास

● **प्रेम प्रसंग में हुई थी नंद कुमार की हत्या, प्रत्येक पर 20 हजार जुर्माना**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** ऑनरकिलिंग में युवक की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए तीन लोगों को आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रत्येक पर 20 हजार जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की रकम में से 30 रुपये हजार वादी को बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है। यह आदेश अपर जिला जज प्रथम शिवानी जायसवाल की अदालत से बुधवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय व रोहित पांडे ने बताया कि घटना की रिपोर्ट राजमन चौहान निवासी काजीपुर विस्वा थाना महाराजगंज में 28 नवंबर 2016 को लिखाई थी। आरोप था कि उसका लड़का नंदकुमार 12 नवंबर 2016 को खेत से 9 बजे दिन में घर आ रहा था। उसे दासे सोखा ने अपने खेत के पास मोबाइल से गाना सुनते हुए घर की तरफ आते हुए सोतिया बंधे पर देखा था। उसके बाद लड़का घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश करने पर उसका पता नहीं चला 14 नवंबर 2016 को गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। बाद में पुनवासी पूर्व के पास नाले के किनारे एक शर्ट मिला जो श्री चंद्र निषाद का होना बताया गया। घटना के दिन से ही श्री चंद निषाद, गुड्डू पासवान, हौसला पासवान व जय राम पासवान अपने घर से गायब है। विवेचना में विवेचक ने उपरोक्त चारों को गिरफ्तार किया। पता चला कि नंदलाल की हत्या चारों लोगों ने मिलकर 12 नवंबर 2016 को लालचंद के खेत में मृतक की शर्ट से गला कसकर हत्या कर दिए और शव को गन्ने के खेत में छिपा दिए। मृतक का चप्पल कुदाल को गन्ने के खेत में फेंकना और मृतक के दोनों मोबाइल को स्विच ऑफ करके गुदा हुआ के पास गन्ने के खेत में छिपा दिया। अभियुक्त श्रीचंद की निशानदेही पर नंदलाल का कंकाल, उसके कपड़े, घड़ी, दो मोबाइल, चप्पल और कुदाल गवाहों के सामने बरामद किया। घटना के पीछे कारण था कि नंदलाल का श्रीचंद की बहन से प्रेम संबंध चल रहा था। कंकाल का डीएनए परीक्षण हुआ जिसमें पता चला कि वह नंदलाल का ही कंकाल है। बयान और अन्य साक्ष्यों का परिशीलन करने के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी। जय राम की पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है।

### चौथी बार बढ़ी इग्नू में प्रवेश तिथि

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है। यह तिथि 15 दिनों में चौथी बार बढ़ाई गई है। प्रो. हिमांशु सिंह ने सभी इच्छुक विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वह अंतिम तिथि से पूर्व अपना पंजीयन अवश्य करा लें। इग्नू में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। जुलाई 2025 सत्र उन छात्रों के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, जो किसी कारणवश जनवरी 2025 सत्र में प्रवेश नहीं ले पाए थे। https://ignou.samarth.edu.in लिंक के माध्यम से ऑनलाइन मोड में 15 अगस्त तक प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनीं समस्याएं



जनता दर्शन के दौरान अपने कक्ष में लोगों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का सुना। संबंधित विभाग के अफसरों को समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया। कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में नागरिकों ने अपनी समस्याएं डीएम के समक्ष प्रस्तुत कीं। डीएम ने कहा कि जनता दर्शन एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा आम जनता अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकती है। सभी विभागीय अधिकारी समस्याओं को गंभीरता से लें। हर शिकायत का निष्पक्ष व शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें।

# अगस्त के अंत तक जोड़ें सीवर लाइन से एसटीपी: मंडलायुक्त

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मण्डलायुक्त राजेश कुमार ने नमामि गंगे परियोजना के तहत अयोध्या में निर्माणाधीन 33 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का स्थलीय निरीक्षण किया। परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने प्लांट की तकनीकी संरचना, सीवेज प्रवाह की वर्तमान स्थिति और कार्य की गति की जानकारी ली। बताया गया कि परियोजना में कुल 15 नालों को एसटीपी से जोड़ा जाना है। इसमें से आठ नालों को इंटरसेप्ट कर एसटीपी से जोड़ दिया गया है। लगभग 80 फीसदी सीवेज प्रवाह का उपचार अब इस संयंत्र के माध्यम से किया जा रहा है। शेष सात नालों को नगर क्षेत्र में यूपी जल निगम (अर्बन) से निर्माणाधीन सीवर लाइन के माध्यम से एसटीपी से जोड़ा जाएगा, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। अगस्त अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जल स्तर घटते ही इसे तत्काल स्थापित कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एसटीपी तक पहुंचने वाले संपर्क मार्ग को 400 मिमी ऊंचा करने का प्रस्ताव पर्यटन निदेशालय को भेजा गया है। इसकी स्वीकृति की प्रतीक्षा है। कमिश्नर ने नियत समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। कमिश्नर ने माझा जमथरा क्षेत्र में प्रस्तावित टेम्पल म्यूजियम के लिए चयनित भूमि का भी निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि प्रस्तावित संग्रहालय स्थल के लिए आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण की जाएं।



निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त राजेश कुमार व अन्य।

**रक्षाबंधन** साधारण धागे से लेकर डिजाइनर, ब्रांडेड और हर तरह की राखियां उपलब्ध, मिठाइयों की हो रही एडवांस बुकिंग

# बाजारों में छायीं रामलला व हनुमानजी की थीम वाली राखियां

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भाई-बहन के पवित्र बंधन का त्योहार रक्षाबंधन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे रामनगरी के बाजार राखियों की चमक से जगमगा उठी है। साधारण धागे से लेकर डिजाइनर और ब्रांडेड राखियों तक, बाजारों में हर तरह की राखियां उपलब्ध हैं, जो भाई-बहन के अटूट रिश्ते को और खास बनाने का वादा करती हैं। अयोध्या शहर के प्रमुख बाजार जैसे चौक, रिकाबगंज, सिविल लाइन, नाका, रीडगंज समेत अयोध्या धाम के बाजारों में रंग-बिरंगी राखियों की भरमार है।

कीमतें 10 रुपये से शुरू होकर पांच हजार रुपये तक जा रही हैं। खासतौर पर रामलला व हनुमानजी की थीम वाली राखियां इस साल रामनगरी में खूब पसंद की जा रही हैं। पर्यावरण के प्रति जागरूकता को देखते हुए ईको-फ्रेंडली राखियां भी बाजार में छाई हुई हैं।

नाका के दुकानदार धीरज गुप्ता ने बताया युवा वर्ग में ब्रांडेड और कस्टमाइज्ड राखियों का चलन बढ़ा है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष की राखियों की मांग बढ़ी है।



चौक स्थित एक दुकान में राखी की खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### मिठाई व चॉकलेट्स की खूब डिमांड

रक्षाबंधन को लेकर मिठाइयों व चॉकलेट्स की खूब मांग है। इनकी एडवांस बुकिंग भी की जा रही है। अयोध्या के मिठाई विक्रेता राकेश गुप्ता ने बताया कि देसी घी की बनी मिठाइयों की मांग ज्यादा है। ज्यादातर लोग काजू से बनीं मिठाइयों के साथ खोवा व छेना से बनी सूखी मिठाइयों की मांग कर रहे हैं। एक बेकर्स के मालिक विकास ने बताया कि महंगी ब्रांड की चाकलेट्स के आर्डर मिल रहे हैं। बहनें अपने भाइयों के लिए खास तोहफे जैसे परफ्यूम, वॉलेट और गैजेट्स भी खरीद रही हैं। भाई भी बहनों को उपहार देने में पीछे नहीं दिख रहे हैं।

### रोडवेज के चालकों-परिचालकों की छुट्टियां निरस्त

**अयोध्या परिक्षेत्र की सभी बसें रहेंगी ऑनरोड**

**अयोध्या, अमृत विचार :** परिवहन निगम ने बहनों को रोडवेज की बसों में निशुल्क यात्रा कराने के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। 9 अगस्त की सुबह 8 से 10 अगस्त की रात 10 बजे तक रोडवेज की सभी बसों में महिलाएं निशुल्क यात्रा कर सकेंगी। इसको लेकर अयोध्या परिक्षेत्र के सभी चालकों व परिचालकों की छुट्टियां निरस्त कर दी गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि परिक्षेत्र की सभी बसों को ऑनरोड रहने के निर्देश दिए गए हैं। अयोध्या से लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी मार्ग पर बसों का संचालन के लिए विशेष प्रयास है। निर्देश दिए गए हैं कि रास्ते में कही भी महिलाएं हाथ दिखाएं तो बस रोककर उन्हें बैठाएं। किसी महिला से अभद्र व्यवहार की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### झूठी गवाही देने पर वादी के खिलाफ दर्ज होगा केस

**अयोध्या, अमृत विचार :** रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद अदालत में झूठी गवाही देना वादी मुकदमा को महंगा पड़ा। कोर्ट ने उसके खिलाफ केस दर्ज करके कारण बताओ नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। अभियोजन कथानक से मुकरने पर कोर्ट ने दोनों को दोष मुक्त कर दिया है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव की अदालत से बुधवार को हुआ। हुआ यह की महाराजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली वादी मुकदमा की चचेरी बहन 21 मई 2015 को सुबह 8:15 बजे एक कोचिंग सेंटर से पढ़कर वापस आ रही थी। ताहिरपुर बरौली ढाबा के पास मडना गांव मोड़ पर उसके गांव के प्रमोद मौर्या अपने साथी अंकुर के साथ मोटरसाइकिल से आकर उसकी बहन की साइकिल रोककर उसका हाथ पकड़ लिए मना करने पर धमकी दी। वादी मुकदमा ने पुलिस को दिए गए बयान में घटना का समर्थन किया, लेकिन कोर्ट में जिरह के दौरान अभियोजन कथानक का समर्थन नहीं किया बल्कि उसे नकार दिया इस पर कोर्ट ने कार्यालय लिपिक को आदेशित किया है कि वह निर्णय की प्रति के साथ तीन दिन के अंदर वाद दर्ज करके मुकदमे के वादी को कारण बताओं नोटिस जारी करें।

अमृत विचार

अयोध्या, गुरुवार, 7 अगस्त 2025



न्यूज ब्रीफ

## जिला अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट ठप

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में पीएम केयर फंड से करोड़ों की लागत से लगा ऑक्सीजन प्लांट इन दिनों ठप पड़ गया है। कोरोना काल में इस प्लांट को लगवाया गया था। हालांकि इधर, 10 दिनों से बंद पड़ा है। सीएमएस डॉ.अजय सिंह गौतम ने बताया कि अस्पताल में वोल्टेज बहुत कम आता है। प्लांट का स्टेब्लाइजर (थर्मो) गड़बड़ हो गया है। उसकी मरम्मत चल रही है। कम वोल्टेज के लिए कई बार बिजली विभाग को लिखा जा चुका है।

## 11 को अधिवक्ताओं का होगा सम्मान

**अयोध्या।** अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत जिला इकाई अयोध्या की बैठक कचहरी स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में गई। अध्यक्षता अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अरविंद कौल ने की। कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। आगामी 11 अगस्त को वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह जिला सहकारी बैंक में आयोजित किया जाएगा। 18 को स्वाध्याय मंडल की बैठक भी आयोजित की जाएगी। अधिवक्ता परिषद के महामंत्री रत्नेश सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष अनीता पाठक ,राजीव शुक्ला, पूर्व महामंत्री आशुतोष पांडे, आदित्य पांडे, सुरेश सिंह, अधिवक्ता वर्षा , कर्मवीर ,सारंगधर मिश्रा अमरिश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय रस्तोगी, सुरेश सिंह ,आनंद पांडे मौजूद रहे।

## डग्गामार वाहनों के संचालन पर लगे रोक

**अयोध्या।** यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन के मंत्री राजेंद्र प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में कमिश्नर को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए राष्ट्रीयकृत मार्गों व शहर सीमा में बस स्टेशनों पर अवैध संचालन की रोकथाम की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में पांडेय ने कहा कि बस स्टेशनों और राष्ट्रीयकृत मार्गों पर अवैध डग्गामार गाड़ियां निरंकुश होकर चल रही हैं। इससे परिवहन निगम के साथ-साथ राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व की हानि हो रही है।

## 24 लेखपालों के हुए तबादले

**अयोध्या।** मुख्य राजस्व अधिकारी गजेंद्र कुमार ने 24 लेखपालों की तैनाती एक तहसील से दूसरी तहसील में की है। इनमें सुल्तानपुर से आए एक लेखपाल अनिल कुमार पांडेय के साथ यहां तैनात 23 लेखपाल शामिल हैं। लेखपालों का यह स्थानांतरण निजी अनुरोध के साथ प्रशासनिक आधार पर किए गए हैं। डीएम कार्यालय ने भी इसकी पुष्टि की है।

## ऑटो ड्राइवर व उसके साथियों ने उड़ाए जेवर

**अयोध्या, अमृत विचार :** ऑटो सवार बदमाशों ने दंपति के बैग में रखे लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित शिव बहल तिवारी निवासी ज्ञानापुरा थाना महाराजगंज ने एसएसपी को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ 31 जुलाई को दिल्ली से अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर उतरे। यहां से उन्होंने पूरा बाजार के लिए ऑटो लिया। उसमें पहले से ड्राइवर समेत दो लोग सवार थे। रास्ते में उन्होंने देवकाली बाईपास पर अपने नाती से मुलाकात की। इसके बाद जब वह कोतवाली अयोध्या के आशापुर गांव के पास पहुंचे तो ड्राइवर हमें यह कहकर उतार कर चला गया कि उसके भाई का एक्सीडेंट हो गया है। इसके बाद जब वह घर पहुंचे व अपना बैग चेक किया तो उसमें रखी सोने की चेन, मंगलसूत्र, अंगूठी, चांदी की पायल आदि गायब थे। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर उनके पास पहुंचेगी तब केस दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व कुलपति के पिता प्रेम भूषण गोयल का निधन



**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के पिता प्रेम भूषण गोयल का लम्बी बीमारी के बाद बुधवार को पूर्वाह्न निधन हो गया। यहां विश्वविद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। शुभचिंतकों ने प्रो प्रतिभा को फोन पर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रेम भूषण ने एक दर्जन से अधिक पुस्तकों का लेखन कार्य किया है। उन्हें पंजाब सरकार ने शिरोमणि साहित्कार पुरस्कार से व पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह ने भी सम्मानित किया था। प्रो. प्रतिभा गोयल के कुलपति रहते उनके पिता ने अयोध्या के संत एवं अन्य पुस्तकों का भी लेखन किया है। प्रभारी कुलपति डॉ बिजेन्द्र सिंह, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी पूर्णेन्द्र शुक्ल, कुलानुशासक प्रो. एसएस मिश्र, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी आर एन पांडेय आदि ने गहरा शोक प्रकट किया है।

# सपा जिला पंचायत सदस्य राजा मान सिंह समेत आठ गिरफ्तार

### डकैती, लूट व रंगदारी मांगने का आरोपी है जिपं सदस्य, संगठित गिरोह बनाकर कर रहा था अपराध

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जमीन व अन्य प्रॉपर्टी के नाम पर लोगों से रुपये ऐंठने व जाली नोटों का कारोबार करने वाले समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य राजा मानसिंह, उसकी पत्नी समेत आठ लोगों को थाना पूराकलंदर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पूर्व में लूट, डकैती, रंगदारी मांगने व जाली नोट से संबंधित 14 मुकदमे दर्ज हैं, उसके खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई कर चुकी है।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि जन सुनवाई व थाने पर मिली तहरीर में दो लोगों ने आरोपी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। चार अगस्त को कन्नौज निवासी आशीष कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि राजा मान सिंह से प्रॉपर्टी में निवेश करने के नाम पर उससे 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। पैसा वापस मांगने पर उसे पीटा गया व उसका पर्स सोने की चेन छीन ली थी। वहीं छह अगस्त को अयोध्या कोतवाली के रायगंज गोड़ियाना निवासी नितीश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने पैसा दोगुना करने के नाम 40 लाख रुपये मांगे व पूर्व में दिए 15 लाख रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप था कि वहां से जान बचाकर भागते समय आरोपियों ने पीछा कर उनके वाहन में रखा 15 लाख रुपये लूट लिए थे। यहीं नहीं उसकी पत्नी नीतू ने दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी की निगरानी में टीम का गठन कर जांच की जा रही थी। बुधवार की सुबह आरोपी राजा मानसिंह व उसकी पत्नी नीतू निवासी सरियावां थाना पूराकलंदर, दुष्यंत सिंह निवासी ग्राम सरियावां थाना पूराकलंदर, अनूप सिंह निवासी ग्राम मोइयाकपूरपुर थाना पूराकलंदर, गौरव सिंह निवासी रुरुखास थाना इनायतनगर, अमरेश गोस्वामी निवासी सैरो सरियावां थाना पूराकलंदर, उत्कर्ष तिवारी निवासी खोजनपुर कोतवाली नगर व अंजनी सिंह निवासी रामसनेहीघाट जिला बाराबंकी को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक स्कार्पियों, एक थार वाहन समेत 6.50 लाख नकद, एक सोने की चेन समेत अन्य सामान बरामद हुआ।

**6.50** लाख नकद समेत दो लग्जरी वाहन बरामद  
सभी आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास



पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते एसएसपी गौरव ग्रोवर।

### मसौधा द्वितीय से है जिपं सदस्य

वर्ष 2021 के पंचायत चुनाव में राजा मान सिंह ने सपा के बैनर तले मसौधा द्वितीय से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। वह सपा युवजन सभा का राष्ट्रीय महासचिव भी रह चुका है। एसएसपी के अनुसार उसके खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में 14 मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा लखनऊ, बाराबंकी समेत अन्य जनपदों में भी उसके खिलाफ लूट, डकैती, रंगदारी वसूलने व जाली नोट के कारोबार में केस दर्ज हैं। वह जिले का हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी है, उसके खिलाफ थाना पूराकलंदर पुलिस ने वर्ष 2022 में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की थी। बताया कि आरोपी का संगठित गिरोह है, वह जाली नोटों के माध्यम से भी ठगी करता है। आरोपी अनूप सिंह के खिलाफ भी नौ मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी द्वारा अवैध तरीके से एकत्र की गई संपत्तियों को चिह्नित किया जा रहा है। जल्द ही न्यायालय का आदेश लेकर उसे कुर्क किया जाएगा।



राजा मान सिंह

### जाली नोटों के कारोबार में जा चुका है जेल

सपा नेता राजा मान सिंह को छह सितंबर 2021 में लखनऊ के गाजीपुर थाना पुलिस ने जाली नोटों के कारोबार के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोप था कि उसने जानकीपुरम के पवन कुमार को 10 लाख असली रुपये के बदले 50 लाख रुपये के जाली नोट दिए थे। वहीं, मई 2022 में कानपुर के लालबाग निवासी साजिद कुरैशी ने जमीन दिलवाने के नाम पर उससे 50 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया था। थाना पूराकलंदर में केस दर्ज कराने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए उससे 20 लाख की रंगदारी भी ऐंठी थी। वह कई मामलों में जेल जा चुका है, अभी जमानत पर बाहर था। वर्ष 2023 में न्यायालय के आदेश पर बीकापुर कोतवाली पुलिस ने उसकी 32 करोड़ की संपत्ति कुर्क भी की थी। उसने अवैध तरीके से धन उगाही करके अपना काला साम्राज्य खड़ा किया है, जिसमें कई बेशकीमती जमीनें समेत अन्य प्रॉपर्टी व बंगले भी शामिल हैं।

# दो दिन तिरंगा यात्रा फिर चलेगा स्वच्छता अभियान



तिरंगा यात्रा की तैयारी बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह व पदाधिकारी। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

- हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सौंपी गईं जिम्मेदारियां

**अमृत विचार :** हर घर तिरंगा अभियान को भव्य और व्यापक बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी की जिला व महानगर इकाइयों की कार्यशालाएं पार्टी कार्यालय सभागार में अलग-अलग आयोजित की गईं। कार्यशालाओं में 10 से 15 अगस्त तक चलने वाले राष्ट्रभक्ति पूर्ण आयोजनों की विस्तृत योजना पर मंथन किया गया। जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

तय किया गया कि 10 से 12 अगस्त तक सभी मंडलों में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जो क्षेत्र के प्रमुख स्थानों से गुजरेगी। इस दौरान शहीदों और युद्ध वीरों के परिजनों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्मारकों और स्थलों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 13 से 15 अगस्त तक घर-घर संपर्क कर लोगों को तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस, प्रदर्शनी और गोष्ठी आयोजित की जाएगी। विभाजन से प्रभावित परिवारों से संपर्क कर उन्हें सम्मान देने की योजना है।

क्षेत्रीय महामंत्री महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा, शहीदों को सम्मान, स्वच्छता अभियान और विभाजन विभीषिका जैसे कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक हैं। जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का एक संकल्प है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि पूरे कार्यक्रम की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। सभी मोर्चे पूरी सक्रियता से लगे हुए हैं। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि हर घर पर तिरंगा फहराना भाजपा का संकल्प है।

महानगर कार्यशाला में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, बांके बिहारी त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह, शक्ति सिंह, अभिषेक मिश्रा, सहकारी बैंक के सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, राजेश गौड़, प्रदीप, रवि, संजय निषाद, दिव्य प्रकाश, अभय, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद, तिलक राम मौर्य कमलाशंकर पांडेय, अवधेश, अशोक कसौधन, अशोक सहित अन्य लोग थे।

## एक कमरा... दो बल्ब, बिजली का बिल आया 34 हजार

**रुदौली, अमृत विचार :** विद्युत बिल ठीक कराने के लिए ऐहार गांव के राम बहादुर ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। कहा कि घर खंडहर है। एक कमरे का है। घर में दो बल्ब जलते हैं। गलत बिल भेज कर लगभग चार माह तक बिजली कनेक्शन काट कर परेशान किया गया था। हाईकोर्ट तक जाना पड़ा। बिजली बिल के 34400 रुपये एसडीओ रुदौली ने जांच कराकर संशोधन बिल 20818 रुपये बनवाया। दो जून को दस हजार जमा कराए। शेष 10818 बाद मे जमा करने के लिए कहा। लगभग डेढ़ माह बाद 21 जुलाई को मोबाइल पर बकाया बिल रुपया 18859 का संदेश आया। जमा करने की तिथि 28 जुलाई की गई अन्यथा कनेक्शन का विच्छेदन कर दिया जाएगा।



## शृंगी ऋषि आश्रम पर श्रीरामलला रक्षाबंधन महोत्सव आयोजित

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** महबूबगंज स्थित श्री शृंगी ऋषि आश्रम में श्रीरामलला रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन हुआ। इस आयोजन के बाद यहां से रामलला को रक्षाबंधन पहुंचाया जाता है। रामलला को यह राखी उनकी बहन और ऋषि शृंगी की पत्नी शांता की ओर से पूरे भव्य समारोह के बीच अयोध्या लाई जाती है। इसे रामलला के पुजारी को समर्पित की जाती है। महोत्सव में पहुंचे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक एकता मजबूत होती है। रक्षा बंधन समारोह के बाद आठ अगस्त को यह रक्षाबंधन जूलूस की शक्ल में अयोध्या पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा नेता प्रदीप जायसवाल को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, साधु-संत और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# नहीं प्रभावित होने दिया जाएगा दुकान या मकान

अयोध्या कार्यालय

- जिलाधिकारी ने चौक व्यावसायिक काम्प्लेक्स का किया निरीक्षण

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने बुधवार को चौक घंटाघर स्थित मछरहट्टा क्षेत्र में अयोध्या विकास प्राधिकरण से विकसित किए जा रहे व्यावसायिक संकुल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि यह संकुल कुल 7965 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित किया जा रहा है, जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और तीन मंजिलों का प्रावधान है।

संकुल के ग्राउंड फ्लोर पर 123 दुकानें और प्रथम तल पर 85 दुकानें प्रस्तावित हैं। पार्किंग सुविधा के तहत लगभग 172 दो पहिया वाहन और 70 चार पहिया वाहनों के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था की जा रही है। डीएम स्थानीय निवासियों को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य के दौरान यदि किसी की दुकान या आवास प्रभावित होता है तो संबंधित दुकानदारों को अस्थायी रूप से उपयुक्त स्थान पर व्यवस्थित किया जाएगा, जिनका आवासीय स्थल प्रभावित होगा। उन्हें वैकल्पिक आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सभी पात्र दुकानदारों को नवनिर्मित संकुल में स्थायी रूप से दुकानें आवंटित की जाएंगी।

## तीन आरोपियों से चोरी की 17 साइकिलें बरामद

**अयोध्या।** थाना तारुन की रामपुरभगन चौकी पुलिस ने क्षेत्र के अलग- अलग स्थानों से चोरी हुई 17 साइकिलों के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि पांच अगस्त को पांच अगस्त को रामपुर भगन निवासी सरिता सिंह ने घर के सामने से साइकिल चोरी होने का केस दर्ज कराया था। उप निरीक्षक देवेन्द्र कुमार व रवि शर्मा की टीम ने सीसीटीवी की मदद से बुधवार की सुबह आरोपी रामधीरज उर्फ राजन व दिलीप कुमार निवासी गोपालापुर थाना तारुन व राजदेव निवासी चरावा डिहवा थाना तारुन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 17 साइकिलें बरामद की गई। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

# महिला अस्पताल में स्टाफ की कमी का लिया संज्ञान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही की अध्यक्षता में सर्किट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें 18 मामले आए। आयोजन का मकसद महिलाओं की समस्याओं का समाधान, अधिकारों की रक्षा और महिलाओं की जागरूकता था।

छह प्रकरणों का निस्तारण किया गया। शेष 12 मामलों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिया। उन्होंने महिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया। स्टाफ की संख्या की कम को स्वीकारा और राज्य सरकार को रिपोर्ट देने की बात कही। वार्डों में जाकर मरीजों से मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं की जानकारी ली। सीएमएस डॉक्टर विभा की तारीफ की। उन्होंने सोहावल ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सफीपुर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर बच्चों की संख्या, भोजन आदि के विषय में जानकारी ली। वहां के शौचालय की साफ सफाई व केन्द्र पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। इसके बाद सीएचसी मसौधा का निरीक्षण किया। वहां गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। नियमित साफ सफाई रखने के निर्देश दिया।



महिला अस्पताल में मरीजों से बात करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही व मौजूद सीएमएस डॉ. विभा।

- आयोग की सदस्य ने आंगनबाड़ी केंद्र व सीएचसी का भी किया निरीक्षण

## मंत्री ने खीर खिला किया अन्नप्राशन, गर्भवती महिलाओं को दिया उपहार

**अमृत विचार :** प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास सेवा, पुष्टाहार मंत्री बेबीरानी मौर्या ने बाल एवं पुष्टाहार विभाग से आयोजित अन्नप्राशन और गोद भराई कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पांच शिशुओं को खीर खिलाकर अन्नप्रासन और पांच गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के रूप में फलों का उपहार भेंट किया गया। कार्यक्रम सर्किट हाउस में संभव अभियान के तहत आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से सम्भव अभियान पांच को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को सर्किट हाउस से रवाना किया। विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# 93 समितियों में यूरिया के लिए मारामारी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले में किसानों को यूरिया खाद प्राप्त करने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 93 साधन सहकारी समितियों के माध्यम से यूरिया वितरण किया जा रहा है, जो एडीओ (एजी) की निगरानी में होता है।

इसके बावजूद खाद की कमी के कारण किसानों में मारामारी की स्थिति बनी हुई है। खाद वितरण के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस की मदद भी लेनी पड़ रही है। कृषि कंट्रोल रूम के अनुसार प्रति एकड़ एक बोरी यूरिया खाद दी जा रही है, जिसके लिए किसानों को खतौनी और आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अब स्थानीय लाइसेंस धारियों को भी यूरिया की सप्लाई शुरू की गई है। जिला कृषि अधिकारी ओ पी मिश्रा ने बताया कि अब तक 35 मीट्रिक टन खाद की आपूर्ति जिले में हो चुकी है। जहां ज्यादा संकट है वहां स्थानीय प्रशासन से मदद ली जा रही है। जल्द ही चार रैक खाद और आने वाली है।



तारुन के साधन सहकारी समिति पर खाद के लिए झड़प करता किसान।

### किसानों को जबरियन थमा रहे सल्फर व जिंक

**बड़ागांव, अमृत विचार :** किसान को जरूरत के समय यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। कुछ दुकानदारों के पास यूरिया है तो वह किसानों को सल्फर व जिंक जबरियन दे रहे हैं। तहसील क्षेत्र के बड़ागांव, सीवार, जगदीशगंज, कांटा बाजार, मुबारकगंज के किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की शिकायत पूर्व प्रधान राजेंद्र गोस्वामी, उमाशंकर गोस्वामी ने जिला कृषि अधिकारी से की। किसान अवधेश तिवारी, एनडी शुक्ला, धर्मराज गोस्वामी बताते हैं जरूरत के समय बाजार में यूरिया नदारद है। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा ने बताया साढ़े 1400 टन यूरिया की रैक आई है। जल्द दुकानों पर पहुंच जाएगी। किसान जरूरत के अनुरूप ही यूरिया की खरीदारी करें। निर्धारित मूल्य ही दुकानदार को दें।

## जिले के स्कूली बच्चे 11 को खाएंगे अल्बेंडाजोल

**अयोध्या, अमृत विचार:** जिले के सभी सरकारी, निजी, अर्ध सरकारी विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए 11 अगस्त को अल्बेंडजोल दवा खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान ने अपील की है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को कृमि से मुक्ति के लिए दवा अवश्य खिलवाएं। जो बच्चे किसी कारण वश छूट जाते हैं वह पुनः 14 अगस्त को अपने विद्यालय में दवा खा सकते हैं। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि जिले के अल्बेंडजोल खिलाने का कुल बच्चों का लक्ष्य 13 लाख के करीब है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लक्ष्य के अनुरूप अल्बेंडजोल दवा व बैनर पहुंचा दिया गया है।

# लोगों की समस्याओं का महापौर ने कराया समाधान

अयोध्या कार्यालय

- नगर निगम के कैंप कार्यालय में जनसुनवाई, आईं 22 समस्याएं

**अमृत विचार:** अयोध्या धाम के निवासियों ने नगर निगम के कैंप कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताईं, जिनका महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने त्वरित समाधान कराया। जनसुनवाई के दौरान कुल 22 लोगों ने अपनी समस्याएं बताई, इसमें से 15 का तत्काल समाधान कराया गया। अन्य शिकायतों की जांच कर एक सप्ताह में निदान करने का निर्देश दिया।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडे ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान गोपाल दास ने बनवारीपुरवा में बिजली कनेक्शन न मिलने, रजनी देवी ने घर के कनेक्शन को सीवर लाइन में जोड़ने की मांग पर महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया। कंधरापुर के लोगों ने मुलाकात कर बताया कि 12 लोगों को पेयजल व प्रकाश की सुविधा नहीं मिल रही है। महापौर ने समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिया। बिरला धर्मशाला में जमा कचरा हटाने का निर्देश दिया।इसके अलावा नामांतरण, कर निर्धारण, जल भराव एवं पेयजल से संबंधित शिकायतें आईं, जिनका समाधान कराया गया। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने पार्षद अंकित कुमार त्रिपाठी के साथ अहिराना मोहल्ला जाकर जल भराव की शिकायत को मौके पर देखा और जल निकासी का प्रबंध करने का निर्देश दिया। जोनल अधिकारी अशोक कुमार गुप्त, अवर अभियंता भरत सिंह, पार्षद अंकित त्रिपाठी, अभय श्रीवास्तव, पार्षद प्रतिनिधि रिशु पांडेय आदि मौजूद रहे।



जिला स्कूली बालिका हॉकी की विजेता व उपविजेता टीम। अमृत विचार

## मेथोडिस्ट टीम ने जीता स्कूली बालिका हॉकी खिताब

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनपदीय विद्यालयीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के संयोजन में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल के एस्ट्रोटर्फ मैदान पर किया गया। प्रतियोगिता में मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज जीजीआइसी रुदौली की टीमों ने प्रतिभाग किया। मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज टीम ने जीजीआईसी रुदौली को पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। मुख्य अतिथि मसौधा के ब्लॉक प्रमुख अभिषेक सिंह व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इसके पूर्व मंडलीय विद्यालयीय क्रीड़ा समिति के सचिव धर्मेंद्र सिंह व जिला विद्यालयीय क्रीड़ा समिति के सचिव अभिषेक सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मेथोडिस्ट के व्यायाम शिक्षक परमेंद्र सिंह, जीजीआइसी रुदौली की अंजू यादव, प्रतियोगिता संयोजक जीजीआईसी की व्यायाम शिक्षिका माला यादव, रेखा यादव, राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज यादव एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी के कोच एजाज अहमद, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# राजनीति और पद का चस्का ऐसा कि पीछा नहीं छोड़ रहा

अयोध्या कार्यालय

- दो साल पहले चली गई पार्षदी, फिर भी जारी कर रहीं प्रमाण पत्र
- नगर निगम ने जताई आपत्ति, दी चेतावनी

**अमृत विचार :** राजनीति और पद का चस्का ही ऐसा है की जाता नहीं। नेता छोटा हो या बड़ा, एक बार पद मिल जाए और दूसरी बार जनता जनार्दन नकार दे तो भी नेतागिरी की आदत पीछा नहीं छोड़ती है। ऐसा ही एक मामला नगर निगम के बहू बेगम वार्ड जो अब कल्याण सिंह वार्ड से आया है। दिल है कि मानता नहीं है कि तर्ज पर पूर्व पार्षद अभी भी चकल्लस मचाए हैं। हनुमतनगर वार्ड के वर्तमान पार्षद राशिद ने तो फेसबुक वाल पर कल्याण सिंह वार्ड की पूर्व पार्षद श्रद्धा पत्नी मुरारी यादव के लिए लिखा 'पूर्व पार्षद जी चुनाव हारने के बाद भी नहीं उतर रहा है भूत। इतना ही नहीं इन पूर्व पार्षद ने 30 जुलाई 2025 को बबिता पत्नी स्वर्गीय निक्कू को भलिभांति जानने पहचानने का प्रमाण पत्र दे दिया। यहां तक होता तो चल जाता, लेकिन पूर्व पार्षद ने ज्ञानकुंज गांधी नगर के रहने वाले आशुतोष खरे पुत्र स्वर्गीय कृष्ण कुमार खरे का मृत्यु सत्यापन प्रमाण पत्र तक जारी कर दिया। यह नगर निगम की पकड़ में तब आया जब नगर निगम के जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र अनुभाग ने जांच के दौरान पाया कि सत्यापन पूर्व पार्षद से किया गया है। विभाग से श्रद्धा यादव पत्नी मुरारी सिंह यादव को नोटिस जारी कर कहा गया कि यदि भविष्य में मृत्यु प्रमाणपत्र का सत्यापन आप से किया जाता है तो प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद भी पूर्व पार्षद की और सत्यापन जारी है। कल्याण सिंह वार्ड के मौजूदा पार्षद सूर्य कुमार तिवारी सूर्या का कहना है कि जो गलत है वो गलत है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी की तरफ से नोटिस भी दी गई है। उन्होंने अपने समय में कार्य नहीं किया, जिस कारण उन्हें पार्षदी गंवानी पड़ी, लेकिन लगातार भारतीय जनता पार्टी को बदनाम करने का काम किया जा रहा है। सरकार को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

### सड़क निर्माण का प्रस्ताव तक दे दिया

गजब यह रहा कि पूर्व पार्षद ने 26 जुलाई 2025 को महापौर को पत्र देकर बुद्ध नगर जनौरा में संजय के मकान से सुधा तिवारी के मकान तक 180 फिट लंबाई और 35 मीटर चौड़ाई वाली सड़क के लिए प्रस्ताव दिया। जिम्मेदारों ने संस्तुति की चिड़िया तक बैठा दी। इस संबंध में नगर आयुक्त को फोन किया गया तो उनके गनर ने रिसीव किया। अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। अगर ऐसा है तो दिखवाता हूं।

### मुझे आज तक कोई पत्र नहीं मिला, कुछ लोग जलन रखते हैं

पार्षद पति मुरारी यादव ने बताया कि पहले आय, जाति और निवास के फार्म आते थे। उसमें लिखा रहता था पूर्व प्रधान, पूर्व विधायक व पूर्व सांसद। हम लोगों के पास अब कोई आता है तो पूर्व की मोहर लगा देते हैं। कुछ लोग जलन वश बोलते हैं। हर आदमी सबके यहां नहीं जाता। मुझे नगर निगम से कोई नोटिस जारी नहीं हुई थी। 2012 में आदेश जारी हुआ था पूर्व लिखकर सिग्नेचर कर सकते हैं। हम तो जनप्रतिनिधि हैं। मुझसे पार्षद जलन रखते हैं। जब पार्षदी थी तो वार्ड के बाहर भी काम करा दिया। लोग मेरे पास आते हैं। आधार देखते हैं लिख देते हैं। लेखपाल करें चाहे न करें।

न्यूज ब्रीफ

## पूर्व मंडलायुक्त के नाम पर रुपये मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार



अयोध्या। अमृत विचार : साइबर क्राइम थाना की पुलिस ने पूर्व मंडलायुक्त गौरव दयाल के नाम से सोशल मीडिया पर आईडी बनाकर रुपये मांगने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। ध्यान रहे कि आठ जुलाई को तत्कालीन मंडलायुक्त के ओएसडी अविनाश चंद्र पांडे की ओर से इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मंडल आयुक्त गौरव दयाल के नाम की फोटो, उनका पदनाम इस्तेमाल करके पैसे मांगे जा रहे थे। विवेचना के दौरान राजस्थान के अलवर जिले के कोटा खुर्द निवासी तारिक उर्फ टर्री को गिरफ्तार किया गया है।

## फसलों में करें संतुलित नैनो यूरिया का प्रयोग

अयोध्या, अमृत विचार : संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. एके सिंह और उप कृषि निदेशक डॉ. पीके कनौजिया ने बुधवार को सोहावल ब्लाक के इब्राहिमपुर कंदई में किसान आशीष कुमार सिंह के यहां कृषि आत्मा प्रदर्शन फार्म स्कूल और एग्री जंक्शन सेंटर गौरा कुर्मियान का निरीक्षण किया। फार्म स्कूल के निरीक्षण के दौरान कृषकों को खेती किसानी के बारे में जानकारी दी। एग्री जंक्शन सेंटर गौरा कुर्मीयान सोहावल का औचक निरीक्षण किया। किसानों को निर्धारित मूल्य पर यूरिया उर्वरक बिना किसी टैगिंग के उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। किसानों को दूसरी टॉप ड्रेसिंग में नैनो यूरिया के प्रयोग की सलाह दी। एडीओ कृषि रंजीत तिवारी के साथ बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# रायबरेली के 830 अभ्यर्थियों ने अपनी योग्यता का किया प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय



**भर्ती रैली में आज दम-खम दिखाएंगे प्रतापगढ़ के युवा**

अग्निवीर भर्ती रैली में रायबरेली के अभ्यर्थी दौड़ में हिस्सा लेते।

**अमृत विचार :** डोगरा रेजीमेन्टल सेन्टर में एआरओ अमेठी के तत्वावधान में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन बुधवार को रायबरेली जिले के 830 अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में अपनी योग्यता प्रदर्शित की।

डीआरसी ग्राउन्ड में चल रही भर्ती में बुधवार को जनरल ड्यूटी पद के लिए सीईई परीक्षा में सफल रहे रायबरेली जिले के 953 अभ्यिर्थयों को शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था। उनमें से 830 युवकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शारीरिक दक्षता परीक्षा में अभ्यर्थियों की 1.6 किलोमीटर दौड़, जिग-जैग बैलेन्स, डिच जंप, चिन-अप्स के जरिए उनकी योग्यता का आकलन किया गया। इसमें सफल रहे युवाओं के दस्तावेजों का सत्यापन हुआ। अंततः योग्य पाए गए युवक मेडिकल परीक्षण के लिए भेजे गए। गुरुवार को भर्ती रैली में प्रतापगढ़ के युवाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। भर्ती अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे सतर्क रहें और दलालों के झांसे में न आएं या किसी भी अनुचित तरीके का सहारा न लें। सेना में चयन पूरी तरह से निष्पक्ष व पारदर्शी है, जिसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के लिए उपयुक्त सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवारों का चयन करना है।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** कोतवाली बीकापुर पुलिस ने एटीएम बदल कर पैसा निकालने वाले गिरोह के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंकित उर्फ गोल्डी पाण्डेय निवासी ग्राम सगरा सुन्दरपुर थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के अनुसार आरोपी ने 26 मई को सेंट्रल बैक ऑफ इण्डिया कस्बा बीकापुर एटीएम में कार्ड बदलकर 98 हजार रुपये, 31 जुलाई को एसबीआई खजुरहट से एटीएम कार्ड बदलकर 35 हजार रुपये व दो अगस्त को एसबीआई एटीएम चौरे बजार से एटीएम कार्ड बदल कर 70 हजार रुपये की हेराफेरी की थी। आरोपी से 19 हजार नकद, आठ एटीएम कार्ड बरामद किया गया। आरोपी पर प्रतापगढ़ व अयोध्या में विभिन्न आरोप में 11 मुकदमे दर्ज हैं।



ऑपरेशन के बाद मरीज के पास मौजूद चिकित्सकों की टीम।

## चिकित्सकों ने आंत में फंसे हार्निया को निकाला

**अयोध्या, अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने एक बार फिर करिश्मा कर दिखाया है। मेडिकल कॉलेज में बस्ती के बरैया कुंवर के राम उजागिर (66) पहुंचे। उन्होंने अपनी पीड़ा बताई। चिकित्सकों ने चेकअप किया तो सब दंग रह गए। राम उजागिर के आंत में हार्निया फंसा था। मामले से प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा को अवगत कराया गया। इसके बाद उनके निर्देशन में एनेस्थीसिया के विभागाध्यक्ष डॉ. जेपी तिवारी, सर्जरी विभाग के डॉ. सृष्टेश तिवारी व डॉ. शक्ति प्रभा ने आंत में फंसे हार्निया को निकाला। पीड़ित के परिजनों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## पौराणिक दुग्धेश्वर महादेव पर किया गया सामूहिक रुद्राभिषेक

**बीकापुर, अमृत विचार:** बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र के तोरोमाफी के पौराणिक स्थल सीताकुंड पर स्थित अति प्राचीन दुग्धेश्वर महादेव के मंदिर पर सामूहिक रुद्राभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। आचार्य पंडित विन्देश्वरी प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या मे श्रद्धालु भक्त रुद्राभिषेक में सहभागी रहे। अभिषेक में आचार्य पंडित विन्देश्वरी प्रसाद पांडेय के साथ सहयोगी आचार्य के रूप में पंडित चन्द्र प्रकाश, पं. हरिहर, पं. विक्रमाजीत,पं. संतोष तिवारी, पं. अभिषेक पाण्डेय, पं. विजय तिवारी, पं. राहुल पांडेय, पं. पारस नाथ पांडेय और पं. रवीन्द्र पांडेय ने योगदान दिया। मुख्य यजमान के रूप में सुरेश चन्द्र, ऋषि पांडेय, मानस तिवारी, विजय शंकर, राम अंजोर पांडेय, डॉ. दिवाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता में सिद्धार्थ ने जीते दो स्वर्ण



अयोध्या, अमृत विचार : सीबीएसई बोर्ड स्टेट की दौड़ प्रतियोगिता में सिद्धार्थ पांडेय ने दो स्वर्ण पदक जीते। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए अपना स्थान बनाया। सिद्धार्थ ने तीन किमी और आठ सौ मीटर रेस में स्वर्ण पदकर जीती। प्रतियोगिता एक से चार अगस्त तक इलाहाबाद के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में खेली गई। गोंडा जिले के बनगांव के सिद्धार्थ उदया पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 का छात्र हैं।

## सारस को वन कर्मी व ग्रामीणों ने बचाया

**बीकापुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के कोंछा मजरे कोंहारन का पुरवा के समीप किसानों से छुट्टा जानवरों से फसल सुरक्षा के लिए लगाए गए तार में एक सारस फंस गया। घायल सारस पर ग्रामीणों की नजर पड़ी। सारस निकलने के प्रयास में घायल हो गया था। ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस और वन विभाग को जानकारी दी। पुलिस की मौजूदगी में वनकर्मी तारकनाथ चौबे ने ग्रामीण राम मूरत प्रजापति, शिवमूरत प्रजापति, मुकेश प्रजापति, सोनू,संदीप, झब्बर, शिव प्रकाश मिश्रा,सिंटू मिश्रा के सहयोग से तार में फंसे सारस को निकाला। घायल सारस का इलाज करने के बाद उसे छोड़ दिया गया। वनकर्मी तारकनाथ के इस सराहनीय प्रयास की लोगों ने खूब सराहना की।

# भौतिक सत्यापन को 11 ब्लॉक में गठित होगी 22 टीमें

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं का आकलन करने के लिए डीएम और बीएसए के निर्देश पर टीमें गठित करने का निर्णय लिया है। ये टीमें जिले के सभी 11 ब्लॉकों, जिसमें नगर क्षेत्र खंड शिक्षा क्षेत्र भी शामिल है, में स्कूलों का भौतिक सत्यापन करेंगी।

इनका मुख्य उद्देश्य स्कूलों में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, जैसे पेयजल, शौचालय, कक्षा-कक्षों की स्थिति, शिक्षण सामग्री, मिड-डे मील और अन्य आवश्यक संसाधनों की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना है। हर ब्लॉक में दो-दो टीमें होंगी यानि कुल 22 टीमों का गठन होगा।

- **मुख्यमंत्री के आदेश पर शुरू होगा परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण**

प्रत्येक टीम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकों और अन्य संबंधित कर्मचारियों को शामिल किया जाएगा। ये टीमें स्कूलों का दौरा कर वहां की वास्तविक स्थिति का जायजा लेंगी और अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपेंगी। इस प्रक्रिया में स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपलब्धता, और शिक्षण की गुणवत्ता जैसे पहलुओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। प्रभारी बीएसए अश्वनी कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह कवायद शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की स्थिति को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी।

## विद्यार्थियों की लंबाई और वजन मापेंगे मास्टर साहब

अयोध्या। बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत शिक्षकों के जिम्मे अब एक और काम आ गया है। उन्हें अब अपने स्कूल में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं की लंबाई और वजन का डाटा दुरुस्त रखना होगा। इसके लिए विभाग की ओर से एक चार्ट भी जारी कर दिया गया है। इस प्रयास के लिए बच्चों को बेहतर न्यूट्रीशन सप्लीमेंट और मध्यान्ह भोजन योजना को और गुणवत्ता परक बनाना होगा। शासन की ओर से विभिन्न खाद्य पदार्थ पहले से ही दिए जा रहे। प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी अश्वनी कुमार का कहना है कि चार्ट व्यवस्था से परिवर्तन लाया जा सकता है। यह कोई अनिवार्य व्यवस्था नहीं है।

**कक्षा 1 से 8 तक के बालक एवं बालिका के लिए लंबाई -वजन चार्ट**

| कक्षा | अनुमानित आयु | बालक-लंबाई (सेमी) | बालक-वजन (किग्रा) | बालिका-लंबाई (सेमी) | बालिका-वजन (किग्रा) |
|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा 1 | 6 वर्ष | 115-117 | 18-20 | 114-116 | 17-19 |
| कक्षा 2 | 7 वर्ष | 118-121 | 20-22 | 117-120 | 19-21 |
| कक्षा 3 | 8 वर्ष | 122-126 | 22-25 | 121-125 | 21-24 |
| कक्षा 4 | 9 वर्ष | 127-131 | 24-28 | 126-130 | 23-27 |
| कक्षा 5 | 10 वर्ष | 132-137 | 27-32 | 131-136 | 26-31 |
| कक्षा 6 | 11 वर्ष | 138-143 | 31-36 | 137-143 | 30-36 |
| कक्षा 7 | 12 वर्ष | 144-150 | 35-41 | 144-150 | 34-42 |
| कक्षा 8 | 13-14 वर्ष | 151-163 | 40-52 | 151-162 | 39-51 |

# शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार : एडीजी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर




आगामी त्योहारों को लेकर बैठक करते एडीजी सुजीत पाण्डेय व साथ में आईजी प्रवीण कुमार व एसपी केशव कुमार।

**अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन (एडीजी) सुजीत पाण्डेय ने बुधवार को आगामी त्योहार रक्षाबंधन और जन्माष्टमी को दृष्टिगत रखते हुए शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के सुदृढ़ प्रबंधन के लिए जनपद का भ्रमण किया। उन्हें लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों में उपद्रव फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करें।

बता दें कि एडीजी के आगमन पर सर्वप्रथम रिजर्व पुलिस लाइन में उन्हें सलामी गार्द द्वारा सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र (आईजी) प्रवीण कुमार और पुलिस अधीक्षक (एसपी) केशव कुमार ने उनका स्वागत किया। पुलिस सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एडीजी द्वारा आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, एवं शाखा प्रभारियों के साथ विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्क निगरानी, भीड़ नियंत्रण तथा प्रभावी गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गोष्ठी में महिला अपराध, हत्या, लूट, डकैती, चोरी तथा साइबर अपराध जैसे गंभीर मामलों की रोकथाम के लिए सुदृढ़ रणनीति अपनाने पर भी बल दिया गया। इसके अतिरिक्त एडीजी ने रिक्रूट आरक्षियों के बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर पाठ्यक्रम की प्रगति, अनुशासन, शारीरिक दक्षता, ड्रिल अभ्यास आदि की गुणवत्ता की समीक्षा की।

## बार एसोसिएशन का चुनाव 12 को

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** आगामी 12 अगस्त को जलालपुर बार एसोसिएशन का होने वाले चुनाव के लिए प्रत्याशियों द्वारा जमा किए गए पर्चे सोमवार को सभी जांच मे वैध पाएं गए और किसी प्रत्याशी ने नाम वापस नहीं लिया। जिससे अब अध्यक्ष और मंत्री पद के प्रत्याशी का सिर्फ चुनाव होगा। वहीं अन्य पदों के लिए एक-एक प्रत्याशी के मैदान में आने से यह इन सभी का निर्विरोध निर्वाचित होना तय माना जा रहा है। अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार यादव तथा कृपा शंकर मौर्य और मंत्री पद के लिए पंकज मिश्रा व घनश्याम वर्मा में आमने-सामने का सीधा मुकाबला है। फिलहाल पर्चा वैध होने के पश्चात यह सभी प्रत्याशी जनसंपर्क में जुट गए हैं।

# परिषदीय, माध्यमिक और एडेड विद्यालयों में खुलेंगी प्रेरणा कैंटीन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** जनपद के परिषदीय, माध्यमिक सरकारी और एडेड विद्यालयों में अब प्रेरणा कैंटीन की स्थापना की जाएगी। इन कैंटीन का संचालन महिला स्वयं सहायता समूह करेंगे। जिलाधिकारी ने इसके तहत अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने का खाका तैयार किया है।

बता दें कि राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत यह कैंटीन स्थापित की जाएंगी। जिससे छात्रों और कर्मचारियों को स्वस्थ और पौष्टिक आहार मिलेगा। साथ ही महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाना है। इन कैंटीन के संचालन से महिलाओं को रोजगार मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 12481 महिला स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। इनमें अधिकतम 10 से 12 सदस्य होते हैं। यह कैंटीन विद्यालय समयानुसार दिन में खोली जाएंगी। इससे लोगों को शुद्ध नाश्ता सस्ते दाम पर उपलब्ध होगा।

**डीआईओएस बोले जल्द शुरू होगा काम**

अमृत विचार : डीआईओएस प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि विद्यालयों में कैंटीन स्थापित करने के लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा। इसमें बीडीओ और बीईओ से सामंजस्य स्थापित करके स्थानीय स्तर पर स्वयं सहायता समूह को चिह्नित किया जाएगा।

# शिविर में 20 लाभार्थियों को वितरित किया ऋण

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने ब्लॉक जलालपुर सभागार में शिविर लगाकर विभिन्न योजनाओं के कुल बीस लाभार्थियों को एक करोड़ रुपए का समारोह पूर्वक ऋण वितरित किया। शिविर के दौरान यूनियन बैंक के उपक्षेत्र प्रमुख शैलेन्द्र भदौरिया और बीडीओ जलालपुर दिनेश राम ने लाभार्थियों को लोन वितरित करते हुए जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वाहन किया। इस दौरान पीएम सूर्यघर, मुख्यमंत्री उद्यम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह के कुल बीस लाभार्थियों को ऋण वितरित किया गया। शिविर के बीच जीवन ज्योति योजना की लाभार्थी मधु गौड़ को दो लाख का चेक प्रदान किया। उक्त अवसर पर यूनियन बैंक के शाखा प्रमुख रविराज, लोन अधिकारी अहमद रजा, सुमित निगम, जनार्दन शुक्ला समेत भाजपा नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि, मानिक चंद सोनी, दुर्गेश गुप्ता, नजरे आलम समेत अन्य मौजूद रहे।

## साली की हत्या में फरार जीजा पर 5 हजार का इनाम

**आज़मगढ़,अमृत विचार :** साली की हत्या के मामले में फरार चल रहे जीजा रिंकू पुत्र रामवृक्ष निवासी फिरदूपुर, थाना रानी की सराय पर एसपी हेमराज मीना ने पांच हजार का नकद इनाम घोषित किया है। गौरतलब है कि बीते 28 जून को रानी की सराय थाना क्षेत्र के बेल्थरा जमालपुर निवासी बुद्धू वनवासी ने थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि दो साल पहले उन्होंने अपनी बड़ी बेटी राधिका की शादी रिंकू से की थी। लेकिन कुछ समय बाद रिंकू ने राधिका को छोड़ दिया और उसकी छोटी बेटी संगीता के साथ रहने लगा। वादी के अनुसार, 25 जून को रिंकू संगीता को काम पर ले जाने के बहाने फरिहा ले गया, जहां बाद में उसका शव अहमद मसूद के ट्यूबवेल के पास चौकी पर पड़ा मिला।

## एडीओ (पंचायत) आशीष सिंह ने संभाला कार्यभार

**आजमगढ़, अमृत विचार:** विकास खंड पल्हनी के नवागत सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राम आशीष सिंह के कार्यभार ग्रहण करने पर सभी ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं पंचायती राज सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार को एडीओ को कार्यालय में स्मृति चिह्न एवं पौधा देकर स्वागत किया।



एडीओ (पंचायत) राम आशीष सिंह का स्वागत करते सचिव व सफाई कर्मचारी।

एडीओ पंचायत राम आशीष सिंह ने कहा कि क्षेत्र में शासन की योजनाएं जन-जन तक पहुंचना उनका मुख्य लक्ष्य है। साथ ही मौजूदा समय में क्षेत्र के गावो में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए प्राथमिकता के साथ अभियान चलाकर सफाई का कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस मौके पर सचिव अखिलेश सिंह, प्रतीक राय, जयसिंह, प्रशांत यादव, विनीत राय, श्रवण सिंह, जिलाध्यक्ष सीपी यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी 8 अगस्त को

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि कृषि निदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि यंत्रीकरण की समस्त योजनाओं के तहत 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्रों स्ट्रा रीपर आदि की ई-लॉटरी प्रक्रिया 8 अगस्त को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सभागार में प्रारंभ की जाएगी। यह लॉटरी उन कृषकों के लिए आयोजित की जा रही है, जिन्होंने 27 जून से 12 जुलाई के मध्य विभागीय पोर्टल के माध्यम से पात्र कृषि यंत्रों की बुकिंग की है। डीएम की अध्यक्षता में होगी ई-लॉटरी होगी।

# शारदा सहायक नहर में उतराता मिला युवक का शव

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के नहर में एक युवक का उतरता हुआ शव मिला। शव देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को शिनाख्त कर परिजनों को सूचित करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना जलालपुर कोतवाली क्षेत्र में घटित हुई है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के गोलपुर गांव निवासी बंशीलाल मंगलवार शाम के समय शराब की दुकान पर शराब पिया। शराब पीने के बाद थोड़ी देर हंगामा करते हुए नहर में कूद गया। जिसे कूदता देख स्थानीय लोगों ने दौडक़र बचाने का प्रयास किया, लेकिन नशे में चूर युवक ने एक नहर से निकाल कर दूसरे नहर में कूद गया। जहां से वह निकल नहीं पाया और बुधवार सुबह रुकुनपुर कासिमपुर नहर के किनारे उसका शव उतरता हुआ देखा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचित कर शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आक्रोश

**शिक्षक संगठन जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देने की कह रहा बात, डीआईओएस ने किया इनकार**

# डीआईओएस कार्यालय पर शिक्षकों ने मांगों को लेकर दिया धरना

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



मांगों को लेकर डीआईओएस कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करते शिक्षक।

**अमृत विचार :** जनपद में माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट ने 25 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। हालांकि डीआईओएस प्रवीण कुमार तिवारी ने प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों से ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया।

डीआईओएस ने कहा कि बिना अनुमति के शिक्षकों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कार्यालय से संबंधित कोई मांग भी नहीं है। शिक्षकों का धरना सिर्फ इस लिए है कि प्रदेश नेतृत्व ने कह दिया और यह लोग बिना किसी अनुमति के धरना देने बैठ गए हैं।

वहीं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने बताया कि प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की धारा 21, 18 और 12 की बहाली, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीय करण किए जाने, शिक्षा विभाग के कार्यालयों में सिटीजन चार्टर को लागू कराए जाने, शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान किए जाने और पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने से संबंधित 25 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया है। उन्होंने कहा कि अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा समाप्त किए जाने से शिक्षक चिंतित होकर आंदोलन करने को बाध्य हो रहे है। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। वहीं संगठन द्वारा कहा गया कि धरना-प्रदर्शन करने की अनुमति ली गयी थी और ज्ञापन डीआईओएस द्वारा लिया गया है।

**डीआईओएस बोले**

अमृत विचार : इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों कार्यालय से संबंधित कोई मांग नहीं है। न ही मेरे द्वारा इस धरना-प्रदर्शन की कोई अनुमति शिक्षकों को दी गई है। प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों से कोई ज्ञापन नहीं लिया गया है।

**संगठन ने लगाया धन उगाही का आरोप**

अमृत विचार : संगठन के जिला संरक्षक संदीप पटेल ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं से सम्बंधित फाइलें धूल फांकती रहती है। सम्बंधित पटल सहायकों के द्वारा फाइलों का निस्तारण न करा कर केवल धन उगाही के लिए लटकाने और भटकाने का काम किया जा रहा है। जिससे जनपद के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त हो रहा है। जनपद के शिक्षकों की समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। इन समस्याओं का निस्तारण शीघ्र नहीं किया गया तो जनपद में शिक्षकों का आक्रोश फूट सकता है। जिसका समुचित उत्तरदायित्व जिला विद्यालय निरीक्षक का होगा।

# बेरोजगार युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बने समशेर



घर में वैज्ञानिक विधि से मशरूम की खेती करते ग्राम खरुवांव निवासी किसान समशेर सिंह राजपूत। अमृत विचार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद के विकास खंड जहांगीरगंज के ग्राम खरुवांव निवासी किसान समशेर सिंह राजपूत ने अपने घर के कमरों में वैज्ञानिक विधि से मशरूम की खेती शुरू की है। इस अनोखी पहल से वह अच्छी आमदनी कर रहे हैं। साथ ही वह क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बन गए हैं। बता दें कि समशेर सिंह देवरिया बाजार में खाद-बीज की दुकान चलाते हैं। साथ ही वह खेती भी करते हैं। उन्होंने बताया कि धान, गेहूं की फसल खेतों में उगाई जाती है। वहीं मशरूम की खेती घर के अंदर कमरों में वैज्ञानिक तरीके से की जा सकती है। इसमें लागत भी अधिक नहीं आती है। कमरों में वैज्ञानिक विधि से मशरूम उत्पादन का एक बड़ा फायदा है। इसमें जानवरों से नुकसान का कोई खतरा नहीं होता। साथ ही बिना किसी खाद और कीटनाशक दवा के प्रयोग के शुद्ध उत्पाद मिलता है। यह ताजा उत्पाद स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। समशेर सिंह का मानना है कि बेरोजगार युवा मशरूम की खेती कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। यह खेती लाभदायक सब्जी उत्पादन का माध्यम है। इससे अच्छी कमाई भी की जा सकती है। उनका यह प्रयास स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का उत्कृष्ट उदाहरण बन गया है। यह आत्मनिर्भरता का भी अच्छा उदाहरण है।

## न्यूज ब्रीफ

### आम के पेड़ को लेकर मारपीट, 4 घायल

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम टेकुआ कूम्ही में आम के पेड़ को उखाड़ने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में एक पक्ष से सुवर्णा, शैलेश और राम जतन जबकि, दूसरे पक्ष से खुशबू घायल हो गई। सुवर्णा की तहरीर पर पुलिस ने अशोक, मिठाई, खुशबू व मालती के खिलाफ केस दर्ज किया है, वहीं खुशबू की तहरीर पर राम जतन, शैलेश व राम मिलन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### युवाओं ने नन्दरई मार्ग को किया साफ

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लेकहटा पुल के पास नन्दरई मार्ग पर जमा कीचड़ से परेशान लोगों को राहत दिलाने के लिए समाजसेवी मनोज वर्मा के नेतृत्व में युवाओं ने सफाई अभियान चलाया। मुन्ना पाठक, पिताम्बर, अरुण पाठक, विकास वर्मा समेत कई लोगों ने श्रमदान कर रास्ते को चलने लायक बनाया। लोगों ने इस जनसहभागिता की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों की अपेक्षा जताई।

### व्यापारी को विषाक्त पेय पिलाकर लूटपाट

**संवाददाता, सुलतानपुर अमृत विचार :** अखंडनगर थाना क्षेत्र के बीबीगंज, देवनगर इलाके में बुधवार दोपहर एक कपड़ा व्यवसायी को अज्ञात व्यक्ति ने फ्रूटी में विषैला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और उसके कीमती कपड़े लेकर फरार हो गया। पीड़ित की पहचान अलीगढ़ जनपद के थाना जमा अंतर्गत ढकनंला गांव निवासी राजकुमार सिंह के रूप में हुई है।

# अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल का कारावास

## कोर्ट ने 18 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया, अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम पीड़िता को देने का दिया आदेश



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल पूर्व 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के आरोपी अमरजीत को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने बुधवार को 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर कुल 18 हजार रुपए अर्थदंड भी ठोंका है। अर्थदंड की सम्पूर्ण रकम बतौर क्षतिपूर्ति कोर्ट ने पीडिता को देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी सीएल द्विवेदी के मुताबिक 29 दिसंबर 2022 की घटना में दर्ज हुए केस मे पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी नाबालिग पुत्री का बहला फुसलाकर कर अपहरण कर लिया तथा दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गए छह गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### संग्रह अमीन हत्याकांड में सुनवाई छह को

संग्रह अमीन हत्याकांड में शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार की अदालत में बुधवार को अभियोजन गवाह शुभम वर्मा से जिरह की गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने गवाह से शेष जिरह के लिए 7 अगस्त की तारीख नियत की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव और उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को चुनावी रंजिश में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### एमएलसी शैलेंद्र सिंह के केस मे बहस 20 को

**संवाददाता, सुलतानपुर :** एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में बहस की सुनवाई 20 अगस्त को होगी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय के मुताबिक यह मामला 11 मई 2019 का है, जब चुनाव उड़नदस्ता प्रभारी गजेंद्र कुमार सिंह की शिकायत पर कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप है कि शैलेंद्र सिंह ने उतुरी स्थित एक शिक्षण संस्थान के सामने 50 से अधिक लोगों को भोजन कराया, जो आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। इस मामले में उनके समर्थक जयप्रकाश और अजय सिंह को भी आरोपी बनाया गया है।

### जानलेवा हमले के आरोपी ने किया सरेंडर

चांदा थाना क्षेत्र के बरुआ उत्तरी में आठ साल पूर्व बलवा, मारपीट और धारदार हथियार से होमगार्ड पर जानलेवा हमला करने के आरोपी रविलाल ने सेशन कोर्ट में अधिवक्ता अरविन्द सिंह राजा के जरिए सरेंडर कर दिया। प्रभारी जिला जज संतोष कुमार ने अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी की नियमित जमानत पर सुनवाई 19 अगस्त को होगी। लंभुआ थाना क्षेत्र के खुनशेखपुर निवासी जगदीश प्रसाद सिंह ने 27 अक्टूबर 2018 की घटना में आरोपी भोलानाथ, अनिल रविलाल, रत्नेश, वीरेंद्र और अज्ञात पर लाठी डंडे और धारदार हथियारों से हमला करने का मुकदमा दर्ज कराया था जिसका मुकदमा विचाराधीन है।

### फर्जी बैनामा मामले में आरोपी की जमानत खारिज

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत ने फर्जी रजिस्ट्री के गंभीर प्रकरण में आरोपी कमलेश उर्फ कपिल देव पुत्र राम गरीब निवासी कटघरा पट्टी थाना दोस्तपुर की जमानत अर्जी खारिज कर दी। एडीजीसी वेद प्रकाश के मुताबिक वादिनी सुदामा देवी ने अपने बेटे के व्यापार हेतु भूमि क्रय करने के लिए आठ लाख रुपये में जमीन का बैनामा फर्जी व्यक्ति से करवाया था, जो खुद को असली स्वामी कपिलदेव बनाकर प्रस्तुत कर रहा था। तहकीकात में यह खुलासा हुआ कि उक्त व्यक्ति वास्तव में कमलेश उर्फ कपिल देव था, जिसने फर्जी आधारकार्ड के जरिये धोखाधड़ी की। अभियोजन पक्ष ने बताया कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर वादिनी से धोखाधड़ी की, जिसके गंभीर साक्ष्य केस डायरी में दर्ज हैं। न्यायालय ने आरोपी की प्रथम दृष्टया संलिप्तता मानते हुए यह कहते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी कि उसकी रिहाई से साक्ष्य व गवाह प्रभावित हो सकते हैं।

# बच्चों ने दिखाई देशभक्ति की झलक

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हर घर तिरंगा कार्यक्रम 2025' के प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त के अंतर्गत मंगलवार को जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में देशभक्ति से ओतप्रोत गतिविधियां आयोजित की गईं। स्कूलों की दीवारों व सूचना पटों को तिरंगा प्रेरित कला से सजाया गया, साथ ही संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई प्रदर्शनियों को वेबसाइट से डाउनलोड कर बच्चों को दिखाई गईं।

बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि सभी विद्यालयों में तिरंगा रंगोली, निबंध लेखन, राखी निर्माण व धागा बुनाई जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताएं कराई गईं। कम्पोजिट विद्यालय करसा (जयसिंहपुर) में ऑपरेशन सिंदूर, कंपोजिट विद्यालय कस्बा कूरेभार में मिशन चंद्रयान, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सराय कादीपुर में निबंध प्रतियोगिता और प्राथमिक विद्यालय कमोलिया दूबेपुर में तिरंगा राखी कार्यशाला का आयोजन विशेष रूप से किया गया। इन आयोजनों के माध्यम से बच्चों में राष्ट्र प्रेम और रचनात्मकता का सुंदर समन्वय देखने को मिला।




प्राथमिक विद्यालय वैदहा के बच्चों ने बनाई रंगोली। ● अमृत विचार

● हर घर तिरंगा कार्यक्रम के विद्यालयों में हुईं रंगोली, निबंध और राखी प्रतियोगिताएं

### जयसिंहपुर को मिला नया न्यायिक उपजिलाधिकारी

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** करीब एक माह से रिक्त चल रहे न्यायिक उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर के पद पर बुधवार को शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण कर लिया। तहसील पहुंचने पर उन्होंने कर्मचारियों से परिचय लिया और न्यायिक कार्यों की प्रगति की जानकारी हासिल की। श्री सिंह ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप न्यायिक मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। गौरतलब है कि पूर्व में इस पद पर प्रभात कुमार सिंह कार्यरत थे, जिन्हें प्रशासनिक उप जिलाधिकारी बनाए जाने के बाद यह पद खाली चल रहा था।

# कटका क्लब का सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कटका क्लब सामाजिक संस्था के प्रतिनिधियों ने बुधवार को क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपा। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख रूप से सड़क की खराब स्थिति, सूखे पेड़ों की टहनियों से हो रहे हादसे और नालियों में फैली गंदगी जैसे मुद्दों को उठाया गया।

अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने बताया कि अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर स्टेट बैंक के समीप सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, एडवोकेट वेदांग त्रिपाठी ने कहा कि सेमरी मोड़ पर खड़े सूखे पेड़ों की टहनियां गिरकर लोगों को घायल कर रही हैं, जिन्हें तुरंत हटाया जाना आवश्यक है। संस्था के सदस्यों ने यह भी बताया कि बारिश में नालियों से गंदा पानी सड़क पर आकर लोगों की राह मुश्किल कर रहा है।

इस अवसर पर नितिन मिश्र, विजय शंकर मिश्र, आशीष पांडेय, प्रवीण तिवारी, आशुतोष शुक्ला, सुधीर यादव सहित संस्था के कई सदस्य मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते कटका क्लब के लोग। ● अमृत विचार

● सड़क, पेड़ और नाली आदि समस्याओं के समाधान की मांग

# फिर से शुरू की गई स्पेशल एजुकेटर की भर्ती प्रक्रिया

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** बीते दिनों विवादों में घिरने के बाद निरस्त की गई स्पेशल एजुकेटर की भर्ती प्रक्रिया एक बार फिर से चालू होने जा रही है। शैक्षिक सत्र 2024-25 में जनपद के 160 परिषदीय विद्यालयों में संचालित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ईसीसीई एजुकेटर एवं 42 उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों में लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम हेतु तकनीकी अनुदेशक के लिए सेवाएं प्रदान करने वाली आउटसोर्सिंग एजेंसी के अनुबंध को शिकायत प्राप्त होने के उपरांत समाप्त कर दिया गया था।

● 290 पदों पर ईसीसीई एजूकेटर व 42 तकनीकी अनुदेशक के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ

बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 में शासन द्वारा 130 अतिरिक्त ईसीसीई एजूकेटर पद स्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार अब कुल 290 विद्यालयों में 290 ईसीसीई एजूकेटर तथा पूर्ववत 42 विद्यालयों में तकनीकी अनुदेशक की संविदा पर तैनाती के लिए सेवा प्रदाता एजेंसी के चयन की प्रक्रिया गतिमान है। जल्द ही इसका विज्ञापन प्रकाशित कराते हुए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### गोमती में जहरीले पानी से मछलियों की मौत

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचारः** जिले से होकर बहने वाली गोमती नदी इन दिनों संकट में है। कोतवाली देहात क्षेत्र में अचानक नदी का पानी जहरीला हो जाने से बड़ी संख्या में मछलियां मरने लगी हैं। स्थिति यह है कि करोमी ग्राम सभा से लेकर कुछमुछ तक लोग लाठी, डंडे और जाल लेकर मरी या तड़पती मछलियों का शिकार कर रहे हैं और उन्हें गांवों में बेच भी रहे हैं। जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य) रमाकांत पांडेय ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला जल में ऑक्सीजन की कमी का लग रहा है। फिलहाल रायबरेली से जल परीक्षण के लिए विशेषज्ञों की टीम भी बुला ली गई है, ताकि विषाक्तता के कारणों की वैज्ञानिक जांच हो सके।

# बीएलओ ड्यूटी का विरोध, शिक्षक संघ ने दो तहसीलों में सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** पंचायत चुनावों के तहत जिले में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए प्राथमिक शिक्षकों की बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के रूप में तैनाती का विरोध अब तेज हो गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इसे शिक्षकों के मूल कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप बताते हुए शिक्षकों को इस ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की है।

गुरुवार को सदर तहसील में शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उप जिलाधिकारी विपिन कुमार द्विवेदी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और बीएलओ ड्यूटी से शिक्षकों को तत्काल मुक्त करने की मांग की। संघ का कहना है कि शिक्षा विभाग के शिक्षक पहले ही विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और प्रशासनिक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। ऐसे में बार-बार गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाने से न केवल शिक्षकों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता है बल्कि बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है।



उपजिलाधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

● गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों की पढ़ाई प्रभावित होने का हवाला, आंदोलन की दी चेतावनी

### बल्दीराय तहसील में भी शिक्षकों ने जताया विरोध

**विंदेश्वरीगंज :** बल्दीराय तहसील में भी मंगलवार को शिक्षक संघ द्वारा उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि मतदाता सूची, पर्यवेक्षण, संकलन आदि कार्य शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर डालते हैं। संघ ने स्पष्ट कहा कि बीएलओ जैसे दायित्व शिक्षकों के मुख्य कार्यक्षेत्र में नहीं आते, इसलिए उन्हें इससे तत्काल प्रभाव से मुक्त किया जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में कुड़वार, दूबेपुर, कूरेभार और बल्दीराय के सैकड़ों शिक्षक शामिल रहे।

#### ज्ञापन सौंपने वालों में शामिल रहे प्रमुख शिक्षक प्रतिनिधि

सदर तहसील में निजाम खान, राम बहादुर मिश्रा, अब्दुल मजीद, डॉ. रीतेश सिंह, हेमंत यादव, धीरेंद्र राव, सुहेल सिद्दीकी, बृजेश मिश्रा, विनय पांडेय, रमन तिवारी, अशरफ मुईद, शिव नारायण वर्मा, प्रमोद पांडेय, राकेश शुक्ला सहित अनेक शिक्षक। बल्दीराय तहसील में विपिन कुमार सिंह, राज बक्श मौर्य, राहुल पांडेय, आशीष शुक्ला, रजनीश कुमार, अनुज तिवारी, संदीप सिंह, बरुण प्रताप सिंह, अवधराज, राजेश कुमार आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# नवोदय परीक्षा को हुई अभिभावक बैठक

कूरेभार, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शिक्षा क्षेत्र कूरेभार के मॉडल प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को लेकर एक विशेष अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नवोदय के लिए चयनित 11 छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के साथ विद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक का उद्देश्य बच्चों की सफलता हेतु शिक्षक-अभिभावक सहभागिता को मजबूत करना था।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजना त्रिपाठी ने जानकारी दी कि बीते वर्ष छात्र हर्षित का नवोदय में चयन हुआ था, जो टीम प्रयास का परिणाम था। इस वर्ष भी 11 छात्रों ने आवेदन किया है, जिन्हें निःशुल्क अध्ययन सामग्री दी गई है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को पढ़ाई के लिए घर पर प्रेरित करें और नियमित विद्यालय भेजें। बैठक में शिक्षिकाएं नीलम यादव, पूजा, पपइया समेत सभी शिक्षक मौजूद रहे। सभी अभिभावकों ने भी यह आश्वासन दिया कि वे बच्चों के भविष्य के लिए विद्यालय के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।



अभिभावक गोष्ठी में शामिल शिक्षक व बच्चे। ● अमृत विचार

● नवोदय के लिए चयनित 11 छात्र-छात्राएं व अभिभावक रहे मौजूद

# अखंडनगर में 18 घंटे खड़ी रही रोडवेज बस, यात्री हुए परेशान

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लखनऊ से बेलवाई जा रही सुलतानपुर डीपो की रोडवेज बस मंगलवार रात अचानक रास्ते में खराब हो गई, जिससे दर्जनों यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, बस मंगलवार रात लगभग आठ बजे अखंडनगर चौराहे के पास पंक्चर हो गई और बुधवार दोपहर दो बजे तक वहीं खड़ी रही।

बस चालक उत्तम सिंह ने बताया कि पंक्चर की सूचना तत्काल डीपो को दी गई थी, लेकिन रातभर कोई मिस्त्री नहीं आ सका, जिससे बस वहीं फंसी रही। परिचालक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों को शेष यात्रा की धनराशि लौटा दी गई थी, लेकिन आगे की यात्रा के लिए यात्रियों को खुद इंतजाम करना पड़ा। बस के समय पर न पहुंचने और वैकल्पिक इंतजाम न होने से यात्रियों को निजी साधनों का सहारा लेना पड़ा। सुबह राकेश कुमार राजन, सुभाष चन्द्र समेत दर्जनों यात्री घंटों तक साधन की तलाश में भटकते रहे। यात्रियों ने परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए मांग की कि खराब बसों की जगह वैकल्पिक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए।

● बस पंचर होने के बाद रातभर सड़क किनारे फंसे रहे यात्री

# बीएसए ने जारी किया चयन वेतनमान आदेश

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जनपद के परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सैकड़ों शिक्षकों के लिए बुधवार का दिन खुशखबरी लेकर आया, जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) उपेंद्र गुप्त ने लंबे समय से लंबित चयन वेतनमान आदेश जारी कर दिया।

इस बहुप्रतीक्षित आदेश को लेकर शिक्षकों में उत्साह और संतोष की लहर दौड़ गई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय और जिला मंत्री राम आशीष मौर्य के नेतृत्व में लगातार विभागीय स्तर पर की जा रही पैरवी रंग लाई। फरवरी से यह आदेश ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रक्रिया के फेर में अटका हुआ था। संगठन की सक्रियता और बीएसए की सकारात्मक पहल से फिलहाल दूबेपुर, भदैंया, पीपी कमैचा, कादीपुर, अखंडनगर, कुड़वार और धनपतगंज विकास खंडों का वेतनमान आदेश जारी कर दिया गया है, जबकि शेष ब्लॉकों की फाइलें तेजी से निस्तारित की जा रही हैं। बताया गया कि चयन वेतनमान स्वीकृति से शिक्षकों को एक वार्षिक वेतनवृद्धि के साथ-साथ मकान किराया भत्ते में भी बढ़ोतरी का लाभ मिलता है। इस फैसले के लिए शिक्षक संघ ने बीएसए का आभार जताते हुए इसे एक सराहनीय कदम बताया है।

● लंबे समय से लंबित आदेश को लेकर शिक्षकों ने जताया आभार, संगठन की भूमिका सराहनीय

● चयन वेतनमान स्वीकृति से शिक्षकों को वेतनवृद्धि व मकान किराया भत्ते में मिलता है लाभ

आक्रोश

चंदन शर्मा के घर पहुंचे सदर विधायक, परिजनों को दिलाया न्याय का भरोसा

# आरोपी अभी फरार, प्रशासन पर कार्रवाई का बढ़ा दबाव

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** कूरेभार थाना क्षेत्र में एक अगस्त की रात कार से कुचलकर की गई चंदन शर्मा की हत्या के बाद अब तक आरोपी फरार हैं, जिससे परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को दिल्ली से लौटने के बाद सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय उर्फ राजबाबू मृतक के गांव बझना पहुंचे और परिजनों को सांत्वना देते हुए 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। विधायक ने जिला अधिकारी कुमार हर्ष और पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर परिजनों को निष्पक्ष जांच और विधिक कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

विधायक के आश्वासन के बाद ही परिजनों ने दूसरे दिन चंदन का अंतिम संस्कार किया था। एसडीएम प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के घरों पर राजस्व व पुलिस टीम की छापेमारी की गई है। यदि कोई अवैध निर्माण मिला तो उस पर बुलडोजर चलाया जाएगा।



चंदन के परिवार से मिले सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय।

### परशुराम युवा वाहिनी ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

**संवाददाता, सुलतानपुर :** परशुराम युवा वाहिनी मिशन 'परशुराम चौक रजि.' के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। संगठन ने हत्या में शामिल तीनों आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। नगर अध्यक्ष अरविंद राय ने बताया कि विवाद जेसीबी चालक से हुआ था, जिसके बाद तीनों आरोपियों ने चंदन को कार से कुचल डाला। कटका क्लब अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने दावा किया कि आरोपी पीड़ित परिवार को लगातार धमका रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी कूरेभार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। नगर कोषाध्यक्ष संजय शुक्ला ने चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो संगठन सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगा। इस प्रदर्शन में सनी मिश्र, वेदांग एडवोकेट, संतोष मिश्रा, जयप्रकाश पांडेय, सौरभ शर्मा, अभिषेक शर्मा, अंकुर सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



एसपी ऑफिस के सामने धरने पर बैठे लोग।

### कुएं में गिरा बालक बचाया गया

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** दूबेपुर ब्लॉक अंतर्गत पलहीपुर भटपुरवा गांव में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब पत्रकार पवन शर्मा के 11 वर्षीय पुत्र अर्क शर्मा गांव के पुराने सूखे कुएं में साइकिल सहित गिर गया। यह कुआं लगभग 36 फीट गहरा है और वर्षों से खुला पड़ा है। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों की सतर्कता से तुरंत रेस्क्यू कर बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे के बाद बच्चे को इमरजेंसी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां से प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया और बच्चा अब खतरे से बाहर है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि सिमरन केसरवानी एवं आशिका केसरवानी दोनो नाम एक ही महिला अर्थात मेरे ही है। भविष्य मे मुझे आशिका केसरवानी के नाम से जाना व पहचाना जाये। **D/o अनूप केसरवानी नि0–499/282, फैजाबाद रोड, डालीगंज, निरालानगर, लखनऊ।**

**सूचना**

मैने अपना नाम SAQUIB ALI SAYAD से बदलकर SAYAD SAQUIB ALI रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-SYED ZAHID ALI ADD - 485/103 LAKD MANDI DALIGANJ, DIST-LUCKNOW-236020 (U.P)**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा मूल विक्रय पत्र जो उपनिबंधक कार्यालय सदर सुलतानपुर के रिकार्ड में बही नं0– 1, जिल्द– 1464, पेज– 136 से 137 क्रमांक– 4300 दिनांक– 7.10. 1988 जो भूखण्ड सं0– 83 मी0 स्थित ग्राम खैराबाद तहसील सदर जिला सुलतानपुर, जिसे मैंने व मेरे भाई अतुल कुमार जायसवाल पुत्र स्व0 राम लखन जायसवाल ने श्रीमती सीता अग्रवाल पत्नी श्री जोगीराम से खरीदा था, वास्तव में कहीं खो गया है। **अजय जायसवाल पुत्र स्व0 राम लखन जायसवाल सुलतानपुर।**

**सूचना**

मेरा नाम नीलम पासी उर्फ़ सोनी पुत्री राज कुमार पासी निवासी मकान नंबर 154 एल निकट पोस्ट ऑफिस मॉडल टाउन लुधियाना पिन– 141002 में रह रही हूं। मूल रूप से ग्राम व पोस्ट बड़ा गाँव जिला हरदोई की निवासी हूं। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है।

# खतरे के निशान से 42 सेमी ऊपर पहुंची घाघरा

**डेढ़ सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा जलस्तर, बाढ़ खंड प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ाई चौकसी**

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश और बैराजों से हो रहे भारी डिस्चार्ज के चलते घाघरा नदी उफान पर है। बुधवार को दोपहर 12 बजे नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 42 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया। एल्गिन ब्रिज पर जलस्तर खतरे के निशान को पार कर 106.490 मीटर तक पहुंच गया। नदी के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। इसको देते हुए बाढ़ खंड प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में चौकसी बढ़ा दी है। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने बेलसर क्षेत्र के ऐली परसौली स्थित बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया और मौजूद अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। सीडीओ ने राहत केंद्र पर रखी गयी सामग्री का स्टॉक भी चेक किया।

सोमवार से नदी का जलस्तर डेढ़ सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। बैराजों से छोड़े गए पानी में गिरिजा बैराज से 1 लाख 72 हजार 973 क्यूसेक, शारदा बैराज से 1 लाख 72 हजार 114 क्यूसेक और सरयू बैराज से 31 हजार 779 क्यूसेक पानी शामिल है। कुल डिस्चार्ज 3 लाख 76 हजार 866 क्यूसेक दर्ज किया गया है। जबकि सुबह आठ बजे डिस्चार्ज 3 लाख 65 हजार 995 क्यूसेक था।



ड्रोन से ली गई एल्गिन चरसड़ी बांध और घाघरा की तस्वीर। अमृत विचार



ऐली परसौली स्थित बाढ़ चौकी से घाघरा के जलस्तर को देखतीं सीडीओ अंकिता जैन।

### बाढ़ चौकियों को किया गया अलर्ट

नदी के उफान से तटवर्ती इलाकों में बसे लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। नकहरा सहित गोंडा-बाराबंकी सीमा के कई गांवों में पानी तेजी से फैलने लगा है। करनैलगंज एसडीएम यशवंत कुमार ने बताया कि हालात को देखते हुए सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट पर रखा गया है। राहत और बचाव कार्य के लिए राजस्वकर्मियों सहित अन्य विभागीय अमले को सक्रिय कर दिया गया है। बांधों की निगरानी और कटान रोकने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। बाढ़ खंड के अभियंता मौके पर मौजूद रहकर बांध पर कैंप किए हुए हैं। ग्रामीणों से भी सतर्क रहने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है।

## 8 गांवों में घुसा बाढ़ का पानी



ऐली परसौली गांव में कटान करती घाघरा। अमृत विचार

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार:** घाघरा का जलस्तर बढ़ने से तरबगंज तहसील के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। बेलसर ब्लॉक के चार गांवों में बाढ़ का पानी धीरे-धीरे रिहायशी इलाकों की तरफ बढ़ रहा है। सभी बाढ़ चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। जलस्तर बढ़ने के साथ ही कटान भी तेज हो गई है। बुधवार को ऐली परसौली के रहने वाले पवन कुमार का घर कटान की जद में आकर नदी में समा गया। गांव के रामकुमार का घर भी कटान की जद में है।

ऐली परसौली में घाघरा का तांडव जारी हो चुका है। दक्षिणी माझा, तेलमहनपुरवा, बिहारीपुरवा, बाबूरामपुरवा, जोखनपुरवा, जबर नगर, गढ़ी व परास पट्टी मझवार गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। इन गांवों की करीब 5 हजार आबादी बाढ़ से प्रभावित हुई है। बाढ को देखते हुए आवागमन के लिए ऐली परसौली में 10, गढी में 6, जबरनगर में 3 व परास पट्टी मझवार में चाक नावें लगाई गई हैं। एसडीम तरबगंज विश्वमित्र सिंह ने बताया कि बाढ़ चौकियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। बाढ़कर्मी घर-घर जाकर लंच पैकेट का वितरण कर रहे हैं। बेघर होने वाले लोगों के लिए बाढ़ राहत शिविर बनाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अतिथि प्रवक्ता पद के लिए मांगा आवेदन

**गोंडा :** गरीब बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के लिए समाज कल्याण विभाग की तरफ से संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय नि :शुल्क कोचिंग योजना के तहत बच्चों को पढ़ाने के लिए अतिथि प्रवक्ता पद के लिए आवेदन मांगा गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय नि :शुल्क कोचिग में अनुभवी एवं योग्य अतिथि व्याख्याताओं की आवश्यकता है। इसके लिए सरकारी एवं गैर-सरकारी विषय विशेषज्ञों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पत्र सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं शिक्षण अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों के साथ कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी अथवा अभ्युदय कार्यालय श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज में किसी भी कार्य दिवस में पंजीकृत डाक के माध्यम से या स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 13 अगस्त 2025 होगी।

### लेनदेन के विवाद में युवक से मारपीट

**परसपुर :** ग्राम चरहुंआ निवासी शिव शंकर गुप्ता जो वर्तमान में राजा टोला परसपुर में रह रहे हैं, उन्होंने बताया कि राजा टोला निवासी ननकू पासवान पुत्र हल्लू, शिव बाबू पासवान पुत्र छबीले, गुंजा पुत्री ब्रह्मादीन और धनीराम कश्यप पुत्र ननकऊ कश्यप ने लेनदेन के विवाद में पहले उन्हें गाली-गलौज दी, फिर चारों ने मिलकर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे गंभीर चोटें आयीं। थाना प्रभारी अनुज त्रिपाठी ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### बहनों ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी

**इटियाथोक :** एकल विद्यालय संघ इटियाथोक की तरफ से बुधवार को रक्षा सूत्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत एकल अभियान की आचार्या बहनों ने इटियाथोक थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल राय व तैनात सभी पुलिसकर्मियों को रक्षा-सूत्र बांधकर उनका सम्मान किया और रक्षा का वचन लिया। इस अवसर पर संघ प्रमुख इटियाथोक सूरज सिंह, अध्यक्ष राजेश ओझा, सचिन, अजय राठौर, उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, अंचल व्यास श्रवण कुमा समेत समस्त आचार्य एवं आचार्या बहनें उपस्थित रहीं।

### गोष्ठी में साहित्यप्रेमियों ने दी श्रद्धांजलि

**करनैलगंज :** साहित्यिक संस्था बज़्मे शामे ग़ज़ल की ओर से अल्लामा इकबाल लाइब्रेरी बालूगंज में शोकसभा का आयोजन किया गया। गोष्ठी में इटियाथोक के पास हुए सड़क हादसे में मृत लोगों सहित अन्य दिवंगतजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा की अध्यक्षता मुजीब सिद्दीक़ी ने की व संचालन याकूब सिद्दीक़ी अज़्म ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजा आनंद सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक दयाराम निगम, ज़ाकिर हुसैन खां एवं शायर ज़मील आज़मी की पुत्री के निधन पर भी गहरा शोक व्यक्त किया गया।

### धोखाधड़ी का आरोप

**गोंडा :** जिले के सामाजिक कार्यकर्ता सर्वेश कुमार मिश्रा ने अपने गांव के ही दो लोगों पर पैसे के लेन देन को लेकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। नगर कोतवाली की सद्भावना चौकी पर दिए गए शिकायती पत्र नें सर्वेश ने आरोप लगाया है कि जमीन कारोबार के लिए उन्होने अपने गांव के रहने वाले एक पीआरडी गार्ड व शिक्षामित्र के साथ मिलकर चार लाख रुपये लगाया था। जब मुनाफा हुआ तो उपरोक्त लोगों ने उसे आपस में बांट लिया। अब वह हिसाब देने में हीलाहवाली कर रहे हैं। शिकायती पत्र में उन्होंने न्याय की फरियाद की है।

### लेखपाल को जान से मारने की धमकी

**कटरा बाजार :** उर्दी गोण्डा गांव में लेखपाल को जान से मारने की धमकी मिली है। लेखपाल त्रियंबक नाथ तिवारी ने कटरा बाजार थाने में तहरीर दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि उपजिलाधिकारी करनैलगंज के आदेश के अनुपालन में ग्राम पंचायत उर्दी गोण्डा में बंजर भूमि के शिकायत के निस्तारण के लिए गया था। विपक्षी महीप नरायन पुत्र सोहन ने निवासी उर्दी गोण्डा शुक्ल टेपरा ने हाथ से सरकारी अभिलेख को छीनकर फेंक दिया व सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दी है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### सर्पदंश से मौत

**रुपईडीह :** खरगुपुर के राजाजोत गांव मे मंगलवार की देर शाम एक किशोरी की सांप के डसने से मौत हो गई। मृतका के भाई ओमप्रकाश ने बताया कि उनकी छोटी बहन गुड्डन (17) शाम को घर पर कार्य कर रही थी। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने काट लिया। घरवाले उपचार के लिए उसे पयागपुर ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत

**करनैलगंज, अमृत विचार:** करनैलगंज-कटरा मार्ग पर मंगलवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। यह हादसा उमरिया नहर के पास उस समय हुआ जब दोनों युवक सावन झूला देखकर लौट रहे थे। बताया जा रहा कि किसी अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से यह घटना हुई जबकि पुलिस का कहना है कि अनियंत्रित बाइक के पेंड़ से टकराने के चलते यह हादसा हुआ है। हादसे में मृतकों की पहचान कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम दिनारी के उसरैरिया निवासी 25 वर्षीय अनिल कुमार व 20 वर्षीय मोहित के रूप में हुई है।

दोनों बाइक से पहाड़ापुर सावन झूला कार्यक्रम देखने गए थे। वहां से देर रात वापस लौट रहे थे। वह उमरिया नहर के पास पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुटी हुई है।



हादसे के बाद खड्डे में गिरी बाइक। अमृत विचार



अनिल।



मोहित।

### चार माह पहले हुई थी एक युवक की शादी

गांव के प्रधान जहीर खान ने बताया कि अनिल कुमार की शादी महज चार माह पहले मई में हुई थी। मंगलवार रात यह हादसा हो गया। मोहित भी काफी कम उम्र का था और दोनों ही अपने परिवार के कमाऊ सदस्य थे। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि हादसे का कारण तेज रफ्तार प्रतीत हो रहा है।

## बरसात के पानी की निकासी को लेकर खूनी संघर्ष, वीडियो वायरल

**करनैलगंज :** करनैलगंज के ग्राम ढेमा में बारिश के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित परिवार के अनुसार सोमवार को घर के सामने पानी भरने को लेकर विवाद हुआ। इंसान अली की तहरीर के अनुसार, पड़ोसी समसुद्दीन, निजामुद्दीन, ननकऊ व बाले अहमद सड़क का पानी जबरन उनके घर की ओर बहाने लगे और चैम्बर को हटा दिया। विरोध करने पर गालियां देते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में इंसान अली के साथ-साथ उनकी पत्नी फातिमा और बेटा इरफान भी घायल हुए। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए, तब जाकर हमलावर भागे। कोतवाल तेज प्रताप सिंह का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है।

## फाइलेरिया की दवा का सभी करें सेवन

**गोंडा, अमृत विचार :** 10 अगस्त से फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान जिले के 12 चिन्हित ब्लॉकों में चलाया जाएगा, जिसमें 28.81 लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जाएगी। बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा ने कहा कि फाइलेरिया से मुक्ति केवल चिकित्सा का नहीं, बल्कि जनभागीदारी का विषय है। जब संदेश जन-जन तक पहुंचता है तो जागरूकता का असर कई गुना बढ़ जाता है। वीबीडी नोडल अधिकारी डॉ. सीके वर्मा ने बताया कि जनपद में वर्तमान में फाइलेरिया, हाथीपांव के 2015 और हैड्रोसिल के 154 मरीज पंजीकृत हैं। अभियान के दौरान 2305 दवा वितरण टीमें घर-घर जाकर 2 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को दवा खिलाएंगी। यह दवा केवल टीम की निगरानी में ही दी जाएगी, न कि बाद में सेवन के लिए। गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोगियों और 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को यह दवा नहीं दी जाएगी। अभियान की निगरानी के लिए 385 पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। डॉ. प्रतिभा, विभागाध्यक्ष, कम्युनिटी मेडिसिन, मेडिकल कॉलेज ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर से फैलने वाली एक उपेक्षित बीमारी है, जो वर्षों बाद हाथ, पैर या स्तनों में सूजन व हैड्रोसिल जैसे लक्षणों में सामने आती है। अभियान में जब 65 प्रतिशत से अधिक लोग दवा का सेवन करते हैं तभी संक्रमण की श्रृंखला टूटती है। कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी एस.जे.ए. जैदी, मलेरिया इंस्पेक्टर, पाथ संस्था से शकील समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।



एमडीए अभियान को लेकर कार्यशाला को संबोधित करतीं सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा।

- 10 अगस्त से जनपद के 12 ब्लॉकों में चलेगा एमडीए अभियान

## यूरिया की किल्लत बरकरार



माधवगंज समिति पर लगी किसानों की कतारें। अमृत विचार

**धानेपुर, अमृत विचार :** धानेपुर इलाके में यूरिया खाद की किल्लत बरकरार है। क्षेत्र में 7 साधन सहकारी समिति होने के बावजूद प्रशासन किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मुहैया कराने में विफल साबित हो रहा है।

धानेपुर इलाके में माधवगंज, रैगांव, त्रिलोकपुर, धानेपुर, आनंद नगर, ईश्वरनंद कुटी व रेतवागाड़ा में साधन सहकारी समिति का गोदाम है। प्रशासनिक अफसरों का दावा है कि खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है लेकिन इस यह समितियों पर लगी किसानों की लंबी कतारें इस भ्रम को तोड़ रही हैं। बुधवार को साधन सहकारी समिति धानेपुर व माधवगंज पर हजारों की संख्या में किसान खाद लेने पहुंच गए। सुबह 10 बजे तक यह भीड़ हजारों की संख्या से ऊपर हो गयी। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। माधवगंज पर दोपहर बाद खाद वितरण शुरू हुआ तो शाम तक यह सिलसिला चलता रहा। इसके बावजूद सैकड़ों किसानों को खाद नहीं मिल सकी। धूप और उमस में दिन भर लाइन लगाने के बाद शाम को उन्हे मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। सचिव दिवाकर तिवारी ने बताया 600 बोरी खाद मिली थी। किसानों की संख्या अधिक होने के कारण सभी को एक एक बोरी खाद दी गयी है। बुधवार को साधन सहकारी समिति धानेपुर, ईश्वरनंद कुटी व माधवगंज समितियों पर यूरिया खाद वितरण की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में किसान जुट गए जिससे अफरा तफरी का माहौल हो गया। पुलिस को बुलाया गया और कुछ किसानों को अंगूठा लगाकर खाद दी गई।

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने परखी बच्चों की प्रतिभा



बच्चों से जानकारी लेते अमेरिकी छात्र व पर्यावरणविद। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज के प्राथमिक विद्यालय धौरहरा में बुधवार को अमेरिका और भारत के विभिन्न हिस्सों से आए पर्यावरणविदों, अधिकारियों और छात्रों की टीम ने दौरा किया।

विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं रिया और रंजना ने दल का स्वागत किया। इस दौरान इको क्लब और टर्टल क्लब के बच्चों ने पर्यावरण पर आधारित कविताओं और प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अमेरिकी छात्रों ने भी विद्यालय की गतिविधियों में भागीदारी दिखाई। सूमेस और राजोश्री ने विद्यालय के कक्षा दो और तीन के बच्चों के साथ पेंटिंग बनाई और गणित के सवाल हल किए। सात सदस्यीय दल में डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की पूर्व सेक्रेटरी जनरल एवं सीईओ मीता व्यास, नैनो विरिसाइड संस्था के सीएफओ अनिल आर दिवान, टीएसए फाउंडेशन इंडिया के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्रीपर्णा दत्ता, एजुकेशन ऑफिसर हर्षित सिंह समेत अमेरिका के दो छात्र सूमेस कक्षा 3, नॉर्थ स्ट्रीट स्कूल और राजोश्री कक्षा 7 सेंट्रल स्कूल के ग्रीनविच शामिल रहे।

अमेरिकी छात्रों और पर्यावरणविदों ने इस दौरान आदर्श शिक्षक रवि प्रताप सिंह द्वारा लिखी गयी पुस्तक "मेक योर ड्राइंग इजी" का विमोचन भी किया।

**दिशा-निर्देश** | कजरीतीज को लेकर जिलाधिकारी एवं एसपी ने की बैठक

## कजरी तीज को लेकर समय से पूरी करें तैयारी : डीएम

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कजरीतीज की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक किया। बैठक में सभी आवश्यक तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कर ली जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि कजरीतीज, कांवड़ व जलाभिषेक में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जल व्यवस्था, साफ-सफाई, मंदिरों के आसपास बैरिकेटिंग, नदी में बैरीकेटिंग जाल लगाने, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं ,स्वास्थ्य कैम्प, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी जरूरी सुविधाओं की समय से तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, ड्रोन निगरानी व महिला सुरक्षा की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ रश्मि वर्मा, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उप जिलाधिकारी सदर अशोक कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी कर्नलगंज यशवंत राव, पुलिस क्षेत्राधिकार करनैलगंज विनय कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोंडा विशाल कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड प्रमोद त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड एक, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दुबे उपस्थित रहे।



कजरी तीज को लेकर बैठक करतीं डीएम प्रियंका निरंजन व एसपी विनीत जायसवाल।

## सिटी डायरी



बाल संसद के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ स्कूल के अध्यापक।

### बाल संसद में पीएम चुने गए किशन रोशनी बनीं डिप्टी पीएम

**धानेपुर :** मुजेहना शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय धानेपुर में बुधवार को लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराकर बाल संसद का गठन कराया गया। चुनाव के बाद कक्षा 8 के छात्र किशन यादव को प्रधानमंत्री व रोशनी तिवारी को उप प्रधानमंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। कक्षा 6 की सुलोचना सोनकर को अध्यक्ष और अमित कश्यप को उपाध्यक्ष चुना गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरि प्रसाद वर्मा ने बताया कि बच्चों को निर्वाचन प्रक्रिया से रूबरू कराने,उनमें समूह भावना विकसित करने और विद्यालय के सफल संचालन में उनके योगदान को लेकर विभागीय निर्देश पर बुधवार को बाल संसद गठन के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत निर्वाचन कराया गया। इस निर्वाचन को सम्पन्न कराने में विद्यालय की अध्यापक अर्चना सिंह, राकेशमणि कश्यप, बेबी सोनी उपस्थित रहे।



शास्त्री महाविद्यालय के प्राचार्य समेत अन्य को राखी बांधतीं प्रजापति ब्रह्म कुमारी की बहनें।

### क्रोध से बचें, क्रोध पाप का मूल : वीरेश्वर

**गोंडा :** आध्यात्मिक संस्था प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन कोनिका, भूमिका और प्रीति ने शहर के एलबीएस महाविद्यालय पहुंचकर प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार,आइक्यूएसी समन्वयक प्रो जितेन्द्र सिंह, मुख्य नियंता प्रो अमन चंद्रा, अर्थशास्त्र-प्रोफेसर प्रो जितेंद्र बहादुर पाल, हिंदी-प्रोफ़ेसर जय शंकर तिवारी व बीएड सहायक प्रोफ़ेसर चमन कौर को चंदन-तिलक करते हुए रक्षाबंधन बांधकर अध्यात्म-पथ पर चलने की प्रेरणा दी। सामाजिक-आध्यात्मिक कार्य कर रहे वीरेश्वर ने कहा कि हमें क्रोध करने से बचना चाहिए, क्योंकि क्रोध पाप का मूल है। क्रोध से मूढ़ता उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि हमें किसी को जाने-अनजाने दु :ख नहीं देना चाहिए।



सड़क कटने के बाद अवरुद्ध मार्ग।

### नहर के पानी से कट गयी सड़क

**बालपुर :** धनईपट्टी रजबहा माईनर मे अचानक छोड़े गए पानी से हडियागाडा गांव को जाने वाले रास्ते पर पानी भर गया है और लोगों का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। बताया जा रहा है कि हड़ियागाड़ा गांव मे बन रहे पुल अभी अधूरा पड़ा है। गांव के नवीन कुमार सिंह का कहना है कि इस पुल का निर्माण शुरू हुए करीब एक साल हो गया लेकिन अभी तक इसका निर्माण पूरा नहीं हो सका है। प्रभाकर प्रताप सिंह व विजयपाल सिंह कहना है कि स्कूल जाने वाले बच्चे भी अपना रास्ता बदल कर आते जाते है। जेई दिनेश कुमार कहना है कि बरसात कि वजह से मिट्टी पटाई का काम नहीं हो पाया है जिसे जल्द पूरा कर लिया जायेगा।



कथा के दौरान भावविभोर होकर नृत्य करतीं श्रद्धालु।

### शिव पुराण कथा में 12 ज्योतिर्लिंगों का होता है दर्शन

**गोंडा :** नगर में श्री पार्थिव पूजन सेवा समिति द्वारा आयोजित पंचवटी श्री सीताराम आश्रम रिसिया शाखा के तत्वावधान में सवा लाख पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन बुधवार को पार्थिव पूजन रुद्राभिषेक दूध, गन्ने के रस और कुश मिश्रित जल से हुआ। रविशंकर महाराज गुरु भाई ने 12 ज्योतिर्लिंगों का वर्णन कथा के माध्यम से किया। भजन गायिका बंकू सिस्टर्स के सुंदर-सुंदर भजनों पर लोग खूब झूमे।

# खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं घाघरा व सरयू

## एल्गिन ब्रिज पर खतरे के निशान से 43 सेमी. ऊपर पहुंची, महसी और मिहीपुरवा के दर्जन भर गांव बाढ़ से प्रभावित

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** घाघरा और सरयू नदियां एल्गिन ब्रिज पर खतरे के निशान से 43 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। महसी और मिहीपुरवा तहसील के दर्जन भर गांव बाढ़ के दायरे में है। प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों को शरणालय में भेजने के साथ भोजन के पैकेट भी बांटे हैं। फिर भी प्रशासन दावा कर रहा है कि जिले में बाढ़ की स्थिति नहीं है। जिले के प्रभारी मंत्री भी आज बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर अधिकारियों से वार्ता करने के लिए बहराइच पहुंच रहे हैं।

बीते चार दिनों से बारिश हो रही है। पहाड़ी एवं मैदानी इलाकों में हो रही बारिश के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ा है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश से जहां जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई है। वही महसी और मिहीपुरवा तहसील क्षेत्र के दर्जन भर गांव बाढ़ से प्रभावित है। मिहीपुरवा तहसील रामपुर धोबिया हार, बढैया कला, राजापुर क्षेत्र में पानी खेतों में भर चुका है तथा आसपास मवेशियों के चारे की दिक्कत हो रही है। रामपुर धोबिया हार नानपारा सड़क पर पानी बाढ़ का पानी आ जाने से आवागमन में दिक्कतें आ रही है। वहीं सरयू बैराज पर खतरे का निशान 133. 500 है। जबकि नदी 133.850 पर बह रही है। परंतु आज दोपहर से धीरे-धीरे पानी कम होना शुरू हो गया। शाम 5:00 बजे तक 132.850 पर बह रही थी जो पानी सरयू बैराज से होते हुए गायघाट क्षेत्र में पहुंचकर बढ़ाना शुरू कर दिया है। जिससे फसलों एवं मवेशियों के चारे की दिक्कत हो रही है। वहीं नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से कई गांव बाढ़ की चपेट में आ सकते हैं। हालांकि प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं।

**बाढ़ के पानी ने 10 परिवारों को किया बेघर, खैरीघाट, बहराइच:** जिले के झुण्डी चौकसाहार में रास्ता काटने की वजह से आवागमन बाधित वैकल्पिक व्यवस्था के लिए लगाई गई नाव,विकास खंड शिवपुर में बाढ़ से नदियों का जलस्तर अब खतरे के निशान पर पहुंच चुका। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ग्राम पंचायत चौकसाहार के मजरा झुण्डी में मंगलवार नदी के किनारे बसे 10 परिवारों के आवासीय फूस के मकान पानी बढ़ने से कट गए। जिसमें नंदराम, ओंकार, रुद्रसेन, शिवराम, सीता देवीभीखू, त्रिभवन, सर्वेश, सुग्रीव, प्रदीप आदि हैं।

**बाढ़ प्रभावित गांवों में ट्रैक्टर से पहुंचे एसडीएम, बहराइच:** तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांवों के पीड़ितों का हाल जानने व उन्हें राहत सामग्री वितरण करने तथा उनकी सुरक्षा व्यवस्था का जायज लेने एसडीएम प्रकाश सिंह ट्रैक्टर से प्रभावित गांव पहुंचे। बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार की मौजूदगी में पीड़ितों को डोर टू डोर लंच पैकेट वितरित किया गया। पशुओं के खाने के लिए उनके मालिकों को भूंसा दिया गया। इसके साथ ही पीड़ित गांव में नाव व अलग-अलग ग्राम पंचायतों में पांच स्टीमर की व्यवस्था की गई है।


बाढ़ से प्रभावित झुंडी गांव में अपना आशियाना खुद तोड़ते ग्रामीण। अमृत विचार

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का आज दौरा करेंगे प्रभारी मंत्री

**बहराइच :** प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही का 7 अगस्त को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री श्री शाही 7 अगस्त को प्रात : 08 :00 बजे घाघराघाट पहुंच कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण करेंगे तदोपरान्त प्रात : 09 :00 बजे महसी पहुंचकर बाढ़ क्षेत्र का भ्रमण करेंगे तथा पूर्वान्ह 10 :00 बजे ग्राम जानकीनगर पहुंचकर जानकीनगर, टिकुरी व अन्य बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का भ्रमण कर राहत सामग्री का वितरण करेंगे। श्री शाही अपरान्ह 11 :30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बाढ़ राहत व बचाव कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक करेंगे।

### सरयू का पानी गांवों तक पहुंचा, जनजीवन प्रभावित


रास्तों पर भरे बाढ़ के पानी से निकलते ग्रामीण। अमृत विचार

**बहराइच :** नानपारा बहराइच के विकासखंड बलहा के ग्राम पतरहिया, बागपुरवा सहित कई गांवों में सरयू नदी का पानी घुस जाने से बाढ़ का संकट गहराने लगा है। वहीं बंजारिया तक पानी पहुंच गया। दशकों पहले नदी इन गांवों से काफी दूरी पर बहती थी, लेकिन निरंतर कटान से अब नदी गांवों के बिल्कुल निकट आ गई है। इस वर्ष भी सरकार की ओर से कटान रोकने के लिए बांध लगाया गया है, बावजूद इसके पानी खेतों, घरों और रास्तों में भर गया है अब देखना है कि कटान रुकता है या नहीं। ग्रामीण राजेश का कहना है कि अब तक प्रशासन की ओर से कोई राहत या बचाव व्यवस्था नहीं पहुंची है। कहा–पानी का स्तर और बढ़ा तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 3 थानाध्यक्षों समेत पांच के कार्यक्षेत्र बदले

**बहराइच :** पुलिस अधीक्षक नयन सिंह ने तीन थानाध्यक्षों के साथ पांच पुलिस अधिकारियों की कार्यक्षेत्र में बदलाव कर दिया है। जिले में तैनात दो थानाध्यक्षों को पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है। आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए थानाध्यक्षों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। प्रभारी निरीक्षक सुजौली पंकज कुमार सिंह तथा थाना अध्यक्ष खैरी घाट सूरज कुमार को पुलिस लाइन भेजा गया है। जबकि प्रकाश चंद्र वरिष्ठ उपनिरीक्षक जनरल रोड को सुजौली थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। थानाध्यक्ष हरदी संजय कुमार को वाचक पुलिस कार्यालय, आलोक सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक नानपारा को थानाध्यक्ष हरदी, राशिद अली को स्वॉट टीम से थानाध्यक्ष खैरी घाट स्थानांतरित किया गया हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**खैरीघाट (बहराइच) :** थाना खैरी घाट अंतर्गत ग्राम पंचायत छीटनपुरवा के मजरा धनावा राजा निवासी पुष्प देवी पत्नी राज कुमार उम्र लगभगभग 20 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई । पुष्प की शादी 3 वर्ष पूर्व हुई थी उसके कोई भी बच्चे अभी तक नहीं थे। उसके पति राज कुमार ने बताया कि बीती रात में उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी सुबह करीब 4 बजे अपनी पत्नी को बगल के कमरे में लटकते हुए देखा जिस पर सुबह पुलिस को सूचना दी । उपनिरीक्षक राम दयाल गिरी ने बताया कि मृतका के भाई अखिलेश लोधी पुत्र राजा राम निवासी नौसर गुमटिहा थाना मोतीपुर की सूचना पर मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा जाएगा।

### डीएम से मिले ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश

**बहराइच :** रुपईडीहा, बहराइच भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र ब्लॉक नवाबगंज बाबागंज ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह और प्रमुख प्रतिनिधि एवं समाजसेवी ट्रस्ट डायरेक्टर शिवपूजन सिंह बहराइच के नवागत जिलाधिकारी बहराइच से स्नेहिल भेंट वार्ता कर सीमा क्षेत्र जनपद बहराइच में बढ़ रहे नशे के उपभोग पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अनुरोध किया।

### चेकिंग में 6 छोटे वाहन व एक बस सीज

**रुपईडीहा :** बुधवार की सुबह ही डग्गामार वाहनों के विरुद्ध एआरटीओ, एआरएम व रुपईडीहा एसएचओ ने संयुक्त अभियान चलाकर 6 छोटे वाहन व 1 बस सीज कर दी। एआरटीओ प्रवर्तन ओपी सिंह ने बताया कि हमारे रुपईडीहा डिपो की बसें खाली जा रही हैं। रुपईडीहा के चारों ओर फैले अवैध वाहन संचालक नेपाली सवारियों को एजेंटों द्वारा बुलवाकर सवारियां भेज रहे हैं। बताया कि रोडवेज डिपो की एक किलोमीटर की परिधि में कोई भी सवारी वाहन सवारियां नहीं बैठा सकता है।

# तीसरे दिन भी चनैनी गांव के लोगों में बाघ की दहशत

संवाददाता, नवाबगंज, बहराइच

- रोशनी कर गांव में जागकर हांका लगा रहे ग्रामीण

**अमृत विचार:** नवाबगंज क्षेत्र के चनैनी गांव में तीसरे दिन मंगलवार की रात भी गांव के बाहर बाघ के चहलकदमी की आशंका के भय से ग्रामीण दहशत में रात भर जागते रहे। साथ ही ग्रामीण आग जलाकर व बाइकों की लाइट जलाकर हांका लगाते रहे।

बीते सोमवार को चनैनी गांव के ग्रामीणों ने धान के खेत में चहलकदमी करते हुए एक बाघ को देखा था ग्रामीणों के हांका लगाने व शोर मचाने के बाद बाघ निकट के अब्दुल्लागंज जंगल में चला गया था लेकिन आस पास के गावों में बाघ की दहशत बनी हुई है। मंगलवार की रात को चनैनी गांव के लोगों को गांव के बाहर बाघ होने की आशंका हुई। गांव के सैकड़ों ग्रामीण लाठी डंडा लेकर आग जलाकर व बाइक की लाइट जलाकर गांव के बाहर हांका लगाने लगे हैं।

वहीं ग्रामीण मुकद्दर खां, गोदानी यादव, छोट्टन खां, सोनू खान, अरविंद यादव आदि ने बताया कि पूरी रात चनैनी, इटहवा गांव के लोगों को जागना पड़ रहा है। बाघ की दहशत के कारण आग जलाकर हांका लगाते रहें और भयभीत किसान अपने खेतों में रखवाली को भी नहीं जा रहे हैं।

वहीं वन क्षेत्राधिकारी अब्दुल्लागंज पंकज साहू ने बताया कि लोग सतर्क रहे रात में सूचना पाकर वन विभाग की पूरी टीम मौके पर पहुचीं थी लोगों को समझाया गया। कहा कि बाघ भटक गया है पानी की वजह से नेपाल की तरफ नहीं जा पा रहा है। बुधवार को जंगल में कांम्बिग की जाएगी।


बाघ की चहलकदमी से परेशान ग्रामीण हांका लगाते हुए। अमृत विचार

### किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**बहराइच :** बौंडी थाना क्षेत्र के डिहवा कला निवासी संतोष कुमार के बेटे पीयूष कुमार 14 वर्ष मंगलवार को अपने कमरे में लेटा था अचानक उसने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने उसकी तलाश की तो देखा कि कमरे में वह फंदे से लटका हुआ है। परिवार के लोग आनन फानन में उसे इलाज के लिए फखरपुर अस्पताल लेकर गए। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# सीडीओ ने जिम्मेदारों को दिए निर्देश

संवाददाता, बहराइच


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

- हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए बैठक सम्पन्न

**अमृत विचार:** "हर घर तिरंगा" अभियान की सफलता के लिए मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने के उद्देश्य से शासन द्वारा 15 अगस्त तक तीन चरणों में कार्यक्रम आयोजिति किए जाएंगे। उन्होंने बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में छात्र-छात्राओं में ववाद विवाद प्रतियोगिता, रंगोली, चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कर पुरस्कृत भी किया जाय। हर घर तिरंगा के द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त तक तिरंगा पैदल रैली, मोटरसाइकिल रैली, जन सहभागीदारी, सैनिको, पुलिसकर्मियों, अर्ध सैनिक बलो, राखी व आभार भेजना पत्र भेजना आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायें। तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त 2025 तक सभी सरकारी कार्यालयों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, अमृत सरोवरों, प्रमुख बड़े बंधो/डैम पर सजावट, लाइटिंग व ध्वजारोहरण कराया जाए।

सीडीओ श्री चन्द्र ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति, छात्र व आने वाली युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता के प्रति सम्मान व राष्ट्र भावना को जागृत करना हैं। सीडीओ ने स्वंय सहायता संगठनों व व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि अपने स्तर से भी प्रतिष्ठानों पर झण्डा लगाने तथा आस पास के लोगो को प्रोत्साहित कर प्रत्येक घरो पर झण्डा लगाने हेतु जागरूक करें। सीडीओं ने जिले के लोगों से यह भी अपील की कि झण्डा फहराने से सम्बन्धित सेल्फी/फोटोग्राफ लेकर वेबसाइट हरघरतिरंगा डाट कॉम पर अपलोड करें।

### कलश यात्रा में लोगों ने लिया हिस्सा

**नवाबगंज, बहराइच:** नवाबगंज के धोबाही गांव में तीन दिवसीय श्रीशिव प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का मंगलवार से आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कलश यात्रा धोबाही गांव से आरम्भ होकर पांडवकालीन मंगली नाथ शिव मंदिर तक गई उसके बाद अपने गंतव्य स्थान पर आकर उसकी स्थापना की गई। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोध्या से आए हुए आचार्य शुभम व महराज राजकुमार द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। कार्य क्रम के आयोजक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कार्य क्रम समापन 7 अगस्त को विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। शिव प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम व कलश यात्रा में सौरभ सिंह, उमेश सिंह, बलवंत सिंह, अजीत सिंह, संजय सिंह, जगदीश सिंह, सत्यम सिंह, विनोद सिंह एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# फूलपुर की जीत ने दिलाई 'छोटे लोहिया' की उपाधि: रामहर्ष


पार्टी कार्यालय में जनेश्वर मिश्र की जयंती मनाते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि बाबू जनेश्वर मिश्र सादगी और सरलता के प्रतिमूर्ति थे, समाजवाद उनमें कूट-कूट कर भरा था। हालात ये थे कि सात बार केंद्रीय मंत्री रहने के बावजूद उनके पास न अपनी गाड़ी थी, न बंगला। उनकी सादगी और समाजवादी विचारधारा से अपनी पहली जीत फूलपुर की संसदीय सीट से हासिल की और यहीं से उन्हें छोटे लोहिया की उपाधि मिली। छोटे लोहिया के नाम से विख्यात जनेश्वर मिश्र समाजवादी आंदोलन के अग्रदूत रहे। जिलाध्यक्ष रामहर्ष स्व. जनेश्वर मिश्र की जयंती पर पार्टी कार्यालय में आयोजित एक गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जफरउल्ला बंटी, सपा नेता रामजी यादव, जिला सचिव जंगबहादुर पाण्डेय एडवोकेट, महिला सभा की ज़िला अध्यक्ष मनु देवी, ताहिर सलमानी, मंयंक मिश्र, अन्नू गुप्ता, बहराइच विधान सभा क़े अध्यक्ष गौरव यादव, ललित मिश्र, अंकित यादव एडवोकेट राम अभिलाष सिंह रहे।

### आज आयोजित होगी पोषण पाठशाला

**बहराइच:** राज्यमंत्री महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश की उपस्थिति में 7 अगस्त 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 1:30 बजे के मध्य स्टंटिंग की समक्ष और समाधान-जन्म के पहले 6 माह पर विशेष ध्यान विषय पर पोषण पाठशाला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि वर्चुअल माध्यम से आयोजित होने वाली पोषण पाठशाला के लिंक वेबकास्ट डाट जीओवी डाट इन/यूपी/आईसीडीएस के माध्यम से जिले के समस्त आशा, आशा संगिनी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व मिनी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। डीपीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया है कि केन्द्र पर समस्त पंजीकृत गर्भवती महिलाए, धात्री माताएं व अभिभावक वेबकास्ट के लिंक पर जुड़े रहे, जो लाभार्थी किसी कारणवश केन्द्र पर नही आ सकते, वह यथासम्भव अपने घरों से वेब लिंक के माध्यम से इस कार्यक्रम से जुड़ना सुनिश्चित करें।

# प्रशांत की पुस्तक का हुआ वितरण

संवाददाता, उतरौला बलरामपुर

- बार एसोसिएशन उतरौला में किया गया आयोजन

**अमृत विचार:** बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सह-अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल द्वारा स्वलिखित पुस्तक "उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता" का वितरण बुधवार को बार एसोसिएशन उतरौला में विधिवत रूप से किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिन्हें यह पुस्तक भेंट की गई। पुस्तक में राजस्व कानून को सरल, सुबोध और व्यावहारिक भाषा में प्रस्तुत किया गया है।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि यह पुस्तक यथासंशोधित रूप में तैयार की गई है, जो राजस्व न्यायालय में कार्यरत अधिवक्ताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने इसके प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अधिवक्ताओं को इसके महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में बार के पूर्व महामंत्री राकेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव चतुर्वेदी, संयुक्त मंत्री आशीष कसौधन, मार्कण्डेय मिश्रा, रामप्रताप चौधरी, सुधीर श्रीवास्तव, सियाराम मिश्रा, महेंद्र नाथ पांडे, मनीष पांडेय, बंशी लाल यादव, प्रहलाद यादव, शमशाद खान, मुस्तफा हुसैन, अभिमन्यु जयसवाल, रवि मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, विष्णु मिश्र, नीरज गुप्ता, आलोक कुमार, विजय प्रकाश श्रीवास्तव, आरिफ खान, दीपक गुप्ता, विनीश गुप्ता, अखिलेश यादव, अजीत यादव, सुमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।


राजस्व संहिता पुस्तक वितरण के अवसर पर मौजूद अधिवक्ता। अमृत विचार

# इंटर हाउस राखी प्रतियोगिता में दिखा सेवा, सृजन और संस्कार का संगम

**बलरामपुर अमृत विचार:** सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्षा पर्व की पूर्व संध्या पर इंटर हाउस राखी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, देशभक्ति और सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश करना रहा। शिक्षिका कंचन श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित प्रतियोगिता में चारों हाउस-लैवेंडर, लिली, ट्यूलिप और ऑर्किड-के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

निर्णायक मंडल में शामिल अनुपमा सिंह एवं रीता शाह ने मूल्यांकन करते हुए ट्यूलिप हाउस को प्रथम, लिली हाउस को द्वितीय तथा लैवेंडर हाउस को तृतीय स्थान प्रदान किया। यहां प्रधानाचार्य आसींद रूमी, हिमांशु, हर्षित जायसवाल, अभिषेक पांडे, अंशुल पॉल, अलमास खान, आकांक्षा सिंह, दिव्या पांडे और आकांक्षा चौहान आदि रहीं।


प्रतियोगिता में बच्चे व शिक्षक।

# बारिश के बाद जलभराव से बढ़ी मुसीबत

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** जिले में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के बाद बुधवार को सुबह मौसम साफ रहा। लंबे समय बाद निकली धूप ने जहां एक ओर लोगों को थोड़ी राहत दी वहीं दूसरी ओर दोपहर तक उमस और गर्मी ने फिर से परेशान करना शुरू कर दिया। सुबह से ही सूरज की किरणें तेज रहीं और दिन चढ़ते-चढ़ते तापमान में इजाफा हुआ। लेकिन शाम होते-होते मौसम ने फिर करवट ले ली। करीब चार बजे के बाद अचानक आसमान में घने बादल छा गए और कुछ ही देर में झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश के चलते सड़कों पर जलभराव से लोगों की मुसीबत बढ़ गई।

वहीं मौसम विभाग का कहना है कि आगामी कुछ दिनों तक रुक-रुक कर बारिश होती रहेगी और तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। बारिश के चलते राप्ती नदी के जलस्तर में भी तेजी से वृद्धि जारी है बुधवार शाम नदी का जलस्तर 104 .010 मीटर तक पहुंच गया था। यह अभी खतरे के निशान से करीब 52 सेंटीमीटर कम है।


बारिश के चलते नगर के चौराहे पर हुआ जलभराव। अमृत विचार

निकाली जाएगी रैली

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बैठक में दिए निर्देश– सभी विभाग भव्यता के साथ आयोजित करें कार्यक्रम

# हर घर तिरंगा अभियान की तैयार की गई रूपरेखा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार:** जनपद में स्वतंत्रता दिवस को परंपरागत, भव्य और गरिमामय रूप से मनाए जाने हेतु बुधवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की चर्चा करके रूपरेखा तय की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर से कार्यक्रमों को पूरी भव्यता और प्रभाव के साथ आयोजित करें।

डीएम ने बताया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की थीम "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" होगी, जिसके अंतर्गत सभी कार्यक्रमों में देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत गतिविधियां होंगी। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में जनसहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी नागरिक राष्ट्रध्वज तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड करें और इस अभियान को जनांदोलन का स्वरूप दें।

डीएम ने जानकारी दी कि 8 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस पर अमृत महोत्सव के अंतर्गत एक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट से वीर विनय चौराहे तक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक भव्य रैली निकाली जाएगी, जिसमें आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद डीएम और अन्य अधिकारी।

### ओवरहेड टैंक निर्माण का डीएम ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बुधवार को नगर पालिका बलरामपुर में जल निगम (शहरी) द्वारा निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक एवं पंप हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टेक्निकल टीम भी उनके साथ मौजूद रही। मास्टर हाउस कार्य में अनियमितता मिलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सहायक अभियंता को फटकार लगाई और सभी कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की तथा थर्ड पार्टी रिपोर्ट का अवलोकन कर कार्य को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बलरामपुर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मां पाटेश्वरी विवि में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

**बलरामपुर:** मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परास्नातक कक्षाओं में दाखिले की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 18 अगस्त कर दी है जिससे छात्रों को एक और अवसर मिला है। कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने बताया कि अब छात्रों को अपने ही जनपद में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का अवसर मिलेगा। इच्छुक छात्र समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से अपने पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। फीस निर्धारण समिति में प्रो. प्रेम कुमार सिंह(छात्र कल्याण अध्यक्ष), प्रो. बीपी सिंह (वाणिज्य संकाय), सर्वेश सिंह, डॉ. जितेंद्र भट्ट को सदस्य तथा वीके पांडेय (सहायक कुलसचिव) को संयोजक नामित किया गया है।

# मां पाटेश्वरी विवि की प्रथम वित्त समिति की बैठक सम्पन्न

संवाददाता, बलरामपुर

6858 लाख का बजट पास

**अमृत विचार:** पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर की प्रथम वित्त समिति की बैठक बुधवार को विश्वविद्यालय के अस्थायी भवन में कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 6858.40 लाख रुपए के बजट प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसमें 6744.00 लाख रुपए व्यय का प्रावधान किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विश्वविद्यालय निर्माण हेतु 5931 लाख रुपए कार्यदाई संस्था को हस्तांतरित किए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ। वेतन मद में कुल 250 लाख रुपए के व्यय का प्रावधान है, जिसमें शिक्षणेत्तर अधिकारी संवर्ग के वेतन पर 50 लाख, गैर अधिकारी वर्ग पर 85 लाख, वाह्य सेवा प्रदाता के माध्यम से नियुक्त कर्मचारियों पर 50 लाख और शिक्षक वर्ग पर 30 लाख रुपए व्यय प्रस्तावित है। गैर वेतन अनुदान के रूप में शासन से प्राप्त 100 लाख रुपए के सापेक्ष 105 लाख रुपए व्यय का प्रावधान किया गया है, जिसमें से 5 लाख रुपए विश्वविद्यालय की आय से पूरा किया जाएगा। बैठक का संचालन समिति के सचिव व वित्त अधिकारी श्याम लाल जायसवाल ने किया। बैठक में डॉ. अश्वनी मिश्रा, अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन योगेंद्र प्रताप सिंह, कुल सचिव परमानंद सिंह और कृषक राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक सर्वेश सिंह मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों को प्राथमिकता से ऋण दें : जिलाधिकारी

## डीएम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीएम युवा के लक्ष्य 1700 के सापेक्ष 601 स्वीकृत एवं 538 का वितरण किया है

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** डीएलआरसी एवं डीसीसी बैंकिंग कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पिछली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीएम युवा के लक्ष्य 1700 के सापेक्ष 601 स्वीकृत एवं 538 का वितरण हुआ है। जिलाधिकारी ने शाखा प्रबन्धकों को आवेदनों को शतप्रतिशत स्वीकृति एवं तहसीलवार मेगा क्रेडिट कैंप लगाकर ऋण वितरण कराने का निर्देश दिया। स्वयं सहायता समूहों का कम बैक खाता खोले जाने एवं सीसीएल की कम स्वीकृति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विभाग से समन्वय बनाकर कार्य करें साथ ही जिन बैंको में सीसीएल की पत्रावली लम्बित है लम्बित प्रकरणो को एक माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी एवं सभी शाखा प्रबन्धको को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत किया जाये। वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करें। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के सी.सी.एल के प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाये। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण भी शीघ्र स्वीकृत किया जाये। किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। इसके साथ ही सीडी रेसियों 50 प्रतिशत से ऊपर एवं एसीपी को कार्ययोजना बनाकर बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी बैंको को मासिक लक्ष्य निर्धारित कर ऋण वितरण करायें। केसीसी एवं फसल बीमा योजना में प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। लीड बैक अधिकारी ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत सीसीएल लक्ष्य 5700 के सापेक्ष 1899 पत्रावलियां बैंको को प्रेषित की गयी जिसके सापेक्ष 1738 समूहो को सीसीएल स्वीकृत किया गया एवं 161 लम्बित है। जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लम्बित 30 आवेदन एवं ओडीओपी के 22 आवेदन को स्वीकृत कर ऋण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। किसान क्रेडिट कार्ड योजना अन्तर्गत शासन से प्राप्त भौतिक लक्ष्य नवीनीकरण हेतु 49999 एवं नया 22543 कुल भौतिक लक्ष्य 72492 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2025-26 के जून त्रैमास 2025 तक बैंको द्वारा कुल नवीनीकरण हेतु 12587 केसीसी एवं नया केसीसी 2820 निर्गत किये गये है। लक्ष्य के सापेक्ष कुल 15407 केसीसी निर्गत किये गये है जो कुल लक्ष्य का 21.25 प्रतिशत है। क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत पशुपालन एवं मत्स्य पालन तथा दुग्ध उत्पादन हेतु कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंको से इन योजनाओ के अन्तर्गत किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक से दिशा निर्देश जारी किये गये है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम त्रैमास जून 2025 में वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत बैंको को आवंटित वित्तीय लक्ष्य रू0 126273.37 लाख के सापेक्ष रू0 27909 लाख की प्राप्ति हुई है ।



डीएलआरसी एवं डीसीसी बैंकिंग कार्यों की समीक्षा करते जिलाधिकारी डा. राजा गणपति आर.।

### गर्भवती महिलाओं की जांच में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार :** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, उपकेन्द्र हनुमानगढ़िया, विकास खण्ड नौगढ़ पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा एएनएम से गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। गर्भवती महिला की अपने सामने जिलाधिकारी द्वारा जांच कराया गया। गर्भवती महिलाओं की एचआरपी जांच के लिए एएनएम के पास स्ट्रिप उपलब्ध था। एमसीपी कार्ड पर आरसीएच नम्बर गलत अंकित था। ड्यू लिस्ट अपडेट नही थी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सैम-मैम बच्चों का रजिस्टर देखा गया तथा सैम मैम बच्चों को पोषाहार का वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। एचआरपी रजिस्टर पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचओ जय ललिता, एएनएम सरिता गुप्ता पर अनुशासनिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस में गर्भवती महिलाओ की गोदभराई, अन्नप्रासन्न कराये तथा पोषाहार का वितरण कराये। आंगनबाड़ी एवं आशा को निर्देश दिया कि गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओ एवं बच्चों को सूचित करें। एएनएम को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा तथा गर्भवती महिला जांच एवं टीकाकरण से छूटना नही चाहिए।

## बुद्धा राइस क्रेता-विक्रेता सम्मेलन को लेकर हुई बैठक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** काला नमक चावल (बुद्धा राइस) के प्रचार-प्रसार एवं विपणन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी 8-9 नवम्बर को प्रस्तावित क्रेता-विक्रेता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जीआई टैग प्राप्त जनपदों के उप कृषि निदेशक, उपायुक्त उद्योग, एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी ने एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत काला नमक चावल पोर्टल का उद्घाटन किया। बैठक में उप कृषि निदेशक द्वारा काला नमक धान की खेती, आच्छादन क्षेत्र, कृषक संख्या, एफपीओ व उत्पादन लक्ष्य की जानकारी दी गई।डीएम ने वैज्ञानिक विधियों से काला नमक धान की खेती को बढ़ावा देने, किसानों को प्रशिक्षित व प्रोत्साहित करने, गुणवत्ता नियंत्रण, मूल्यवर्धन और पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही, काला नमक चावल बोर्ड के विस्तार हेतु अन्य जीआई टैग प्राप्त जिलों से सहयोग लेने को कहा गया।सम्मेलन में गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीर नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती व बहराइच से कृषक उत्पादक संगठनों को 5-5 स्टॉल लगाने का निर्देश दिया गया है।

## यात्रियों को सुविधा के लिए नए ट्रेनों के स्टॉपेज घोषित

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर निम्नलिखित गाड़ियों का ठहराव निम्नवत प्रदान किया गया है। ठहराव प्रदान कर चलने वाली गाड़ियां-रक्सौल से 07 अगस्त, 2025 से चलने वाली 14017 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस घोड़ासहन स्टेशन पर 00.13 बजे पहुँचकर 00.15 बजे, बैरगनिया स्टेशन पर 00.34 बजे पहुँचकर 00.36 बजे,रून्नीसैदपुर स्टेशन पर 01.52 बजे पहुँचकर 01.54 बजे छूटेगी।आनन्द विहार टर्मिनस से 06 अगस्त, 2025 से चलने वाली 14018 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस रून्नीसैदपुर स्टेशन पर 18.51 बजे पहुँचकर 18.53 बजे, बैरगनिया स्टेशन पर 19.56 बजे पहुंचकर 19.58 बजे एवं घोड़ासहन स्टेशन पर 20.22 बजे पहुँचकर 20.24 बजे, छूटेगी। रक्सौल से 06 अगस्त, 2025 से चलने वाली 14007 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस घोड़ासहन स्टेशन पर 00.13 बजे पहुँचकर 00.15 बजे, रून्नीसैदपुर स्टेशन पर 01.52 बजे पहुँचकर 01.54 बजे छूटेगी।

आनन्द विहार टर्मिनस से 05 अगस्त, 2025 से चलने वाली 14008 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस रून्नीसैदपुर स्टेशन पर 18.51 बजे पहुँचकर 18.53 बजे तथा घोड़ासहन स्टेशन पर 20.22 बजे पहुँचकर 20.24 बजे, छूटेगी।जयनगर से 08 अगस्त, 2025 से चलने वाली 14649 जयनगर-अमृतसर एक्सप्रेस पंडौल स्टेशन पर 08.06 बजे पहुँचकर 08.08 बजे छूटेगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शीतलगंज ग्रांट विकास खण्ड छपिया गोण्डा**

पत्रांक: मेमो/निविदा दिनांक 06/08/2025

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत शीतलगंज ग्रांट विकासखंड छपिया गोण्डा वित्तीय वर्ष 2025 –26 में मनरेगा योजना अंतर्गत निम्न कार्य
1.शीतलगंज पिच रोड से मुकेश के घर से होते हुए तिलक राम वर्मा के चक तक इंटरलॉकिंग कार्य,2.औरातोंदा में पिच रोड के पश्चिम अमृत सरोवर पर इन लेट आउट लेट निर्माण कार्य,3.पप्पू के घर से लेकर रामनेवास के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। उपरोक्त कार्य हेतु सभी रजिस्टर्ड फर्मो से सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रकाशन के 3 दिन के अन्दर कुटेशन आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

ग्राम प्रधान
सावित्री देवी

ग्राम पंचायत अधिकारी
अमित मिश्रा

# धार्मिक कार्यों में अश्लीलता का कोई स्थान नहीं : डीएम

संवाददाता, कुशीनगर

- त्योहारों को लेकर अधिकारियों, धर्मगुरुओं के साथ डीएम व एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक

**अमृत विचार :** आगामी त्यौहार रक्षाबंधन के जन्माष्टमी सहित अन्य त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांन्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने एडिशनल एसपी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरूओं एवं जनपद के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक किया। बैठक में डीएम ने कहां की अधिकारी का हर समय एक्टिव रहे आने वाले त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में सौंपी गई जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए अपने अपने क्षेत्रों से फीड बैक अवश्य प्राप्त कर लें ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके। उन्होंने त्योहारों के दृष्टिगत बाजारों में लगने वाली भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था, रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं द्वारा किए जाने वाले यात्रा के दृष्टिगत पुलिस विभाग को चौकन्ना रहते हुए छोटी छोटी बातों पर ध्यान रखें जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी बाते भीड़ में भगदड़ का कारण बन जाती है। उन्होंने कहा कि चेहल्लुम के अवसर पर 76 ताजियों एवं 56 स्थानों पर जुलूस निकलेगी जिसके लिए पुलिस विभाग एवं संबंधित विभागों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने साफ सफाई हेतु डीपीआरओ सहित सभी ईओ को निर्देशित किया गया उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का दायित्व है कि हमारे नागरिक अच्छे वातावरण में त्योहारों को मनाएं।फूहड़ता व अश्लीलता धार्मिक कार्यों में इसका कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम सहित सीओ को निर्देशित किया कि किसी भी जुलूस में अश्लील गाने नहीं बजेंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक बार सभी रूट का मैपिंग करा लिया जाये।

## कब्र से शव गायब, मां सहित 4 लोग गिरफ्तार

**संवाददाता, कुशीनगर, अमृत विचार:** पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटहेरिया शहदौली के कब्रिस्तान से शव गायब होने के मामले का पुलिस ने बुधवार को खुलासा किया। मृतक किशोरी को जिंदा करने के लिए उसकी मां ने ही उसकी मौसी व एक अन्य के साथ मिलकर झाड़ फूंक करने के लिए शव को कब्र से बहर निकाला था। सुबह हो जाने के चलते शव को कब्रिस्तान से कुछ दूरी पर मंदिर के पीछे छोड़ फरार हो गए थे।मृतका गुलफ्सा खातुन उम्र करीब 10 वर्ष जिसका इलाज के दौरान 18 जुलाई की रात्रि मृत्यु हो गयी थी। थाना पटहेरवा व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का अनावरण करते हुए घटना में सम्मिलित मृतका की मां सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

**बी0एम0 मेमोरियल डिग्री कालेज,** ककरही बाजार, माडरमऊ, अम्बेडकरनगर

**में आवश्यकता है :-**

स्नातक स्तर पर **बी0ए0 पाठ्यक्रम में** (हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, प्राचीन इतिहास, शिक्षाशास्त्र, उर्दू, चित्रकला, मध्य कालीन इतिहास, गणित, सैन्य विज्ञान, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, शारीरिक शिक्षा) तथा बी0एससी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान, जन्तु विज्ञान, माइक्रोबायोलॉजी, जीव रसायन, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं पर्यावरणीय विज्ञान) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता– 02 पद
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 7 दिनों के अंदर अपने अभिलेखों की छाया प्रति के साथ विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**भवदीय– रामधारी यादव**
**मो0नं0–8127777056, 9919143033**

**कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक सुलतानपुर**

पृ0सं0–आर0एम0एस0ए0/आत्मरक्षा/4459–62 दिनांक: 06.08.2025

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य परियोजना निदेशक, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अभियान, 18 पार्क रोड, लखनऊ के पत्रांक/समग्र शिक्षा (मा0)/423–24/2025–26 दिनांक–29.05.2025 द्वारा रानीलक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजनान्तर्गत सुलतानपुर के 21 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है। प्रशिक्षकों की योग्यता **''मार्शल आर्ट में ब्लैक बैल्ट''** है, इस हेतु आवेदन पत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सुलतानपुर में दिनांक– 07.08.2025 से पत्र प्राप्त करने तथा डाक व अन्य माध्यम से जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक–15.08.2025 की सायं 5:00 तक होगी। विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, सुलतानपुर से सम्पर्क कर सकते है।

**जिला विद्यालय निरीक्षक**
**सुलतानपुर**

# प्रेमी ने गर्भवती प्रेमिका की हत्या कर शव जमीन में दफनाया

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** शोहरतगढ़ में निर्माण अधीन पुस्तकालय में मिली मृतक महिला की लाश का पर्दाफाश करते हुए बुधवार को पुलिस लाइन में एसपी अभिषेक महाजन ने प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि अभियुक्त शिव बालक कुमार निवासी सिंघासिनी टोला वार्ड नंबर 16 थाना सहोदर जिला पश्चिमी चंपारण बिहार का मृतिका नींबू कुमारी से अवैध संबंध था।

जिसे मजदूरी कराने के बहाने बिहार से सिद्धार्थनगर लेकर आया था और उसे अपनी पत्नी के रूप में साथ रखता था। नींबू कुमारी गर्भवती भी हो गई परंतु शिव बालक उसे अपना बच्चा नहीं मानता था। उसको नींबू कुमारी का किसी और से अवैध संबंध का शक था। जिसके कारण प्रेमी शिव बालक उसे बच्चे को नष्ट करने के लिए दबाव बना रहा था। नींबू कुमारी बच्चों को नष्ट नहीं करना चाहती थी। बच्चे व महिला से पीछा छुड़ाने के लिए एक दिन शिव बालक ने निर्माण अधीन पुस्तकालय में रखें सीमेंट की चक्की से नींबू कुमारी की हत्या कर लाश को वहीं मिट्टी में खोदकर दफना दिया और रात भर वहीं रहा सुबह शोहरतगढ़ से गोरखपुर गया और वहां से ट्रेन पड़कर बिहार चला गया तथा ठेकेदार को बताया कि मैं और नींबू बिहार जा रहे हैं। प्रेस वार्ता में उसने यह भी बताया कि नींबू की शादी पहले हो चुकी थी और उसके एक बच्चा भी था घटना 4 अगस्त की सुबह को था ना शोहरतगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत निर्माण अधीन लाइब्रेरी में एक लाश महिला की मिली जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीनग का प्रयास किया जिसमें महिला के लाश की पहचान नींबू पुत्री स्वर्गीय रूप नारायण माझी निवासी हरकटवा थाना गौनहा जनपद पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई मृतका के भाई ने लिखित तहरीर थाने में दर्ज कराई। लिखित तहरीर पर शोहरतगढ़ पुलिस ने हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुट गई थी।

## विहार : विशेष गाड़ी का संचालन 8 से 21 नवम्बर तक

**गोरखपुर, अमृत विचार:** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 04090/04089 आनन्द विहार टर्मिनस-पटना-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी का संचलन 8 अगस्त से 20 नवम्बर तक आनन्द विहार टर्मिनस से तथा 9 अगस्त से 21 नवम्बर तक पटना से 105 फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 04090 आनन्द विहार टर्मिनस-पटना विशेष गाड़ी 08 अगस्त से 20 नवम्बर तक आनन्द विहार टर्मिनस से प्रतिदिन 14.25 बजे प्रस्थान कर कानपुर सेण्ट्रल से 21.35 बजे, दूसरे दिन प्रयागराज जं से 00.25 बजे, वाराणसी से 03.20 बजे, गाजीपुर सिटी से 05.00 बजे, बलिया से 06.00 बजे, सहतवार से 06.22 बजे, सुरेमनपुर से 06.50 बजे, छपरा से 08.15 बजे तथा पाटलिपुत्र से 10.20 बजे छूटकर पटना 11.00 बजे पहुंचेगी।

**DIRECTORATE GENERAL RESETTLEMENT**
MINISTRY OF DEFENCE
**JOB FAIR for EX-SERVICEMEN (ESM)**
22 AUGUST 25 (7 AM Onwards)
**VENUE: ARMY MEDICAL CORPS CENTRE & COLLEGE STADIUM LUCKNOW CANTT, UTTAR PRADESH**
Documents Required: ESM I-Card and 5 copies of Resume/Biodata



**EX-SERVICEMEN: SKILLED, DISCIPLINED AND DEPENDABLE**

**Benefits for Industry Employers**
- Free Online Registration
- Free Job Postings
- Free Allotment of Stalls
- Free Access to Resumes of ESM

**What Employers Can Expect in Job Fair**
Officers for Leadership roles & ESM for:-
- PSOS, Supervisors and Guards
- Drivers and Machinery Operators
- Chefs, Stewards and Hospitality roles
- Paramedical staff and Hospital Administration
- Fitters, Electricians and Technicians
- Artificers, Mechanics and Engine Operators
- Network and Telecom Engineers
- Surveyors and Draughtsmen
- Machinists, Welders and Artisans
- Automobile, Aviation & Weapon Technicians

**For further details contact:**
Jt Director, DRZ (C)-0522-2482833,9935250104
drzclkw@desw.gov.in
Jt Director, DGR (CI)-011-20863432
seopadgr@desw.gov.in

In collaboration with ESMHire™
**Registration Open Now: www.esmhire.com**

CBC 10401/11/0014/2526

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**

**Accreditations, Affiliations & Approvals**

**ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2025-26**
**CUET (UG)-2025 Registered/Score Accepted**

**ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc.Medical (Anatomy/ Biochemistry/Microbiology/ Pharmacology/Physiology) | MBBS/BDS/B.Sc Nursing/ /B.Sc (PCB) | 3 Year |
| Diploma Medical Lab Technician (DMLT) | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma X-Ray Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma Radiotherapy Technology | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

**INSTITUTE OF DENTAL SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Dental Hygienist (DH) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |
| Dental Mechanics (DM) | 10+2 (PCB with English) | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF PHARMACY/ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY/ KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy (B.Pharm) | 10+2 (PCB/PCM) | 4 Year |
| Master of Pharmacy (Pharmaceutics/Pharmacology/ Pharmaceutical Chemistry/Pharmacognosy) | B.Pharm | 2 Year |
| Diploma in Pharmacy | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |

**FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| Bachelor of Physiotherapy (BPT) | 10+2 (PCB) | 4.5 Year |
| B.Sc. Medical Laboratory Technician (BMLT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| B.Sc. Optometry | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| B.Sc. in Radiological imaging Techniques (BRIT) | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Bachelor in Operation Theatre Technician | 10+2 (PCB) | 3.5 Year |
| Diploma in Dialysis Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in MRI Technician | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| Diploma in Sanitation | 10+2 (PCB/PCM) | 1 Year |
| Diploma in Emergency & Trauma Care | 10+2 (PCB/PCM) | 2 Year |
| M.Sc. Clinical Embryology | B.Sc. (PCB) | 2 Year |
| Master Physiotherapy | BPT | 2 Year |
| Master in Medical Laboratory Sciences (MMLS) | BMLS | 2 Year |

**ROHILKHAND COLLEGE OF NURSING**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| M.Sc. Nursing in Child Health Nursing/Mental Health Nursing/Community Health Nursing/Surgical Nursing/ Obstetric & Gynaecological Nursing | B.Sc. (Nursing) | 2 Year |
| B.Sc. Nursing | 10+2 (PCB) | 4 Year |
| GNM | 10+2 Any Stream | 3 Year |
| ANM | 10+2 Any Stream | 2 Year |
| Post Basic B.Sc. Nursing | GNM | 2 Year |
| Nurse Practitioner in Critical Care (NPCC) | B.Sc. Nursing | 2 Year |

**BIU COLLEGE OF HUMANITIES & JOURNALISM**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BA (Hons.) in Journalism/ Mass Communication | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BA (Hons.) in Eng./ Pol. Sc./ Socio./Eco. / Psychology | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Lib.(Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MA (Journalism/ Mass Comm./ Public Rel./Electronic Media/ Adv.) | UG in Any Stream | 2 Years |
| MA (English/ Pol. Science/ Sociology/ Economics/ Hindi) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Translation Studies) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MA (Applied & Clinical Psychology) | UG in Respective Stream | 2 Years |
| M.Lib. | UG in Respective Stream | 2 Years |

**BIU COLLEGE OF MANAGEMENT**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| BBA (Hons.) in Finance & Taxation | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| BCA (Hons.) in IT & Multimedia/ AI & Machine Learning | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| B.Com (Hons.) | 10+2 in Any Stream | 4 Years |
| MBA (Finance & Taxation / Healthcare Management / Sales & Marketing / HR / IT / Business Analytics) | UG in Any Stream | 2 Years |
| M.Com | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MCA | UG in Respective Stream | 2 Years |
| MHA | UG in Any Stream | 2 Years |
| MPH | UG in Any Stream | 2 Years |

**FACULTY OF FORENSIC SCIENCES**

| Course | Eligibility | Duration |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | 10+2 (PCB/PCM) | 3 Year |
| M.Sc. Forensic Sciences | Graduation in Science (ZBC) | 2 Year |

**For More Information : 9105500202, 9105500404, Ph.: 0581-2526153, 051, 053**

Admission Cell, Administrative Block, Bareilly International University, Rohilkhand Medical College Campus, Bareilly PIN Code : 243006 (U.P.)

**Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in**



मेरा ध्यान अपने जीवन को शब्दों से नहीं, बल्कि कर्मों से गौरवशाली बनाने पर था। -सोफोक्लीज

## अमेरिका को आईना

भारत ने डोनाल्ड ट्रंप की 25 फीसदी से अधिक टैरिफ बढ़ाने को सर्वथा अनुचित और तर्कहीन बताकर अमेरिकी राष्ट्रपति को आईना दिखा दिया है कि किसी बड़ी अर्थव्यवस्था की तरह भारत अपने राष्ट्रीय हित और आर्थिक सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगा। यह सही है कि रूसी तेल का भारत सबसे बड़ा खरीदार है, लेकिन ट्रंप का यह कहना बिल्कुल भी सही नहीं है कि भारत बड़ी मात्रा में रूस से तेल खरीदकर उसे खुले बाजार में बेचकर मुनाफा कमा रहा है। भारत द्वारा रूस से तेल आयात को लेकर ट्रंप जिस तरह रूस-यूक्रेन युद्ध के बहाने भारत पर आंखें तरेर रहे हैं, उसे लेकर भारत ने अमेरिका को अपने गिरेबां में झांकने की नसीहत देकर ठीक ही किया है। विदेश मंत्रालय ने साफ कह दिया है कि आप भी तो रूस से अपने परमाणु उद्योग के लिए यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन आयात कर रहे हैं। यानी, आप रूस से व्यापार करें तो ठीक, और हम करें तो गैरकानूनी, यह दोहरी नीति नहीं चलने वाली। तनातनी के इस माहौल में भारत के जवाब से ऐसा लगता है कि ट्रेड डील का दबाव बनाने की कोशिश में ट्रंप अपनी ही धमकियों के जाल में फंस गए हैं और भारत उनकी गीदड़ भभकी के आगे जरा भी झुकने के लिए तैयार नहीं है। दरअसल, ट्रंप से निपटने की चुनौती में भारत की ओर से जिस तरह की सधी और संतुलित प्रतिक्रियाएं दी जा रही हैं, वह अमेरिकी राष्ट्रपति की चिढ़ और बढ़ा रही हैं। इसके चलते ही वह लगातार बार-बार भारत को घेरने और झुकाने वाले बयान दे रहे हैं, लेकिन अभी तक यह नहीं बता पाए हैं कि भारत पर कितना ज्यादा टैरिफ थोपना चाहते हैं। साफ है कि ट्रंप दबाव बनाकर भारत को ट्रेड डील के लिए वार्ता की मेज पर समाधान के लिए मजबूर करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। हालांकि वह यह भलीभांति जानते हैं कि आज की दुनिया में भारत को नाराज या नजरअंदाज करके अमेरिका का काम नहीं चलने वाला है। भारत की तकनीकी क्षमता और मानव संसाधन अमेरिका के लिए अपरिहार्य है। यही वह बात है, जो अमेरिकी निवेशकों को भारत में अवसर प्रदान करती है। अमेरिकी कंपनियां एपल और टेस्ला इसी कारण अगर भारत में निवेश बढ़ा रही हैं, तो कई दूसरी कंपनियां आने को तैयार बैठी हैं। हालांकि भारत अकेला देश नहीं है, जो ट्रंप के टैरिफ टेरर का सामना कर रहा है। चीन पर तो शुरुआत में ट्रंप ने टैरिफ 140 प्रतिशत तक बढ़ा दिए थे। यूरोपीय संघ को भी धमकाया था, लेकिन बाद में रिश्ते सुधारे और चीन पर टैरिफ घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया। यूरोपीय संघ तथा वियतनाम के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं है कि भारत भी अपने हितों की रक्षा करते हुए अमेरिका के साथ ट्रेड डील की उम्मीद कर सकता है, लेकिन फिलहाल तो यही कहा जा सकता है कि ट्रंप की कारगुजारियों से अमेरिका ने भारत का भरोसा खो दिया है और पुराने विश्वसनीय तथा स्वभाविक मित्र रूस को भारत के और करीब आने का मौका दे दिया है।

**प्रसंगवश**

## मानसून करता है हकीकत को उजागर

हाल ही में एक समाचार देखा, जिसमें बिहार के एक जिला मुख्यालय में स्थित जिला अस्पताल में घुटनों पानी भरा था। अस्पताल परिसर लबालब था। तिस पर कहा जा रहा था कि बरसात से मरीज परेशान हैं। हकीकत तो यह है कि इस घटना ने अस्पताल परिसर का निर्माण करने वाले इंजीनियरों के तकनीकी ज्ञान पर सवाल खड़े किए थे। जरा ध्यान दें! जहां भी जल भराव हो रहा है, उनमें से अधिकांश स्थान वे हैं, जहां के नदी-तालाब पर समाज ने कब्जा कर रखा था। विनाश कर दिया। नष्ट कर दिया। उजाड़ दिया। बर्बाद कर दिया। बीते महीने से भारत के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उस बात के लिए ये नफरतें घंटों-पन्नों में उकेरी जा रही हैं, जिसके संरक्षण के लिए सरकार-समाज चिंतित है और उसके सहेजने के लिए पूरी ताकत लगाई जा रही है।



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

असल में पानी को ले कर हमारी सोच प्रारंभ से ही त्रुटिपूर्ण है- हमें पढ़ा दिया गया कि नदी, नहर, तालाब झील आदि पानी के स्रोत हैं। हकीकत में हमारे देश में पानी का स्रोत केवल मानसून ही हैं। नदी-दरिया आदि तो उसको सहेजने का स्थान मात्र हैं। मानसून की हम कदर नहीं करते और उसकी नियामत को सहेजने के स्थान पर हमने खुद उजाड़ दिए। गंगा-यमुना के उद्‌गम स्थल से छोटी नदियों के गांव-कस्बे तक बस यही हल्ला है कि बरसात ने खेत-गांव सब कुछ उजाड़ दिया। यह भी सच है कि अभी मानसून विदा होते ही उन सभी इलाकों में पानी की एक-एक बूंद के लिए मारा-मारी होगी और लोग पीने के एक गिलास पानी में आधा भर कर जल-संरक्षण के प्रवचन देते और जल जीवन का आधार जैसे नारे दीवारों पर पोतते दिखेंगे।

यह हम सभी जानते हैं कि भारत के लोक-जीवन, अर्थ व्यवस्था, पर्व-त्योहार का मूल आधार बरसात या मानसून का मिजाज ही है। कमजोर मानसून पूरे देश को सूना कर देता है। कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि मानसून भारत के अस्तित्व की धुरी है। जो महानगर-शहर पूरे साल वायु प्रदूषण के कारण हल्कान रहते हैं, इसी मौसम में वहां के लोगों को सांस लेने को साफ हवा मिलती है। खेती-हरियाली और साल भर के जल की जुगाड़ इसी बरसात पर निर्भर है। इसके बावजूद जब प्रकृति अपना आशीष इन बूंदों के रूप में देती है, तो समाज और सरकार इसे बड़े खलनायक के रूप में पेश करने लगते हैं। इसका असल कारण यह है कि हमारे देश में मानसून को सम्मान करने की परंपरा समाप्त होती जा रही है। कारण भी है, तेजी से हो रहा शहरों की ओर पलायन और गांवों का शहरीकरण।

भारतीय मानसून का संबंध मुख्यता गरमी के दिनों में होने वाली वायुमंडलीय परिसंचरण में परिवर्तन से है। गरमी की शुरुआत होने से सूर्य उत्तरायण हो जाता है। सूर्य के उत्तरायण के साथ-साथ अंतः उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र का भी उत्तरायण होना प्रारंभ हो जाता है। इसके प्रभाव से पश्चिमी जेट स्ट्रीम हिमालय के उत्तर में प्रवाहित होने लगती है। इस तरह तापमान बढ़ने से निम्न वायु दाब निर्मित होता है। दक्षिण में हिंद महासागर में मेडागास्कर द्वीप के समीप उच्च वायु दाब का विकास होता है इसी उच्च वायु दाब के केंद्र से दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्पत्ति होती है। जान लें तापमान बढ़ने के कारण एशिया पर न्यून वायु दाब बन जाता है। इसके विपरीत दक्षिणी गोलार्द्ध में शीतकाल के कारण दक्षिण हिंद महासागर तथा उत्तर-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पास उच्च दाब विकसित हो जाता है। परिणामस्वरूप उच्च दाब वाले क्षेत्रों से अर्थात् महासागरीय भागों से निम्न दाब वाले स्थलीय भागों की ओर हवाएं चलने लगती हैं। सागरों के ऊपर से आने के कारण नमी से लदी ये हवाएं पर्याप्त वृष्टि प्रदान करती हैं। जब निम्न दाब का क्षेत्र अधिक सक्रिय हो जाता है तो दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक हवा भी भूमध्य रेखा को पार करके मानसूनी हवाओं से मिल जाती हैं। इसे दक्षिण-पश्चिमी मानसून अथवा भारतीय मानसून भी कहा जाता है। इस प्रकार एशिया में मानसून की दो शाखाएं हो जाती हैं- भारत में भी दक्षिण-पश्चिम मानसून की दो शाखाएं हो जाती हैं- बंगाल की खाड़ी और अरब सागर की शाखा। जलवायु परिवर्तन का गहरा असर भारत में अब दिखने लगा है, इसके साथ ही ठंड के दिनों में अलनीनो और दीगर मौसम में ला नीना का असर हमारे मानसून-तंत्र को प्रभावित कर रहा है।

## प्रकृति की अनदेखी से उपजा उत्तराखंड जल-प्रलय





प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

समृद्धि, उन्नति और वैज्ञानिक उपलब्धियों का चरम छू लेने के बावजूद प्रकृति का प्रकोप धरा के किस हिस्से के गर्भ से फूट पड़ेगा या आसमान से टूट पड़ेगा, यह जानने में हम बौने ही हैं।

समृद्धि, उन्नति और वैज्ञानिक उपलब्धियों का चरम छू लेने के बावजूद प्रकृति का प्रकोप धरा के किस हिस्से के गर्भ से फूट पड़ेगा या आसमान से टूट पड़ेगा, यह जानने में हम बौने ही हैं। भूकंप की तो भनक भी नहीं लगती। जाहिर है, इसे रोकने का एक ही उपाय है कि विकास की जल्दबाजी में पर्यावरण की अनदेखी न करें।

उत्तराखंड के उत्तर काशी जिले की खीर गंगा नदी और धराली में बादल फटने और हर्शिल के तेल गाड़ नाले में बाढ़ आने से बड़ी तबाही हुई है। इन प्राकृतिक आपदाओं को हमें प्रकृति के गुस्से के रूप में देखने की जरूरत है। धराली में तो 50 से ज्यादा घर, 30 होटल और 30 होमस्टे मलबे में बदल गए। जो खीर नदी 10 मीटर चौड़ी थी, वह जल प्रवाह से 39 मी. चौड़ी हो गई। अतएव जो भी सामने पड़ा उसे लीलती चली गई। प्रशासन चार लोगों की मौत और 100 से अधिक लोगों के लापता होना बता रहा है। हिमालय के बीचोंबीच बसा खूबसूरत धराली गांव में सैलाब नीचे उतरते हुए दिखा, उससे लगता है, मौतें कहीं अधिक हुई हैं। प्रलय इतनी तीव्रता से आया कि उसकी कान के पर्दे फाड़ देने वाली गर्जना सुनने के बाद लोगों को बचने का समय ही नहीं मिल पाया। अब धराली मलबे में दफन है।

इस भूक्षेत्र के गर्भ में समाई प्राकृतिक संपदा के दोहन से उत्तराखंड विकास की अग्रिम पांत में आ खड़ा हुआ था, वह विकास भीतर से कितना खोखला था, यह इस क्षेत्र में निरंतर आ रही इस आपदाओं से पता चलता है। बरिश, बाढ़, भूस्खलन, बर्फ की चट्टानों का टूटना और बदलों का फटना, अनायास या संयोग नहीं है, बल्कि विकास के बहाने पर्यावरण विनाश की जो पृष्ठभूमि रची गई, उसका परिणाम है। तबाही के इस कहर से यह भी साफ हो गया है कि आजादी के 78 साल बाद भी हमारा न तो प्राकृतिक आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आपदा से निपटने में सक्षम है और न ही मौसम विभाग आपदा की सटीक भविष्यवाणी करने में समर्थ हो पाया है। यह विभाग केरल और बंगाल की खाड़ी के मौसम का अनुमान लगाने का दावा तो करता है, किंतु भारत के सबसे ज्यादा संवेदनशील क्षेत्र हिमालय में बादल फटने की भी सटीक जानकारी नहीं दे पाता है। धराली क्षेत्र में एक साथ दो जगह बादल फटे और कुछ मिनटों में हुई तेज बारिश ने श्रीखंड पर्वत से निकली खीरगंगा नदी को प्रलय में बदलकर 90 प्रतिशत गांव को हिमालय के गर्भ में समा दिया।

बादल फटना अनायास जरूर है, लेकिन ये करीब 10 किमी व्यास की परिधि में फटने के बाद अतिवृष्टि का कारण बनते हैं। 10 सेंटीमीटर या उससे अधिक बारिश को बादल फटने की घटना के रूप में परिभाषित किया जाता है। बादल फटने की घटना के दौरान किसी एक स्थान पर एक घंटे के भीतर, उस क्षेत्र में होने वाली औसत, वार्षिक वर्षा की 10 प्रतिशत से अधिक बारिश हो जाती है। मौसम विभाग वर्षा का पूर्वानुमान कई दिन या माह पहले लगा लेते हैं, लेकिन मौसम विज्ञानी बादल फटने जैसी बारिश का अनुमान नहीं लगा पाते। इस कारण बादल फटने की घटनाओं की भविष्यवाणी भी नहीं करते हैं।

समृद्धि, उन्नति और वैज्ञानिक उपलब्धियों का चरम छू लेने के बावजूद प्रकृति का प्रकोप धरा के किस हिस्से के गर्भ से फूट पड़ेगा या आसमान से टूट पड़ेगा, यह जानने में हम बौने ही हैं। भूकंप की तो भनक भी नहीं लगती। जाहिर है, इसे रोकने का एक ही उपाय है कि विकास की जल्दबाजी में पर्यावरण की अनदेखी न करें। विडंबना है कि घरेलू विकास दर को बढ़ावा देने के मद्देनजर अधोसंरचना विकास के बहाने देशी-विदेशी पूंजी निवेश को बढ़वा दिया जा रहा है। पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियों को राज्य सरकारें अब अनदेखा करने लगी हैं। इससे साबित होता है कि अंततः हमारी वर्तमान अर्थव्यस्था का मजबूत आधार अटूट प्राकृतिक संपदा और खेती ही है।

उत्तराखंड हो या प्राकृतिक संपदा से भरपूर अन्य प्रदेश उद्योगपतियों की लॉबी जीडीपी और विकास दर के नाम पर पर्यावरण सबंधी कठोर नीतियों को लचीला बनाकर अपने हित साधने में लगी हैं। विकास का लॉलीपॉप प्रकृति से खिलवाड़ का करण बना हुआ है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में आई इन तबाहियों का आकलन इसी परिप्रेक्ष्य में करने की जरूरत है।उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश से विभाजित होकर 9 नवंबर 2000 को अस्तिव में आया था। 13 जिलों में बंटे इस छोटे राज्य की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 1 करोड़ 11 लाख है। 80 फीसदी साक्षरता वाला यह प्रांत 53,566 वर्ग किलोमीटर में फैला है। उत्तराखंड में भागीरथी, अलकनंदा, गंगा और यमुना जैसी बड़ी और पवित्र मानी जाने वाली नादियों का उद्‌गम स्थल है। इन नादियों के उद्‌गम स्थलों और किनारों पर पुराणों में दर्ज अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल हैं, इसीलिए इसे धर्म-ग्रंथों में देवभूमि कहा गया है। यहां के वनाच्छादित पहाड़ अनूठी जैव विविधता के पर्याय हैं। तय है, उत्तराखंड प्राकृतिक संपदाओं का खजाना है। इसी बेशकीमती भंडार को सत्ताधारियों और उद्योगपतियों की नजर लग गई है, जिसकी वजह से प्रलय जैसे प्रकोप बार-बार इस देवभूमि में बर्बादी की आपदा वर्षा रहे हैं।

**आमने**



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व की आम आदमी पार्टी सरकार के विधानसभा भवन के एक हिस्से को 'फांसी घर' बताने के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने इसे इतिहास के साथ खिलवाड़, शहीदों का अपमान और जनता के साथ धोखा करार दिया। उन्होंने विधानसभा में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बिना किसी प्रमाण के 'फांसी घर' घोषित कर दिया।

आप विधायक संजीव झा ने कमरे के ऐतिहासिक महत्व का बचाव करते हुए तर्क दिया कि ऐसे कई निष्पादन स्थलों को कभी आधिकारिक रूप से दर्ज नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इतिहासकारों के ऐसे स्थानों पर अलग-अलग विचार हैं। इस इमारत के 1912 के नक्शे में, यह एकमात्र दो मंजिला संरचना है जो फांसी कक्ष के अनुरूप है। झा ने कहा कि साइट से सामग्री की जांच भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा की जाए।



**सामने**

## एआई से अवसर तो मिलेंगे, पर नौकरियां...!



प्रकाश श्रीवास्तव
स्वतंत्र लेखक

सिलिकॉन वैली के दिग्गज अरबपति वेंचर कैपिटलिस्ट विनोद खोसला ने एक बड़ी चेतावनी जारी की है, जिसमें उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उदय को 'मानव इतिहास के सबसे बड़े बदलावों में से एक' बताया है।

एक अनुमान के अनुसार, पिछले वर्ष भारत में आईटी सेक्टर से जुड़े लगभग पचास हजार लोगों की नौकरियां खत्म हो गईं। साथ ही देश की शीर्ष छह आईटी सर्विस कंपनियों में कर्मचारियों को नियुक्त करने में 72 फीसदी गिरावट आई है। कहने की जरूरत नहीं कि देश का आईटी क्षेत्र जो सामाजिक गतिशीलता और गरीबी में जन्मे बच्चों द्वारा शिक्षा और कड़ी मेहनत से उच्च वेतन वाली नौकरियां हासिल करने का जरिया रहा है, ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के आने से तेजी से नया रूप लेता जा रहा है। प्रमुख कंपनियों में नौकरियों का जाना या उसमें कमी आना यह कोई अकेली घटना नहीं है। पर ये घटनाएं भारत में ऐसी नौकरियों, जिसमें विशिष्ट कौशल, उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है और ये आमतौर पर वित्त, स्वास्थ्य सेवा, कानून और प्रौद्योगिकी जैसे सेक्टर से जुड़ी होती है, कि प्रकृति में एक संरचनात्मक बदलाव का संकेत लिए हैं।

पेशेवर, प्रबंधकीय या प्रशासनिक कार्य से जुड़े लोग जिन्हें शहरी समृद्धि की रीढ़ माना जाता है, ऑटोमेशन को अपनाए जाने से कम किए जा रहे हैं। भारत का सॉफ्टवेयर सर्विस सेक्टर, जिसका सकल घरेलू उत्पाद और शहरी उपभोग वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान है, आज संकट के काल से गुजर रहा है। ऐसी नौकरियां लम्बे समय तक के लिए सुरक्षित नहीं रह गईं हैं। कंपनियां अपने कर्मचारियों को पुनः प्रशिक्षित करने की तुलना में तेजी से ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को अपना रही हैं। इस उथल-पुथल से हर ओर से चिन्ताजनक बयान सामने आ रहे हैं।

ब्रिटिश-कनाडाई कंप्यूटर वैज्ञानिक और 2024 का भौतिकी में नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री एवरेस्ट हिंटन, जिन्हें 'एआई का गॉडफादर' माना जाता है, की यह चेतावनी गौर करने लायक है, जिसमें उन्होंने कहा है कि अगर एआई सिस्टम ने अपने लिए खुद की सोचने की भाषा विकसित कर ली तो इंसानों के लिए ये समझना मुश्किल होगा कि वे क्या करने वाले हैं? क्या सोच रहे हैं? उनकी यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब चैटजीपीटी निर्माता ओपनआई की रिपोर्ट में सामने आया है कि उसके कुछ एडवांस एआई मॉडल अपनी मर्जी से तथ्य गढ़ रहे हैं। कंपनी ने खुद माना कि उसे यह नहीं पता कि यह कैसे हो रहा है।

हिंटन का 'वन डिसीजन पॉडकास्ट' में दिया गया भाषण इस बात को रेखांकित करता है कि एआई क्षमताएं किस गति से बढ़ रही हैं। सिलिकॉन वैली के दिग्गज अरबपति वेंचर कैपिटलिस्ट विनोद खोसला ने एक बड़ी चेतावनी जारी की है, जिसमें उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उदय को 'मानव इतिहास के सबसे बड़े बदलावों में से एक' बताया है और भविष्यवाणी की है कि अगले पांच वर्षों में यह आज की अधिकांश नौकरियों की जगह ले लेगा। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों के भीतर, एआई कानून और वित्त से लेकर चिकित्सा और ग्राहक सहायता तक लगभग हर उद्योग में अधिकांश कार्य करेगा।

दिग्गज कंप्यूटर वैज्ञानिक भी एआई के जरिए होने वाले सृजनकारी काम की गति देखकर अचंभित हैं। अब जो उपकरण उपलब्ध हैं, वे कुछ ही सेकंड में वह काम कर सकते हैं, जिसे करने में पहले पूरी टीम को लगाना पड़ता था और टीम भी वह काम घंटों में कर पाती थी। भारत ने सेवा-आधारित जो विकास किया है, उसमें बड़ी संख्या में मुख्यतः विशेषज्ञों का योगदान रहा है। बड़ी संख्या में इन विशेषज्ञों की नियुक्तियां कंपनियां करती रही हैं। जैसे-जैसे एआई, डेटा सिक्यूरिटी और क्लाउड आर्किटेक्चर में विशेषज्ञों की मांग बढ़ रही है, मौजूदा आईटी कर्मचारियों का अधिकांश हिस्सा खुद को कमजोर स्थिति में पा रहा है। कंपनियां अपने हजारों योग्य कर्मचारियों को सिर्फ इसलिए नौकरी से निकालने पर मजबूर हैं, क्योंकि नए तकनीकी मॉडल में उनकी क्षमताओं का उपयोग करने के लिए कोई गुंजाइश नहीं है।

देश की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की नियोक्ता कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) जो सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनी भी है और टीसीएस जैसी अन्य कंपनियां भी, जो दशकों से कम लागत पर सॉफ्टवेयर बनाने के लिए सस्ते कुशल श्रम पर निर्भर रही हैं, पारंपरिक व्यावसायिक मॉडल में आए बड़े बदलावों के बीच नए क्षेत्रों में निवेश कर रही हैं। ये कंपनियां बड़े पैमाने पर एआई का इस्तेमाल कर रही हैं। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि व्हाइट-कॉलर जॉब से जुड़े कर्मचारियों के चलते ही भारत के रियल एस्टेट, महंगी गाड़ियों की खरीद और व्यापक उपभोक्ता अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में मदद मिली है।

शीर्ष आईटी फर्मों में नौकरियों में गिरावट और छंटनी आम बात हो जाने की खबरों के सामाजिक-आर्थिक प्रभाव मध्यम वर्ग पर दिखने लगे हैं। इन नौकरियों से जुड़े लोगों और उनकी परिवारजनों पर चिन्ता की लकीरें दिख रहीं हैं। आईटी नौकरियों के आधार पर टिकी मध्यम वर्ग की आकांक्षाएं टूटने लगी हैं। जैसे-जैसे विदेशों में एआई को अपनाए जाने की प्रक्रिया में तेजी आ रही है, भारतीय कंपनियों पर कम कर्मचारियों के साथ अधिक उत्पादन करने का दबाव बढ़ रहा है। नए उभरते क्षेत्र जैसे- फिन-टेक, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और स्टार्टअप को तो बढ़ावा देते हैं, पर बड़ी संख्या में रोजगार उत्पन्न करने में असमर्थ ही रहे हैं। इसका परिणाम सामने आया है कि यूनिवर्सिटी से निकले युवाओं के पास नौकरियां नहीं हैं। रोजगार पर निगाह रखने वाले विशेषज्ञों के अनुसार इन युवाओं को न केवल बेरोजगारी के हालात का सामना करना पड़ सकता है, बल्कि उन्हें तेजी से बदलते बाजार में उनके अप्रासंगिक हो जाने का भी सामना करना पड़ सकता है।

**सामयिकी**

## भारतीयता का पुनर्जागरण और राष्ट्र के प्रति नई दृष्टि

आज का भारत एक अभूतपूर्व संक्रमण काल से गुजर रहा है। एक ओर जहां हम तकनीकी, आर्थिक और सामरिक क्षेत्रों में निरंतर प्रगति कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सांस्कृतिक, भाषायी और राजनीतिक चेतना में पश्चिमी प्रभाव की छाया अब भी बनी हुई है। यह वह समय है जब हमें आत्ममंथन करते हुए यह तय करना होगा कि राष्ट्रहित और राष्ट्रप्रथम की भावना हमारे चिंतन, व्यवहार और नीतियों के केंद्र में है या नहीं।

हमें हर उस दृष्टिकोण की पुनः समीक्षा करनी चाहिए, जिसे हमने केवल इसलिए स्वीकार कर लिया क्योंकि वह पश्चिम से आया था। उदाहरण स्वरूप, हम आज भी अरब देशों को 'मिडल ईस्ट' या 'मध्य पूर्व' कहते हैं, जबकि वे भारत की दृष्टि से स्पष्ट रूप से पश्चिम में स्थित हैं। यह शब्दावली पश्चिमी भूगोल के संदर्भ में गढ़ी गई, और हमने इसे बिना विचार किए अपनाकर अपनी दृष्टि को भी परावलंबी बना लिया।

इतना ही नहीं, हम अब 'राम' को 'रामा', 'योग' को 'योगा', और 'असीम' को 'आशो' कहने लगे हैं। यह केवल उच्चारण की त्रुटि नहीं है, बल्कि हमारे आत्मगौरव और सांस्कृतिक अस्मिता पर एक सूक्ष्म किंतु गहरा प्रहार है। भारतीय संस्कृति में भाषा, उच्चारण और अर्थ का गहरा संबंध है। जब हम अपने शब्दों को पश्चिमी लहजे में तोड़-मरोड़कर बोलते हैं, तो दरअसल हम अपनी जड़ों से कटते हैं। राष्ट्र प्रथम का मतलब केवल सीमाओं की रक्षा या झंडा फहराना नहीं होता, बल्कि यह उस चेतना का नाम है, जिसमें हम अपनी संस्कृति, परंपरा और पहचान को आत्म गौरव के साथ धारण करें।



एम. अफसर खान
युवा पत्रकार

भारत एक प्राचीन सभ्यता है, जिसकी जड़ें केवल इतिहास की किताबों में नहीं, बल्कि आज भी जीवंत परंपराओं में हैं। हमारी भाषाएं, रीति-रिवाज, वस्त्र, भोजन और व्यवहार, सब कुछ हमें एक विशेष सांस्कृतिक पहचान देता है। यदि हम इसी को 'मॉडर्नाइजेशन' के नाम पर त्याग देंगे, तो हम उधार की पहचान लेकर एक खोखली आधुनिकता की ओर बढ़ेंगे, जिसका अंत हमेशा सांस्कृतिक पराजय में होता है।

देश के लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए केवल चुनावी सुधार या तकनीकी बदलाव काफी नहीं हैं, जब तक हमारे नेताओं की सोच में राष्ट्र प्रथम की भावना न हो। संसद और विधानसभाओं में बैठे जनप्रतिनिधियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर यह देखना होगा कि उनके निर्णय राष्ट्र के दीर्घकालिक हित में हैं या नहीं।

आज की राजनीति में 'कुर्सी' केंद्र बन चुकी है, 'कर्तव्य' नहीं। चुनाव केवल सत्ता प्राप्ति का साधन बनते जा रहे हैं, जबकि लोकतंत्र की आत्मा जन सेवा है। आवश्यकता इस बात की है कि उम्मीदवारों की योग्यता, आचरण और राष्ट्रहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी चुनाव प्रक्रिया का मानदंड बनाया जाए। इसके लिए राजनीतिक दलों को भी आत्मचिंतन करना होगा कि वे किस प्रकार के लोगों को टिकट दे रहे हैं। केवल धनबल, जातीय समीकरण और लोकप्रियता के आधार पर या सचमुच राष्ट्रसेवा की भावना से युक्त लोगों को ?देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा पीढ़ी होती है। यदि यह पीढ़ी दिशाहीन, निराश और भ्रमित रहेगी, तो कोई भी विकास स्थायी नहीं हो सकता। दुर्भाग्यवश आज का युवा सोशल मीडिया, आभासी पहचान और विदेशी जीवनशैली की चकाचौंध में उलझा हुआ है। हमें उसे यह बताना होगा कि देश भक्ति केवल सेना में भर्ती होने से नहीं होती, बल्कि अपने कार्य क्षेत्र में ईमानदारी, समाज में नैतिकता और राष्ट्रीय संस्कृति के प्रति सम्मान भी उतना ही महत्वपूर्ण योगदान देता है। शिक्षा प्रणाली को इस दिशा में सबसे बड़ा हस्तक्षेप करना होगा। हमारी पाठ्य पुस्तकों में केवल सूचनाएं नहीं, बल्कि संस्कृति, नैतिकता और राष्ट्र प्रेम भी समाहित किया जाना चाहिए। जब तक हम बच्चों को यह नहीं सिखाते कि भारत सिर्फ एक देश नहीं, एक विचार है।

**सोशल फोरम**

## हिरोशिमा की याद

6 अगस्त को हम हिरोशिमा पर हुए उस विनाशकारी परमाणु बम विस्फोट को याद करते हैं, जिसने 1945 में न केवल एक शहर को तबाह कर दिया, बल्कि असंख्य लोगों की जिंदगियों को भी बदल कर रख दिया। इस दिन मुझे 'हिरोशिमा माई लव' याद आ रही है। अब तक की देखी गई कुछ सबसे बेहतरीन फिल्मों में से एक। जो हमें इस भयानक त्रासदी के बीच इंसानियत, प्रेम और पुनर्निर्माण की उम्मीद की झलक दिखाती है।



सचिन श्रीवास्तव
लेख

1959 में आई इस रोमांटिक ड्रामा को फ्रांसीसी निर्देशक एलैन रेने ने निर्देशित किया था और फ्रांसीसी लेखिका मार्गुएरिट ड्यूरास ने लिखा था। यह फिल्म एक फ्रांसीसी अभिनेत्री एमी और एक जापानी आर्किटेक्ट लुई के बीच 24 घंटों की व्यक्तिगत बातचीत पर आधारित है। फिल्म में रेस्ने ने अनूठे फ्लैश बैक का उपयोग किया है। कैसे दो अलग-अलग देशों के, अलग-अलग लोगों के शहर इस फ्लैशबैक में एक होते चले जाते हैं।

फ्रांसीसी अभिनेत्री एमी, जिसने हिरोशिमा में अपने परिवार को खो दिया था, फिल्म की शूटिंग के लिए उस शहर में वापस आती है। यहां उसकी मुलाकात जापानी आर्किटेक्ट लुई से होती है, जो अपने काम के सिलसिले में वहां होता है। अपने-अपने युद्ध के अनुभव और व्यक्तिगत त्रासदियों को साझा करे हुए, वे एक-दूसरे के दर्द को समझते हैं और सांत्वना देते हैं। बाद में एमी हिरोशिमा में रहने का फैसला करती है। वह बंद हो चुके कॉफी हाउस में जाती है और लुई उसे ढूंढ लेता है और रहने के लिए कहता है। वह कमजोर होकर कहती है कि वह रहेगी, लेकिन फिर से जाने के लिए कहती है। वे शहर के चारों ओर घूमते हैं, साथ और अलग, हिरोशिमा की छवियां नेवर्स की छवियों के साथ बदलती रहती है।

इसका आखिरी दृश्य कमाल का है। अभिनेत्री के होटल के कमरे में, आर्किटेक्ट दरवाजा खटखटाता है। वह उसे अंदर आने देती है और चिल्लाती है कि वह उसे भूलने लगी है, लेकिन अचानक शांत होकर कहती है कि उसका नाम 'हिरोशिमा' है। वह जवाब देता है कि हाँ, और उसका नाम 'नेवर्स' है।हिरोशिमा की इस कहानी को याद करते हुए आज के दिन, हम उन सभी लोगों को याद करते हैं, जिन्होंने उस विनाशकारी घटना में अपने प्रियजनों को खो दिया। साथ ही, हम यह भी याद करते हैं कि कैसे इंसानियत और प्रेम हमें सबसे कठिन समय में भी संभाल सकते हैं।

-फेसबुकवाल से


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।



# जानवरों की पढ़ाई और जान बचाने की दवाई

बरेली के इज्जतनगर में स्थित भारतीय पशु चिकित्सा संस्थान (आईवीआरआई) अपने 136 साल के सफर में तमाम उपलब्धियों भरी यादें समेटे हुए है। पशुओं की बीमारियों और उपचार पर बेहतरीन शोध, 50 से ज्यादा वैक्सीन, एक सैकड़ा से अधिक नई टेक्नालॉजी का विकास तथा पशु उत्पादन एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्थान का योगदान उसे महत्वपूर्ण बनाता है। यहां वीवीएससी, एमवीएससी, पीएचडी और पीजी डिप्लोमा कोर्स संचालित होते हैं। संस्थान का कैंपस 440.40 एकड़ में फैला है। इसमें अत्याधुनिक लैब, पशु अस्पताल, प्रशिक्षण केंद्र, आवासीय परिसर और कृषि भूमि शामिल है। यहां वर्ष 1969 में स्थापित जैविक मानकीकरण विभाग वैक्सीन क्वालिटी कंट्रोल का काम करता है। यहां उन्हीं वैक्सीन की जांच होती है, जो राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम में इस्तेमाल की जाती हैं। पशु पोषण विभाग देशभर के चिड़ियाघरों में जानवरों को दिए जाने वाले आहार की जांच कर सुझाव देता है।

## पशु स्वास्थ्य क्षेत्र में शोध-अनुसंधान की उपलब्धियों से भरा है भारतीय पशु चिकित्सा संस्थान का 136 साल का सफर

### 1899 में एंटी-रिंडरपेस्ट सीरम का पहला बैच तैयार किया

- बात साल 1889 की है, देश में रिंडरपेस्ट नामक बीमारी जिसे मवेशियों का प्लेग भी कहा जाता है, महामारी के रूप में फैल चुकी थी। तत्कालीन ब्रिटिश शासन ने इस विनाशकारी संक्रामक बीमारी के साथ पशुओं में फैलने वाली अन्य प्रमुख बीमारियों के उन्मूलन के लिए एक सुव्यवस्थित अनुसंधान संस्थान की जरूरत महसूस की। महाराष्ट्र के पुणे में इंपीरियल बैक्टीरियोलॉजिकल लैबोरेटरी खोली गई, लेकिन वहां की जलवायु इस काम के लिए उपयुक्त नहीं थी, इसलिए 1893 में इसे उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में इज्जतनगर क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया। बाद में इसका नाम बदलकर इंपीरियल वेटरिनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट और आजादी के बाद भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) कर दिया गया।
- संस्थान ने 1899 में एंटी-रिंडरपेस्ट सीरम का पहला बैच तैयार किया। इसी के बाद मवेशियों और अन्य जानवरों में फैलने वाली प्लेग की बीमारी पर काबू पाया जा सका। एशिया में पशु चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थानों में शुमार आईवीआरआई का इतिहास न सिर्फ गौरवशाली है, बल्कि भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों की नींव भी है। संस्थान ने कई प्रमुख पशु रोगों की पहचान, रोकथाम और टीका विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रिंडरपेस्ट, एफएमडी, ब्रुसेलोसिस और स्वाइन फीवर जैसी बीमारियों के टीकों का विकास संस्थान की ही देन है।




### उपलब्धियों भरा सफर

- रिंडरपेस्ट बीमारी का उन्मूलन, एफएमडी, लंपी डिजीज वैक्सीन का विकास।
- पशुओं की टूटी हड्डी जोड़ने की नई तकनीक को विकसित किया जाना।
- पशुओं में हड्डियों के फ्रैक्चर के इलाज में स्टेम सेल पद्धति का प्रयोग।
- 34 पेटेंट, 26 डिजाइन, 46 कॉपीराइट, 21 मोबाइल एप तथा 5 चैटबोट एप
- ऑनलाइन पशु चिकित्सा क्लीनिक, टेली कन्सलटेंसी सर्विस संचालित।

### 13 नए डिग्री, 22 पीजी डिप्लोमा स्टार्टअप और नवाचार पर भी जोर

- संस्थान के निदेशक और वाइस चांसलर डॉ. त्रिवेणी दत्त पशुधन उत्पादन, प्रबंधन और प्रजनन के क्षेत्र में देश के अग्रणी वैज्ञानिकों में गिने जाते हैं। स्टार्टअप संवर्धन और वैज्ञानिक नवाचारों में खास रुचि रखते हैं। उनके नेतृत्व में 'वृंदावनी' गाय, 'लैंडली' सुअर तथा रोहिलखंडी बकरी जैसी नस्लों का विकास एवं पंजीकरण हुआ है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत उन्होंने 13 नए डिग्री प्रोग्राम, 22 पीजी डिप्लोमा, 68 प्रमाण पत्र कोर्स और 5 दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम आरंभ किए हैं।
- संस्थान ने हाल ही में पहली बार स्वदेशी तकनीक से कूल्हा प्रत्यारोपण की नई उपलब्धि हासिल की है। अभी तक देश में कुत्तों के लिए आर्टिफिशियल हिप उपलब्ध नहीं था। विदेशी उपकरणों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिसकी कीमत पांच लाख रुपये तक होती थी। लेकिन आईवीआरआई ने सीमेंटेड तकनीक पर आधारित हिप सिस्टम विकसित कर दिखाया है।

### शेर, अजगर, चमगादड़ से लेकर घोड़ा और ऊंट तक के कंकाल

संस्थान परिसर में वर्ष 2015 में पशु शरीर संरचना विज्ञान अनुभाग की स्थापना हुई थी। यहां छात्र-छात्राओं को एनॉटॉमी के अंतर्गत जानवरों के शरीर की संरचना समझायी जाती है। इसके संग्रहालय में बिल्ली, कुत्ता, शूकर, भेड़, भैंस, शेर, टाइगर, घोड़ा, मेंढक और गिलहरी के साथ अजगर, एमू, चमगादड़, और ऊंट के कंकाल सुरक्षित हैं। संस्थान ग्रामीण क्षेत्र में किसानों और पशुपालकों को प्रशिक्षण देकर पशुधन उत्पादन में वृद्धि और बीमारी प्रबंधन में सहयोग करता है।




लेखक: शिवांग पांडेय, बरेली

## नई किताबें

### राष्ट्र प्रेम व स्वाधीनता की दुर्लभ कविताओं की कृति




'राष्ट्र प्रेम और स्वाधीनता के गीत' काव्य कृति में युवा रचनाकार विदर्भ कुमार ने दुर्लभ कविताओं में देश प्रेम के गीतों-गजलों और स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में बच्चों के लिए प्रेरक गीतों को संग्रहित किया है। स्वतंत्रता संग्राम को अभिव्यक्त करती कविताओं में तत्कालीन कालखण्ड का अनुभूति पूर्ण बखान भी है।

**पुस्तक** : राष्ट्र प्रेम और स्वाधीनता के गीत
**लेखक** :विदर्भ कुमार
**मूल्य** :रुपये 300
**प्रकाशक** : शतरंग प्रकाशन, लखनऊ।
**संपर्क** : 8787093085, ईमेल : ltp284403@gmail.com




### प्रेमचंद को सही परिप्रेक्ष्य में समझाती है यह पुस्तक

'बोल्शेविस्ट प्रेमचंद का संघर्ष' पुस्तक साहित्यकार श्रीनारायण पाण्डेय द्वारा कथा-शिल्पी, उपन्यास-सम्राट प्रेमचंद को लेकर सत्य का अनुसंधान करती है। यह आलोचनात्मक पुस्तक प्रेमचंद के संघर्ष के सभी पक्षों को पाठकों के सामने रखती है। पहली बार 1987 में नौ अध्याय में छपने वाली इस पुस्तक का 93 वर्षीय लेखक ने संशोधित स्वरूप दिया है। शतरंग प्रकाशन लखनऊ द्वारा प्रकाशित 124 पृष्ठों की पुस्तक में कुल 12 आलेख है जिनमें 11 लेखक तथा एक आलेख आलोचक गोपाल प्रधान का है। प्रेमचन्द का प्रसिद्ध कहानी संग्रह 'सोज-ए-वतन' उर्दू में (1908 ई0) में आया था फिर हिन्दी में प्रकाशित हुआ। ब्रिटिश हुकूमत ने सोजे वतन को जब्त कर प्रतियां जला दी थीं। इसके बाद उनकी राष्ट्रीय-चेतना और तीव्र होती गई। बोल्शेविस्ट प्रेमचंद का साहित्य समाज को सजीवता के साथ स्वाधीनता के लिए प्रेरित कर रहा था। देशवासियों में नवीन चेतना जागृत करना एक वर्ग के लिए पच नहीं रहा था। आलोचनात्मक लेखों के माध्यम से प्रेमचंद पर हमले हुए। प्रेमचंद और उनके समय को सही परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए पुस्तक अत्यंत उपयोगी है।

**पुस्तक** : बोल्शेविस्ट प्रेमचंद का संघर्ष
**लेखक** : श्री नारायण पाण्डेय
**मूल्य** : रुपये 350
**प्रकाशक** : शतरंग प्रकाशन, लखनऊ।
(**समीक्षक** : सुरेन्द्र अग्निहोत्री।

## जॉब अलर्ट



### यूपी में एलटी शिक्षक आवेदन

- कुल पदों की संख्या- 7666
- न्यूनतम योग्यता – स्नातक एवं बीएड
- आयु सीमा – 21 से 40 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि- 28 अगस्त
- आवेदन लिंक- upsc.up.nic.in

### बिहार कर्मचारी चयन आयोग की स्नातक स्तरीय सम्मिलित परीक्षा

- कुल पद – 1064
- आयु सीमा- अधिकतम 37 वर्ष
- अंतिम तिथि – 19 सितंबर
- वेबसाइट - https:// bsasc.bihar.gov.in

### एम्स नर्सिंग आफिसर भर्ती

- कुल पदों की संख्या- 3500
- न्यूनतम योग्यता – बीएससी (ऑनर्स) नर्सिंग या बीएससी नर्सिंग तथा दो वर्ष का अनुभव।
- आयु सीमा – 21 से 40 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि- 11 अगस्त

### एयरपोर्ट अथॉरिटी में सीनियर असिस्टेंट की नियुक्ति

- कुल पदों की संख्या- 32
- न्यूनतम योग्यता – स्नातक
- अनुभव – संबंधित क्षेत्र में 2 वर्ष
- आयु सीमा – 18 से 30 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि- 26 अगस्त
- ऑन लाइन आवेदन –aai.aero

### हरियाणा में कृषि विकास अधिकारी के पद पर भर्ती

- कुल पदों की संख्या- 785
- न्यूनतम योग्यता – बीए आनर्स
- आयु सीमा – 18 से 42 वर्ष
- आवेदन की अंतिम तिथि- 25 अगस्त
- ऑन लाइन आवेदन – http://hpsc.gov.in

## आईआईटी कानपुर की अनूठी पहल

# तकनीकी शिक्षा में भाषाई चुनौती का समाधान करता शिवानी केंद्र

आईआईटी, कानपुर में हर साल देश भर से सैकड़ों छात्र-छात्राएं, विविध भाषाई और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से, तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने आते हैं। लेकिन उच्च शिक्षा में अंग्रेजी भाषा का ही उपयोग होने के कारण उनको अक्सर कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसी चुनौती का समाधान करके छात्रों को सुगम शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने के प्रयास का नाम है, शिवानी। शिवानी केंद्र की कोशिश रहती है कि तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई और शोध में भाषा कोई बाधा न बने और हर छात्र-छात्रा को अपनी मातृभाषा में समझ के साथ आगे बढ़ने का मौका मिले।



### हिंदी साहित्य की लोकप्रिय लेखिका थीं शिवानी

शिवानी केंद्र 22 साल पहले आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र मुक्तेश (मिक्की) पंत के सहयोग से स्थापित हुआ था। यह केंद्र, उनकी मां गौरा पंत, जिन्हें प्रसिद्ध कथाकार शिवानी के नाम से जाना जाता है, की स्मृतियों को श्रद्धांजलि है। शिवानी (जन्म 17 अक्टूबर, 1923, राजकोट, गुजरात, निधन 21 मार्च 2003), हिंदी साहित्य की प्रतिष्ठित और लोकप्रिय लेखिका थीं। वर्ष 1982 में हिंदी साहित्य में योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री से सम्मानित किया था। उनके नाम पर आईआईटी कानपुर में स्थापित केंद्र का उद्देश्य नए छात्र-छात्राओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ना और उन्हें भाषा संबंधी सहायता प्रदान करना है।

### नई टेक्नालॉजी के जरिए अलग अलग भाषाओं को आसानी से समझने पर चल रहा काम

- केंद्र यह सुनिश्चित करता है कि अंग्रेजी भाषा में शिक्षण की गति के कारण कोई भी छात्र मूलभूत अवधारणाओं को समझने में पीछे न रह जाए। इसके लिए केंद्र हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं में शैक्षणिक सामग्री बनाने अथवा अनुवाद करने के लिए संकाय सदस्यों और शिक्षकों को समान रूप से प्रेरित करता है,ताकि छात्र अपनी मातृभाषा में अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझ सकें। राजभाषा प्रकोष्ठ एवं हिंदी साहित्य सभा के साथ मिलकर कार्यशालाओं, पुस्तक मेलों,संगोष्ठियों और कार्यक्रमों का आयोजन करता है, ताकि हिन्दी और अन्य भारतीय भाषाओं के समृद्ध साहित्य-भंडार एवं रचनात्मक संस्कृति से छात्र-छात्राएं परिचित हो सकें। केंद्र केवल भाषा सीखने और साहित्यिक संवर्धन तक ही सीमित नहीं है, तकनीकी योगदान देने और हिंदी-आधारित सॉफ्टवेयर के प्रचलित उपयोग को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। केंद्र में वर्चुअल रियलिटी जैसी नई टेक्नोलॉजी के जरिए अलग-अलग भाषाओं में बातचीत को आसान बनाने और समझने पर भी काम चल रहा है।





प्रस्तुति: प्रोफेसर डॉ. कांतेश बलानी लेखक शिवानी केंद्र, आईआईटी. कानपुर में समन्वयक का दायित्व संभाल रहे हैं।

# इंडस्ट्री में सीखो और नौकरी पक्की करो

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत पूरे प्रदेश में करीब पांच लाख युवाओं को 400 से अधिक ट्रेड में ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। मिशन ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का लक्ष्य सभी प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित कर दिया है। इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए जिलों में औद्योगिक क्षेत्र की मांग, उपलब्ध संसाधन, प्रशिक्षण प्रदाताओं की उपलब्धि तथा सेवायोजन क्षमता का आकलन किया गया। प्रशिक्षण को नौकरी देने वाला बनाने के लिए 47 प्रतिशत औद्योगिक इकाइयों को प्रशिक्षण प्रदाता बनाया गया है। बीते साल औद्योगिक इकाइयों को प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में मात्र तीन प्रतिशत भागीदारी दी गई थी। इस कदम से औद्योगिक प्रशिक्षण प्रदाता अपनी औद्योगिक इकाई के अनुरूप प्रशिक्षण देकर बेहतर सेवायोजन उपलब्ध करा सकेंगे। हालांकि अब एक प्रशिक्षण प्रदाता केवल पांच जिलों में ही प्रशिक्षण प्रदान कर सकेगा।



> इस साल पूरे प्रदेश में करीब पांच लाख युवाओं के पास 400 से अधिक ट्रेडों में प्रशिक्षण का मौका

> उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में 47 फीसदी औद्योगिक इकाइयों को प्रशिक्षण प्रदाता बनाया गया

### प्रतिभागियों के कौशल को बाजार की मांग के अनुरूप निखारा जाता

- उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन वास्तव में स्किल इंडिया मिशन के समान है। योजना में प्रशिक्षण केंद्रों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करके प्रतिभागियों के कौशल को बाजार की मांग के अनुरूप निखारा जाता है। फैशन डिजाइनिंग, मोटर वाहन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिशियन, ब्यूटीशियन, स्वास्थ्य सेवा जैसे तमाम क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। अंग्रेजी भाषा और कंप्यूटर शिक्षा का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल रहता है। यह प्रशिक्षण उन युवाओं के लिए खास उपयोगी है, जो आगे की शिक्षा नहीं ले पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के निवासी युवा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो, प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पासपोर्ट तस्वीर, जन्म प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है। आवेदक को उत्तर प्रदेश सरकार की यूपी स्किल डेवलपमेंट मिशन की आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म भरने के बाद यूजर नेम और पासवर्ड प्रदान किया जाता है।

## बिजनेस ब्रीफ

### जुर्गेन दक्षिण एशिया के लिए एयरबस के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** विमान विनिर्माता कंपनी एयरबस ने जुर्गेन वेस्टरमियर को भारत व दक्षिण एशिया के लिए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। वह रेमी मेलार्ड की जगह लेंगे, जो एयरबस में वाणिज्यिक विमान के लिए कार्यकारी उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) और प्रौद्योगिकी प्रमुख की भूमिका संभालेंगे। विमान विनिर्माता कंपनी ने कहा कि जुर्गेन की नियुक्ति 1 सितंबर से प्रभावी होगी। जुर्गेन वर्तमान में एयरबस में कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य खरीद अधिकारी हैं। भारत एयरबस के लिए एक प्रमुख बाजार है, जिसकी वाणिज्यिक विमान और रक्षा क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपस्थिति है।

### ब्रिटानिया का क्षेत्रीय कंपनियों से मुकाबला

**नई दिल्ली।** बेकरी उत्पाद बनाने वाली दिग्गज कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज ने कहा है कि वह कुछ इलाकों में क्षेत्रीय कंपनियों की चुनौती से निपटने के लिए तैयार है। ये क्षेत्रीय कंपनियां आक्रामक मूल्य निर्धारण और वितरकों के लिए उच्च मार्जिन के साथ बड़े ब्रांडों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। ब्रिटानिया ने कहा कि वह छोटे क्षेत्रों में कई लड़ाइयां लड़ने के लिए तैयार है, और इसके लिए उसने एक विशेष कोष भी बनाया है। कंपनी ने हाल में जिंस मुद्रास्फीति के प्रभाव से बचने के लिए कीमतों में वृद्धि की है और अब वह 'अच्छी स्थिति' में है। ब्रिटानिया के वाइस चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक वरुण बेरी ने वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि ब्रिटानिया छोटी कंपनियों के साथ मुकाबला करने के लिए अतिरिक्त खर्च करने को भी तैयार है।

### ब्लूस्टोन ज्वेलरी का आईपीओ 11 को

**नई दिल्ली।** अपने प्रमुख ब्रांड 'ब्लूस्टोन' के तहत समकालीन आभूषण पेश करने वाली कंपनी, ब्लूस्टोन ज्वेलरी एंड लाइफस्टाइल ने बुधवार को अपने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए 492 रुपये से 517 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया है। कंपनी का आईपीओ 11 से 13 अगस्त तक बिक्री के लिए खुला रहेगा। इसमें 820 करोड़ का नया निर्गम और 720.65 करोड़ मूल्य के 1,39,39,063 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है। मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर लेनदेन का आकार 1,540.65 करोड़ हो जाता है। शेयर बेचने वालों में कलारी कैपिटल पार्टनर्स II, एलएलसी, सामा कैपिटल II, लिमिटेड, सुनील कांत मुंजाल आदि हैं।

# वैश्विक वृद्धि में भारत का योगदान अमेरिका से कहीं अधिक

## ट्रंप के बयान पर आरबीआई के गवर्नर मल्होत्रा ने कहा- भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बहुत अच्छा

**तीसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक**

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है और वैश्विक वृद्धि में अमेरिका से कहीं अधिक योगदान दे रही है। भारत की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है, जबकि वैश्विक वृद्धि दर 3% रहने का अनुमान है।

मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के बाद कहा, हम वैश्विक वृद्धि में 18% का योगदान दे रहे हैं, जो 11% योगदान देने वाले अमेरिका से कहीं अधिक है। ट्रंप ने भारत के रूस से सस्ते तेल की खरीद पर पिछले हफ्ते नाखुशी जाहिर करते हुए भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताया था। ट्रंप ने कहा था, मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को साथ लेकर डूब सकते हैं। इस बयान पर मल्होत्रा ने कहा कि ऐसी किसी भी स्थिति में भारत में महंगाई पर असर नहीं पड़ेगा। अगर भारत को अपनी तेल खरीद रूस के बजाय कहीं और से करने के लिए मजबूर किया गया तो भी घरेलू मुद्रास्फीति पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यदि जरूरत पड़ी तो सरकार शुल्क में कटौती कर आम लोगों को राहत दे सकती है। वहीं, आरबीआई की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों का प्रत्यक्ष प्रभाव घरेलू मुद्रास्फीति पर नहीं होगा।



मौद्रिक नीति पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए जाते आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा, डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता, स्वामीनाथन जानकीरमन, एम. राजेश्वर राव और टी. रबी शंकर।

### वृद्धि दर 6.5% रखा और महंगाई अनुमान घटाया

आरबीआई ने 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान बुधवार को 6.5% पर बरकरार रखा। साथ ही केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के अनुमान को 3.7 से घटाकर 3.1% कर दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति के फैसले साझा करते हुए संजय मल्होत्रा ने कहा कि सामान्य से बेहतर दक्षिण-पश्चिम मानसून, कम मुद्रास्फीति, क्षमता इस्तेमाल में बढ़ोतरी और अनुकूल वित्तीय स्थितियां घरेलू आर्थिक गतिविधियों को समर्थन दे रही हैं। मजबूत सरकारी पूंजीगत व्यय सहित सहायक मौद्रिक, नियामकीय एवं राजकोषीय नीतियों से भी मांग में तेजी आने की उम्मीद है। आने वाले महीनों में निर्माण और व्यापार में निरंतर वृद्धि से सेवा क्षेत्र में भी गति बनी रहने के आसार हैं। वृद्धि दर मजबूत है और अनुमानों के अनुसार बनी है। हालांकि, यह हमारी आकांक्षाओं से कम है।

### मौद्रिक नीति समीक्षा की मुख्य बातें

- वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार।
- 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान घटाकर किया 3.1 प्रतिशत।
- चालू खाते का घाटा (सीएडी) टिकाऊ स्तर के भीतर रहने का अनुमान।
- मौद्रिक नीति का पूरा लाभ ग्राहकों को मिलना अभी जारी।
- फरवरी से एक प्रतिशत की कटौती का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव अब भी जारी।
- आरबीआई ऐसे बैंक ग्राहकों के खातों और लॉकर से जुड़े दावों की निपटान प्रक्रिया को मानकीकृत करेगा जिनका निधन हो चुका है।
- आरबीआई 'रिटेल-डायरेक्ट' मंच की कार्यक्षमता का विस्तार करेगा ताकि खुदरा निवेशक व्यवस्थित निवेश योजनाओं (एसआईपी) के माध्यम से 'ट्रेजरी बिल' यानी सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश कर सकें।
- एमपीसी की अगली बैठक 29 सितंबर से एक अक्टूबर 2025 को होगी।

### अनिश्चितताओं, मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण रेपो दर को रखा यथावत

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं, नीतिगत दरों में एकबारगी बड़ी कटौती और मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि से केंद्रीय बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है। मल्होत्रा ने वृद्धि को समर्थन देने के लिए आरबीआई की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 6.5% की वृद्धि अपेक्षा से धीमी है। मल्होत्रा ने कहा कि छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) सतर्क रहेगी और दरों पर उचित निर्णय लेने के लिए सभी आने वाले आंकड़ों पर नजर रखेगी। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि दरों में कटौती की संभावनाएं कम होती जा रही हैं। ब्याज दरों को यथावत रखने के सर्वसम्मत निर्णय के कारणों को गिनाते हुए मल्होत्रा ने कहा, हमने फरवरी से जून तक चार महीने की छोटी अवधि में रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती की है। इसका लाभ अब भी मिल रहा है। शुल्क वार्ताओं और अस्पष्ट भू-राजनीतिक पहलुओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वैश्विक अनिश्चितताएं कायम हैं। इसके अलावा बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति ने भी नीतिगत निर्णय को प्रभावित किया। ब्याज दरों में कटौती के बावजूद ऋण वृद्धि में तेजी नहीं आने के बारे में सीधे तौर पर अपने विचार व्यक्त किए बिना गवर्नर ने कहा कि कुछ हद तक लाभ हस्तांतरण अभी होना बाकी है।

### भारांश औसत कॉल दर को बनाए रखने की सिफारिश

आरबीआई के आंतरिक समूह ने मौद्रिक नीति के परिचालन लक्ष्य के रूप में एक दिन के भारांश औसत कॉल दर (डब्ल्यूएसीआर) को बनाए रखने की अनुशंसा की है। भारांश औसत कॉल दर वह औसत ब्याज दर है जिस पर बैंक अंतर-बैंक बाजार में एक-दूसरे को एक दिन के लिए कर्ज देते हैं। यह रिजर्व बैंक के लिए नकदी प्रबंधन और अर्थव्यवस्था में ब्याज दरों को प्रभावित करने का परिचालन लक्ष्य है। आरबीआई के आंतरिक समूह ने नीतिगत दर पर परिचालन लक्ष्य दर को बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न अवधियों के रेपो एवं रिवर्स रेपो परिचालन के लिए परिवर्तनीय दर नीलामी व्यवस्था को जारी रखने की भी सिफारिश की है। मौजूदा नकदी प्रबंधन ढांचे की समीक्षा के लिए गठित डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता की अध्यक्षता वाले आंतरिक कार्य समूह (आईडब्ल्यूजी) की रिपोर्ट संबंधित पक्षों की टिप्पणियों के लिए आरबीआई की वेबसाइट पर डाली गई है।

## पेटीएम हुआ स्वदेशी, चीनी स्वामित्व खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का स्वामित्व अब भारतीयों के हाथ में है। नौ साल पहले पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने कंपनी के स्वामित्व ढांचे कहा था, हम मारुति जितने ही भारतीय हैं। अब पेटीएम भावना व शेयरधारिता दोनों ही दृष्टि से पूरी तरह से भारतीय कंपनी बन गई है।

उद्योगपति जैक मा की कंपनी एंट फाइनेंशियल ने डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी समूची 5.84% हिस्सेदारी 3,980 करोड़ में बेच दी है। पेटीएम अब टाटा की तरह ही भारतीय है। यह परिवर्तन एंटफिन (नीदरलैंड) होल्डिंग बी वी के हाल ही में बाहर निकलने के साथ आधिकारिक हो गया, जिसने थोक सौदे से पेटीएम में अपनी शेष 5.84 प्रतिशत हिस्सेदारी 3,800 करोड़ में बेच दी। साथ ही कंपनी में चीनी स्वामित्व शून्य हो गया है, जो इसकी शेयरधारिता में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है।

विजय शेखर शर्मा ने 2016 में भारत के प्रति पेटीएम की प्रतिबद्धता की पुष्टि की थी और कंपनी के भारतीय मूल्यों के तालमेल पर जोर दिया था। शर्मा ने स्थानीय नियमों के प्रति पेटीएम की दृढ़ता, नवाचार के प्रति भारत-प्रथम दृष्टिकोण और भारतीय उपभोक्ताओं व व्यापारियों को सशक्त बनाने पर उसके अटूट ध्यान का उल्लेख किया था।




- **एंट फाइनेंशियल ने वन97 कम्युनिकेशंस में अपनी 5.84% हिस्सेदारी 3,980 करोड़ में बेची**

## शुल्क का बोझ अमेरिका में निम्न-आय वालों पर अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के भारत पर शुल्क बढ़ाने की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की सदस्य शमिका रवि ने कहा कि किसी भी वृद्धि का बोझ निम्न-आय वाले अमेरिकी परिवारों पर पड़ेगा।

ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है और वह अगले 24 घंटों में भारत पर शुल्क में 'काफी' वृद्धि करेंगे। रवि ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ट्रंप के शुल्क वास्तव में वैश्विक बाजारों में उपलब्ध सस्ते सामान पर एक कर हैं, जिसका बोझ कम आय वाले अमेरिकी परिवारों पर पड़ेगा। उन्होंने कहा, ये शुल्क अंत में कम आय वाले अमेरिकी परिवार ही अमेरिकी सरकार को देते हैं। ट्रंप ने एक अगस्त को भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने साथ ही कहा कि रूस से हथियार और कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा, हालांकि इस बारे में आगे कुछ नहीं बताया गया।



- **निर्यातकों के निकाय फियो ने कहा- देश के कुल निर्यात में गुजरात की 26.6% हिस्सेदारी**

### अमेरिकी शुल्क का भारत के जीडीपी और निर्यात पर दिखेगा 'नगण्य' प्रभाव

ट्रंप के भारतीय वस्तुओं पर घोषित शुल्क का देश के सकल घरेलू उत्पाद पर 'नगण्य' प्रभाव दिखाई देगा, क्योंकि इससे अमेरिका को होने वाला सिर्फ 8.1 अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित हो सकता है। पीएचडीसीसीआई ने बुधवार को जारी अध्ययन में यह संभावना जताई। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के अध्ययन में अमेरिकी शुल्क के असर को कम करने के लिए कई उपायों की सिफारिश भी की गई है। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष हेमंत जैन ने कहा, अमेरिका द्वारा भारत पर शुल्क के चलते भारत के कुल वैश्विक वस्तु निर्यात पर सिर्फ 1.87 प्रतिशत और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) पर सिर्फ 0.19% का असर पड़ेगा। शुल्क से इंजीनियरिंग सामान, रत्न एवं आभूषण और तैयार वस्त्र उद्योग प्रभावित होंगे। उद्योग निकाय ने अमेरिकी शुल्क के मद्देनजर बाजार में पैठ बढ़ाने, उत्पाद विकास और बाजार विविधीकरण सहित कई उपायों की सिफारिश की है।

**राष्ट्रीय**

# सरकार का एसआईआर पर चर्चा से इनकार

## मानसून सत्र : गतिरोध से नहीं चले संसद के दोनों सदन, वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक पारित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विपक्षी दलों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर बुधवार को भी लोकसभा में हंगामा किया, जिससे सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न 2.25 बजे दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में कहा कि एसआईआर का मुद्दा उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और लोकसभा के नियमों और परंपराओं के तहत इस मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती।

विपक्षी सदस्यों के शोर-शराबे के बीच ही सदन ने वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक, 2025 को पारित कर दिया। कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मानसून सत्र में पिछले कई दिन से एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा कर रहे हैं, जिससे सदन में गतिरोध बना हुआ है। सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दो बजे शुरू हुई तो संसदीय कार्य मंत्री रीजीजू ने कहा कि सरकार सदन में किसी भी विषय पर चर्चा के लिए तैयार रही है लेकिन विपक्ष एसआईआर का मुद्दा उठा रहा है, वह उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और सदन की कार्य प्रक्रियाओं के नियम और परंपराओं के तहत यहां इस मुद्दे पर चर्चा नहीं हो सकती।

इस दौरान विपक्ष के सदस्य आसन के पास आकर एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी कर रहे थे। शोर-शराबे के बीच ही पीठासीन सभापति संध्या राय ने पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल को वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक, 2024 को चर्चा के लिए पेश करने को कहा। विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा के बाद सदन ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच ही ध्वनिमत से इसे पारित कर दिया। इसके बाद पीठासीन सभापति ने कार्यवाही बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।



मानसून सत्र के दौरान सदन को संबोधित करते संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू।

### हंगामे से नहीं चल पाए शून्यकाल -प्रश्नकाल

नई दिल्ली। एसआईआर के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे से राज्यसभा की कार्यवाही भी बुधवार को एक बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे से सदन में शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं चल सके। आज हालांकि हंगामे के बीच ही 'समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक, 2025' को मंजूरी दी गई। लोकसभा में यह विधेयक 28 मार्च को पारित हुआ था। सुबह 11 बजे उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर पूर्व सदस्य सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद उपसभापति हरिवंश ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 35 नोटिस मिले हैं। ये नियमों के अनुरूप नहीं हैं अतः इन्हें खारिज किया गया है। इस पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कुछ सदस्यों ने जानना चाहा कि उनके नोटिस क्यों खारिज किए गए। उपसभापति ने विपक्षी सदस्यों से आग्रह किया कि सदन को सुचारु रूप से चलने दिया जाए ताकि सदस्य शून्यकाल के दौरान अपने मुद्दे उठा सकें। उन्होंने कहा कि मैंने स्पष्ट रूप से समझाया है। कई सदस्य मेरे पास आए और कहा कि हमें शून्यकाल में अपने मुद्दे उठाने का अधिकार है। कृपया उन्हें अपने सवाल उठाने की अनुमति दें। हरिवंश ने हंगामा कर रहे सदस्यों से शांत रहने तथा कार्यवाही चलने देने का अनुरोध किया, लेकिन सदन में व्यवस्था बनते न देख उन्होंने 11 बजकर दस मिनट पर बैठक दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी। दोपहर दो बजे जब सदन की कार्यवाही पुनः आरंभ हुई, तो विपक्षी सदस्य एसआईआर मुद्दे पर चर्चा की मांग करने लगे। हंगामे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2025-26 के लिए मणिपुर की अनुदान मांगें सदन में प्रस्तुत कीं। पीठासीन अध्यक्ष भुवनेश्वर कलिता ने 'समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक, 2025' पर चर्चा को आगे बढ़ाने की अनुमति दी।



मानसून सत्र के दौरान सदन का संचालन करते राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह।

## 'फांसी घर' पर विवाद : आतिशी व आप विधायकों को सदन से निकाला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली विधानसभा परिसर में ब्रिटिशकालीन तथाकथित 'फांसी घर' की प्रमाणिकता को लेकर बुधवार को भाजपा सदस्यों से तीखी बहस के बाद विपक्ष की नेता आतिशी और आप विधायकों को मार्शलों की मदद से सदन से निकाल दिया गया।

विधानसभाध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि 2022 में जिस कक्ष का जीर्णोद्धार किया गया और तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उद्घाटन किया, वह वास्तव में टिफिन रूम था, न कि औपनिवेशिक काल का फांसी स्थल। मंत्री कपिल मिश्रा ने पिछली आप सरकार पर झूठा वृत्तांत पेश करके इतिहास से छेड़छाड़ का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, उन्होंने टिफिन रूम को नकली फांसी स्थल में बदलने में करोड़ों खर्च किए, शहीदों का अपमान किया और लोगों को गुमराह किया। हालांकि, आप विधायक संजीव झा ने इस कमरे के ऐतिहासिक महत्व का बचाव करते हुए तर्क दिया कि ऐसे कई फांसी स्थलों का आधिकारिक तौर पर रिकॉर्ड नहीं रखा गया। उन्होंने कहा, इसके 1912 के नक्शे में, यही एकमात्र दोमंजिला संरचना है जो फांसी कक्ष से मेल खाती है।



### झूठे दावे शहीदों का अपमान और जनता से धोखा : रेखा

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा विधानसभा भवन के एक हिस्से को फांसी घर बताने के दावे को खारिज करते हुए विधानसभा में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनता की भावनाओं से खेलते हुए और सहानुभूति बटोरने के लिए बिना किसी प्रमाण, दस्तावेज या ऐतिहासिक आधार के विधानसभा भवन के एक हिस्से को फांसी घर घोषित कर दिया। वह शुरुआत से ही कैलकुलेटिव ढंग से राजनीति करते रहे- हर हावभाव, हर पहनावा, हर नाटक किसी उद्देश्य से किया। ईमानदारी, देशभक्ति और त्याग का दिखावा कर जनता को गुमराह किया गया, जबकि असलियत में यह सब एक स्क्रिप्टेड ड्रामा था।

## कॉलेज छात्रा ने खुद को आग लगाकर दी जान

**केंद्रपाड़ा (ओडिशा), एजेंसी**

- **ओडिशा में तीसरी आग लगाकर आत्महत्या करने की घटना**
- **प्रेमी के ब्लैकमेल करने के बाद उठाया दुस्साहसी कदम**

ओडिशा में बुधवार को कॉलेज छात्रा ने अपने प्रेमी द्वारा ब्लैकमेल किए जाने के बाद घर में खुद को आग लगाकर आत्मदाह कर ली। 12 जुलाई के बाद से राज्य में किसी महिला की जलने से मौत की यह तीसरी घटना है। ताजा घटना पट्टामुंडई (ग्रामीण) थाना क्षेत्र के काठियापाड़ा गांव में सुबह हुई।

20 वर्षीय युवती के पिता ने दावा किया कि जब वह घर में अकेली थी, तो उसने अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। वह एक युवक के साथ रिश्ते में थी, जो उसे ब्लैकमेल कर रहा था। युवती ने छह महीने पहले पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस ने मेरी बेटी से कहा कि अगर वह व्यक्ति उसे परेशान कर रहा है तो वह उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दे। केंद्रपाड़ा के एसपी सिद्धार्थ कटारिया घटनास्थल पर पहुंचे और कहा, मामले की जांच की जाएगी। यह ऐसी तीसरी घटना है। इससे पहले, बालासोर के कॉलेज छात्रा ने आत्मदाह किया था और पुरी की 15 वर्षीय लड़की की भी दो अगस्त को जलने से मौत हो गई थी।

## योजनाओं में सीएम के नाम के प्रयोग संबंधी आदेश रद्द

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को बुधवार को रद्द कर दिया, जिसमें तमिलनाडु की द्रमुक सरकार को कल्याणकारी योजनाओं में वर्तमान और पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम एवं तस्वीर का प्रयोग नहीं करने को कहा गया था। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने के लिए अन्नाद्रमुक नेता सी. वी. षणमुगम पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

न्यायालय ने कहा कि राज्य की कल्याणकारी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री के नाम के प्रयोग के खिलाफ याचिका अनुचित और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है। पीठ ने षणमुगम को एक सप्ताह में राज्य सरकार के पक्ष में राशि का भुगतान करने को कहा तथा स्पष्ट किया कि ऐसा न करने पर अवमानना का मुकदमा चलाया जाएगा। पीठ ने आदेश दिया, याचिका पूरी तरह से अनुचित, क़ानूनी तौर पर ग़लत और क़ानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग भी थी। इसलिए हम विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को मंजूरी देते हैं और मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हैं। हम उच्च न्यायालय में लंबित रिट याचिका को भी खारिज करने के पक्ष में हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमने बार-बार कहा है कि राजनीतिक लड़ाइयों का निपटारा मतदाताओं के समक्ष होना चाहिए और इसके लिए अदालतों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।



- **मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर अन्नाद्रमुक नेता पर लगा 10 लाख का जुर्माना**

### न्यायालय ने बिहार की मतदाता सूची मसौदा से हटाए गए 65 लाख मतदाताओं का ब्योरा मांगा

सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयोग से बिहार में मतदाता सूची मसौदा से बाहर किए गए 65 लाख मतदाताओं का विवरण नौ अगस्त तक प्रस्तुत करने को कहा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, उज्जल भुइयां और एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने निर्वाचन आयोग के वकील से कहा कि वे हटाए गए मतदाताओं का विवरण प्रस्तुत करें और इसकी एक प्रति गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' को दें। यह विवरण पहले ही राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जा चुका है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्देश देने वाले निर्वाचन आयोग के 24 जून के आदेश को चुनौती देने वाले एनजीओ ने आवेदन दायर कर 65 लाख हटाए मतदाताओं के नाम प्रकाशित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है।

## शिक्षा से वंचित अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करें राज्य : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **कहा- 2027 की जनगणना में ऐसे बच्चों के आंकड़ों को शामिल करने पर विचार करे केंद्र**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सभी राज्यों को ऐसे अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया, जो 'बच्चों के मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम, 2009' के तहत शिक्षा से वंचित हैं। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र से 2027 में होने वाली आगामी जनगणना में ऐसे बच्चों के आंकड़ों को शामिल करने पर विचार करने को कहा।

शीर्ष अदालत देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले अनाथ बच्चों के लिए चिंता जताने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने राज्यों को उन अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया, जिन्हें 2009 अधिनियम के प्रावधानों के तहत स्कूलों में प्रवेश दिया गया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि अनाथ बच्चों के संरक्षण और देखभाल के लिए केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाएं अपर्याप्त हैं, जिनपर विचार करने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने कहा, राज्यों को उन अनाथ बच्चों का सर्वेक्षण करना होगा, जिन्हें अधिनियम के प्रावधानों के तहत पहले ही प्रवेश दिया जा चुका है, साथ ही उन बच्चों का भी सर्वेक्षण करना होगा, जो अधिनियम के तहत मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पुणे: एमबीबीएस छात्रा ने हॉस्टल में आत्महत्या की

**पुणे।** पुणे के एक कॉलेज के छात्रावास में मेडिकल की 21 वर्षीय छात्रा ने अपने कमरे में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि छात्रा मंगलवार देर रात फंदे से लटकी मिली। घटनास्थल से एक नोट मिला है जिसमें उसने लिखा है कि उसका मानसिक उपचार चल रहा था और वह आगे पढ़ाई करना चाहती थी। पुलिस ने बताया कि छात्रा राजस्थान की रहने वाली थी और यहां सरकारी बीजे मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। वह छात्रावास के एक कमरे में दो अन्य छात्राओं के साथ रह रही थी। जब वह देर शाम तक कमरे में वापस नहीं लौटी तो उसके साथ रहने वाली लड़कियों ने थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। इसी बीच एक अन्य छात्रा ने उसे दूसरे कमरे में फंदे से लटका देखकर हॉस्टल अधिकारियों को सूचना दी।

### अमेरिका को समय पर जवाब देंगे : लुला

**ब्राजीलिया।** राष्ट्रपति लुइज इनासियो लुला दा सिल्वा ने कहा कि ब्राजील, अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ का जवाब समय पर देगा और इस मुद्दे को विश्व व्यापार संगठन तक ले जाएगा। लुला ने कहा कि सरकार ब्राजील की जनता के लिए प्रतिबद्ध है। उनकी सरकार आर्थिक और सामाजिक नुकसान को कम करने के लिए तुरंत योजना लागू करेगी। उन्होंने कहा, हम इन उपायों से प्रभावित ब्राज़ील के श्रमिकों और कंपनियों की रक्षा करेंगे और अपने हितों की रक्षा के लिए विश्व व्यापार संगठन सहित सभी दूसरे रास्ते भी अपनाएंगे। उन्होने कहा कि ब्राजील वार्ता अभी चल रही है और अमेरिकी प्राधिकारियों के साथ बातचीत मार्च से ही जारी है।

### श्रीलंका: राजपक्षे परिवार का सदस्य गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में वर्तमान एनपीपी सरकार के भ्रष्टाचार रोधी अभियान के तहत बुधवार को शशीन्द्र राजपक्षे को गिरफ्तार कर लिया गया। मौजूदा सरकार के दौरान राजपक्षे परिवार के किसी सदस्य की यह पहली गिरफ्तारी है। शशीन्द्र पर देश के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में सरकारी स्वामित्व वाली भूमि का दुरुपयोग करने का आरोप है। भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने राजपक्षे बंधुओं में सबसे बड़े चमल राजपक्षे के पुत्र शशीन्द्र को गिरफ्तार करके कोलंबो मुख्य मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया। उन्हें 19 अगस्त तक हिरासत में भेज दिया गया है।

### कैलिफोर्निया के जंगल में लगी भीषण आग

**लॉस एंजिलिस।** मध्य कैलिफ़ोर्निया में तेज़ी से फैल रही एक जंगल की आग से सैकड़ों इमारतों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आग ने पांच दिनों से भी कम समय में 82,000 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र को चपेट में ले लिया है। अमेरिकी वन सेवा और कैलिफ़ोर्निया वानिकी एवं अग्नि सुरक्षा विभाग के अनुसार, गिफ़र्ड फ़ायर नामक यह जंगल की आग शुक्रवार अपराह्न भड़की थी। मौजूदा समय में आग सैन लुइस ओबिस्पो और सांता बारबरा दोनों काउंटियों में सांता लूसिया रोड धधक रही है।

# अमेरिका में रूस से आयात के सवाल पर अनजान बने ट्रंप, बोले- जांच कराऊंगा

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- रूस के साथ बैठक के बाद टैरिफ पर लेंगे अंतिम निर्णय

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्हें रूस से यूरेनियम, उर्वरक और रसायनों के अमेरिकी आयात के बारे में कोई जानकारी नहीं है। ट्रंप ने इन सामान को अमेरिका में आयात किए जाने संबंधी भारत के बयान पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता है। मुझे इसकी जांच करनी होगी, लेकिन हम इस पर जवाब देंगे।

भारत पर 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाने की घोषणा से ऐन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वह जल्द ही उन देशों पर टैरिफ लगाने का फैसला करेंगे जो रूसी ऊर्जा खरीद रहे हैं। ट्रंप ने भारत पर यह आरोप भी लगाया कि वह बड़ी मात्रा में रूसी तेल खरीद रहा है और उसे मुनाफे में बेच रहा है। भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीद के लिए नई दिल्ली को अनुचित और अविवेकपूर्ण तरीके से निशाना बनाने पर सोमवार को अमेरिका और यूरोपीय संघ पर जोरदार पलटवार किया था। ट्रंप ने रूस से ऊर्जा खरीदने वाले चीन समेत सभी देशों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी देने के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैंने कोई प्रतिशत नहीं बताया लेकिन हम ऐसा ही कुछ करने जा रहे हैं। देखते हैं आगे क्या होता है। उन्होंने यह भी कहा कि बुधवार को रूस के साथ एक बैठक होने वाली है। उन्होंने कहा, हम देखेंगे क्या होता है और उसी समय निर्णय लेंगे। इससे पहले, मंगलवार को सीएनबीसी को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि भारत एक अच्छा व्यापारिक साझेदार नहीं रहा है, वह अगले 24 घंटों में उस पर शुल्क को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएंगे क्योंकि वह रूसी तेल खरीद रहा है और जंगी मशीन को ईंधन मुहैया करा रहा है।



व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम में ट्रंप को ओलंपिक 1984 के पदकों सेट प्रदान किया गया।

### विदेश मंत्रालय ने दिया था ट्रंप को जवाब

ट्रंप की टिप्पणी के जवाब में भारत ने सोमवार को अमेरिका और यूरोपीय संघ के रूस के साथ जारी व्यापारिक संबंधों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा था कि अमेरिका तथा यूरोपीय संघ दोनों ही रूस के साथ व्यापारिक संबंध जारी रखे हुए हैं। जहां तक अमेरिका का सवाल है, वह अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, अपने ईवी उद्योग के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायनों का आयात जारी रखे हुए है।

### शांति वार्ता की समय सीमा से पहले ट्रंप के दूत पुतिन से मिले



**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यहां मुलाकात की है। यह बैठक व्हाइट हाउस की ओर से रूस को यूक्रेन के साथ शांति समझौता करने के लिए दी गई समय सीमा से कुछ दिन पहले हुई। अमेरिका ने चेतावनी दी है कि शांति समझौता नहीं करने पर रूस को गंभीर आर्थिक दंड का सामना करना पड़ सकता है, जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देश भी प्रभावित हो सकते हैं। रूस के लिए ट्रंप की समय सीमा शुक्रवार को समाप्त होगी। ट्रंप ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर रूस के बढ़ते हमलों पर पुतिन के प्रति निराशा व्यक्त की है।

## कई नई संभावनाएं जगा सकती है... मोदी की चीन यात्रा



ऐसे समय में जबकि रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत और अमेरिकी के संबंधों में लगातार तनाव बढ़ रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित चीन यात्रा के महत्व को समझने के लिए कई दृष्टिकोण हो सकते हैं। जो वैश्विक हालात हैं उनमें मोदी की चीन यात्रा को द्विपक्षीय मुलाकात के बजाय वैश्विक शक्ति-संतुलन के संदर्भ में देखना ज्यादा महत्वपूर्ण है। यह यात्रा भारत-चीन के सीमा विवाद के समाधान की दिशा में बातचीत का मार्ग प्रशस्त कर सकती है, लेकिन चीन-पाकिस्तान निकटता और इंडो-पैसिफिक रणनीति में प्रतिस्पर्धा के कारण संबंधों में पूर्ण सुधार की संभावना को भी सीमित करती है। फिर भी यह यात्रा भारत को अमेरिका और चीन दोनों के साथ अपने हित सुरक्षित रखने का अवसर दे सकती है, साथ ही ब्रिक्स जैसे मंचों पर भारत की भूमिका को मजबूत करने में मदद कर सकती है।

### तनाव की पृष्ठभूमि में यात्रा

- वर्ष 2020 के गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर अविश्वास और सैन्य तनाव बना हुआ है। अब भी एलएसी पर कई स्थानों पर सैनिकों की तैनाती उच्चस्तर पर है।
- चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव दक्षिण एशिया में प्रभाव बढ़ा रहा है, भारत इसे संप्रभुता के लिए खतरा मानता है, खासकर सीपीईसी के कारण जो पीओके से गुजरता है।
- सीमा विवाद के बाद भारत ने चीन के दो सौ से ज्यादा एप्स पर प्रतिबंध लगा दिए थे, साथ ही निवेश नियम सख्त कर दिए थे। इसका असर व्यापारिक संबंधों पर भी पड़ा है।

### ये हैं संभावनाएं

- यह यात्रा संकेत हो सकती है कि भारत और चीन दोनों अपने आर्थिक और सुरक्षा हितों को देखते हुए संवाद के रास्ते खोलने के इच्छुक हैं।
- अमेरिका से निकटता और रूस के साथ ऊर्जा-रक्षा सहयोग से भारत पर त्रिकोणीय दबाव है। चीन से संवाद इसे संतुलित कर सकता है।
- सीमा विवाद के बावजूद चीन के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार 2024 में 135 अरब डॉलर के पार रहा। यात्रा नए रास्ते खोल सकती है।

### वैश्विक राजनीति पर असर

- ब्रिक्स में 2023 के बाद नए देशों के शामिल होने से यह मंच अमेरिका-यूरोप के प्रभुत्व को चुनौती देने की दिशा में बढ़ रहा है। भारत की चीन यात्रा इस संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक कदम हो सकती है।
- यह यात्रा वैश्विक स्तर पर संकेत दे सकती है कि भारत पश्चिमी दबाव में झुकने के बजाय बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को प्राथमिकता दे रहा है, जिसमें अमेरिका, रूस, चीन के बीच संतुलन बनाने की रणनीति शामिल है।

### रूस-चीन-भारत का संभावित त्रिकोण

यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिम से अलग-थलग रूस चीन पर निर्भरता बढ़ा रहा है। भारत रूस से ऊर्जा और हथियार खरीद रहा है, जिससे साझा हित बनते हैं। चीन की पाकिस्तान से रणनीतिक साझेदारी, भारत की क्वाड सदस्यता और चीन का इंडो-पैसिफिक में विस्तार से इसमें अड़चन बन सकता है।

# इजराइल गाजा में हमले और तेज करने की तैयारी में, संयुक्त राष्ट्र ने दी चेतावनी

## सहायक महासचिव ने कहा- लाखों फलस्तीनी होंगे प्रभावित

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र ने इजराइली सैन्य अभियानों के संभावित विस्तार के खिलाफ चेतावनी दी है। यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका के लिए संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव मिरोस्लाव जेंका ने मंगलवार को कहा कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पूरे गाजा पट्टी में सैन्य अभियानों का विस्तार करने से संबंधित नवीनतम रिपोर्टें यदि सच हैं तो बेहद चिंताजनक हैं। इससे लाखों फलस्तीनियों के लिए विनाशकारी परिणाम सामने आएंगे और गाजा में इजराइली बंधकों के जीवन को भी खतरा हो सकता है।

उन्होंने कहा, इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय कानून स्पष्ट है। गाजा फलस्तीनी राज्य का एक अभिन्न अंग है और उसे बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसा कि अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने जुलाई 2024 में कहा था कि इजराइल का दायित्व है कि वह सभी नई बस्तियां बसाने की गतिविधियों को तुरंत बंद करे और कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्र से सभी बसने वालों को निकाले और



वहां अपनी अवैध उपस्थिति को जल्द समाप्त करे।

उन्होंने कहा, गाज़ा में स्थिति भयावह है। यह असहनीय है। उन्होंने बताया कि फलस्तीनियों को रोज़ाना घिनौनी और अमानवीय परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार अक्टूबर 2023 में संघर्ष शुरू होने के बाद से 60,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। जेंका ने कहा कि इस साल मई के अंत से खाद्य आपूर्ति तक पहुंचने की कोशिश करते हुए 1,200 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं और 8,100 से ज्यादा घायल हुए हैं। मृतकों और घायलों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। इजराइल गाज़ा में मानवीय सहायता को लगातार गंभीर रूप से प्रतिबंधित कर रहा है और जो सहायता पहुंचाने की अनुमति है वह बेहद अपर्याप्त है। गाजा में हर जगह भुखमरी है।

### गाजा में इजराइली हमलों में 83 और फलस्तीनी मारे गए

**गाजा।** गाजा में मंगलवार को इजराइली हमले में कम से कम 83 फलस्तीनी मारे गए। गाजा नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ से कहा कि मृतकों में उत्तरी, मध्य और दक्षिणी गाजा में सहायता के लिए प्रतीक्षा कर रहे 58 लोग शामिल हैं। हमलों में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें गाजा के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इन घटनाओं पर इजराइली सेना ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया 18 मार्च को इजराइल के गाजा में तीव्र हमलों को फिर शुरू करने के बाद से कम से कम 9,519 फलस्तीनी मारे गए हैं और 38,630 घायल हुए हैं। अक्टूबर 2023 से गाजा में मरने वालों फलस्तीनियों की संख्या 61,020 हो गई है, 150,671 घायल हुए हैं।

### जगमग कर्तव्य पथ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली में नवनिर्मित कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उनकी उपस्थिति में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कर्तव्य पथ को प्रकाशित किया गया। एजेंसी

### किन्नर कैलाश यात्रा मार्ग पर फंसे 413 श्रद्धालु निकाले

**किन्नौर।** हिमाचल प्रदेश के तांगलिंग क्षेत्र में किन्नर कैलाश यात्रा मार्ग पर बादल फटने के कारण ट्रैक का बड़ा हिस्सा बह जाने से सैकड़ों यात्री फंस गए थे लेकिन आईटीबीपी ने समय रहते बचाव अभियान चलाकर 413 श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया। बल के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि आईटीबीपी की 17वीं वाहिनी की टीम ने सूचना मिलते ही रस्सी आधारित ट्रैवर्स क्रॉसिंग तकनीक का प्रयोग करते हुए 413 श्रद्धालुओं को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है।

### व्हाट्सएप: नया फीचर अनजान ग्रुप में जोड़ने पर करेगा अलर्ट

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप ने एक नया सेफ्टी ओवरव्यू फीचर पेश किया है, जो यूजर्स को उन ग्रुप के बारे में सतर्क करेगा जिनमें उन्हें किसी अनजान व्यक्ति ने जोड़ा है।

व्हाट्सएप ने कहा कि इस टूल के जरिये यूजर्स को संबंधित ग्रुप के बारे में अहम जानकारी और सुरक्षित बने रहने के सुझाव भी मिलेंगे। यदि यूजर्स चाहें तो वे अलर्ट मिलने के बाद ग्रुप को देखे बिना उससे अलग हो सकते हैं। इसके अलावा यूजर उस ग्रुप में बने रहने की जब तक खुद पुष्टि नहीं करेगा, उस ग्रुप को भी 'म्यूट' रखा जाएगा। व्हाट्सएप उन मामलों में भी चेतावनी देने के उपाय खोज रहा है जब कोई यूजर अपनी संपर्क सूची से बाहर के किसी व्यक्ति के साथ बातचीत शुरू करता है।

### अमेरिका: उत्तरी एरिजोना के नवाजो नेशन में हुई विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**चिनले।** अमेरिका के उत्तरी एरिजोना के नवाजो नेशन में मंगलवार को एक विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और फिर उसमें आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई।

अधिकारियों के अनुसार यह चिकित्सीय परिवहन विमान था जिसमें बीमार और घायलों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाता था। यह विमान चिनले के हवाई अड्डे के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में सवार चिकित्साकर्मी एक मरीज को लेने अस्पताल जा रहे थे। संघीय विमानन प्रशासन के अधिकारियों ने एक ईमेल में बताया कि विमान दोपहर में हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### घाना: हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रक्षा और पर्यावरण मंत्री समेत आठ की मौत

**अक्रा।** घाना सरकार का कहना है कि एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में देश के रक्षा और पर्यावरण मंत्रियों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। सेना ने कहा कि हेलीकॉप्टर ने बुधवार सुबह राजधानी अक्रा से ओबुआसी क्षेत्र के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन इसका रडार से संपर्क टूट गया।

### ईरान में इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में परमाणु वैज्ञानिक वादी को फांसी की सजा

**तेहरान।** ईरान की न्याय पालिका ने बुधवार को देश के परमाणु ऊर्जा संगठन के अंतर्गत परमाणु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के सदस्य और परमाणु वैज्ञानिक रूजबेह वादी को इजराइल के लिए जासूसी के आरोप में फांसी की सजा सुनाई।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट में कहा गया है कि वादी ने रिएक्टर इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी और वरिष्ठ ईरानी परमाणु विशेषज्ञों अब्दोलहामिद मिनौचेहर और अहमद ज़ोल्फागरी के साथ 2011 में एक शोध पत्र के सहलेखक थे। मिनौचेहर एवं जोल्फागरी की ईरान-इजराइल युद्ध के दौरान मृत्यु हो गई थी। न्याय पालिका ने आरोप लगाया था कि वादी इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद को संवेदनशील डेटा सौंप रहे थे।

ईरानी अधिकारियों का दावा है कि वादी को ऑनलाइन भर्ती किया गया था एवं एलेक्स नाम के एक मोसाद अधिकारी ने उसकी जांच की थी और बाद में उसे केविन नाम के एक हैंडलर को सौंप दिया गया था। न्याय पालिका के अनुसार वादी की जांच के बाद मोसाद ने कथित तौर पर उसे एक स्रोत बना लिया था। फिर उसे मोसाद के शीर्ष प्रभागों में से एक से मिलवाया गया।

### महिला ने 22 महीने में तीन सौ लीटर ब्रेस्ट मिल्क दान किया

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले के कट्टूर में 33 वर्षीय गृहिणी सेल्वा बृंदा ने 22 महीने में 300 लीटर से अधिक ब्रेस्ट मिल्क (मां का दूध) दान कर समयपूर्व जन्मे और गंभीर बीमार हजारों शिशुओं की जान बचाने में मदद की।

दो बच्चों की मां सेल्वा ने महात्मा गांधी मेमोरियल सरकारी अस्पताल मिल्क बैंक को अप्रैल 2023 से फरवरी 2025 के बीच 300.17 लीटर ब्रेस्ट मिल्क दान किया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस मिल्क बैंक को दान किए गए कुल ब्रेस्ट मिल्क में लगभग 50 फीसदी योगदान बृंदा का था।

# चीन को छोड़कर अमेरिका के करीब नहीं जाएगा पाकिस्तान

**बीजिंग, एजेंसी**

- **विशेषज्ञों ने जताई राय, कहा- जनरल मुनीर की अमेरिका यात्रा से पश्चिम एशिया पर पड़ेगा प्रभाव**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन के सदाबहार सहयोगी पाकिस्तान के साथ अपने देश के संबंधों को मजबूत करने पर चीनी रणनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान, चीन के वैश्विक प्रभाव को नियंत्रित करने की ट्रंप की रणनीति की सीमाओं को समझता है।

पिछले महीने, पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने फील्ड मार्शल का पदभार ग्रहण करने के बाद चीन की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा की थी। साथ ही ट्रंप के साथ भी एक निजी भोज में भाग लिया था। उस बैठक का समापन ट्रंप द्वारा तेल सौदे सहित विभिन्न क्षेत्रों में अमेरिका-पाकिस्तान सहयोग बढ़ाने की घोषणा के साथ हुआ।

'इकोनॉमिस्ट' के एक हालिया लेख के अनुसार, जनरल मुनीर की यात्रा अमेरिकी विदेश नीति में बदलाव का प्रतीक है जिसके न केवल भारत, बल्कि चीन और पश्चिम एशिया पर भी प्रभाव पड़ेंगे। बीजिंग प्रवास के दौरान जनरल मुनीर ने उपराष्ट्रपति हान झेंग, विदेश मंत्री वांग यी और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के वरिष्ठ सदस्यों से मुलाकात की। हालांकि, राष्ट्रपति शी चिनफिंग से उनकी मुलाकात नहीं हुई। यह उनके पूर्ववर्ती जनरल कमर जावेद बाजवा से बिल्कुल अलग है, जिन्होंने 2018 में अपनी चीन यात्रा के दौरान शी चिनफिंग से मुलाकात की थी। मुनीर की बैठकों के आधिकारिक बयानों में कूटनीतिक शिष्टाचार पर जोर दिया गया और मजबूत द्विपक्षीय संबंधों की पुष्टि की गई। हालांकि, ट्रंप-मुनीर के संबंधों के बारे में चीन की धारणा अब भी अस्पष्ट है, खासकर जब ट्रंप चीन के एक वैश्विक शक्ति के रूप में उदय को रोकने के लिए अपनी स्पष्ट रणनीति पर अड़े हैं। पाकिस्तान के साथ सदाबहार संबंधों को बढ़ावा देने में दशकों से किए गए निवेश को देखते हुए चीन की अपनी चिंताएं हैं।

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अगस्त, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 2 :28 तक उपरान्त चतुर्दशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण, ऋतु- वर्षा।

ताराबल अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद

चन्द्रबलमिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन

**मेष** लंबे समय से चले आ रहे भूमि या संपत्ति से जुड़े विवाद सुलझने के संकेत हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। यशस्वी काम करने का मौका मिल सकता है। आज सुख-सुविधाओं के साधन बढ़ेंगे। परिवार में आनंद का माहौल रहेगा।

**वृष** आज का दिन शुभ है। दुश्मनों पर बढ़त बनाने में सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आज काम की प्रशंसा मिलेगी साथ ही सहयोगियों का सहयोग मिलेगा। आज अधूरे पड़े काम पूरे होने के योग हैं। धन लाभ, सम्मान, उपहार और पुरस्कार मिलने की संभावना है।

**मिथुन** आज इच्छित कार्यों में सफलता मिलने की संभावना है। लाभकारी योग बन रहा है और नए काम से फायदा होगा। गुप्त विरोधियों की चाल विफल रहेगी। माता-पिता का आशीर्वाद लें। आज प्रभावशाली लोगों से सहयोग प्राप्त होगा। मन में शांति रहेगी।

**कर्क** लंबे समय से रुके काम बन जाएंगे। काम सफल होने में पुराने शुभचिंतक मददगार बनेंगे। आज उद्योग-व्यापार में सफलता के योग हैं। आज घर के लिए खरीददारी कर सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाएं मिलेंगी। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**सिंह** आज सामाजिक संबंधों का लाभ मिल सकता है। आदर-सम्मान और कर्मबल में वृद्धि के योग हैं। परिस्थितियों में सुधार होगा और रुके काम पूरे होते चले जाएंगे। व्यवसाय में आशा से अधिक लाभ मिल सकता है।

**कन्या** जीवन में नई आशाओं का संचार होगा। धैर्य और साहस से सभी काम पूरे हो जाएंगे। आज धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। नौकरी में उत्साह बना रहेगा और प्रशंसा मिलने की उम्मीद है। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**तुला** लंबे समय से चली आ रही परेशानियों का अंत होगा। मेहनत से इच्छित लाभ मिलेगा। आर्थिक संतुलन बनाए रखने में सफल रहेंगे। अलबत्ता पारिवारिक जिम्मेदारियों पर अधिक खर्च करना पड़ सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति होगी।

**वृश्चिक** जीवन में राजनीतिक संपर्क से प्रभाव बढ़ेगा। मनचाही इच्छाओं की पूर्ति का योग है। व्यापार में अच्छे परिवर्तन और आर्थिक लाभ की संभावना है। सम्मान की रक्षा होगी। मित्रों और परिवार का सहयोग मिलेगा। भूमि या संपत्ति से जुड़े काम सफल होंगे।

**धनु** आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रुके हुए कामों में प्रगति होने की संभावना है। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में कुछ नया करने का अवसर मिलेगा। किसी बड़ी योजना को साकार करने में भरपूर सहयोग मिलेगा। जीवन में खुशी रहेगी।

**मकर** आज रोजगार से जुड़ी चिंताएं खत्म होने की संभावना है। आप साहस से सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त करेंगे। सामाजिक और राजनीतिक संबंध लाभ देंगे। कहीं फंसा हुआ धन प्राप्त होगा।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होंगे। मित्रों और करीबी लोगों का सहयोग मिलेगा। आत्मसम्मान और स्वावलंबन बढ़ेगा। आय में वृद्धि के योग बन रहे हैं। आज नए लोगो से मुलाकात होगी। घर-गृहस्थी में सुख-शांति रहेगी। मनोकामनाएं पूरी होने के योग हैं।

**मीन** जीवन में लंबे समय से चली आ रही चिंता खत्म होगी। परिश्रम का उचित फल मिलेगा। कार्यक्षेत्र में प्रशंसा प्राप्त करेंगे। धैर्य, गंभीरता और सहनशीलता के बल पर परिवार में महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। इससे घर में शांति का माहौल बनेगा।

## सुडोकू-62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 4 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 7 | | | 1 |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| 6 | | 1 | | | 8 | | 3 | |
| | 2 | | 3 | | 9 | | | 6 |
| 4 | | | | | 5 | | | 7 |

### सुडोकू - 61 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |



> सिराज का प्रदर्शन इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में शानदार रहा है। उसकी ऊर्जा, आक्रामकता और निरंतरता शानदार रही है। वह भारत के लिए मैच विनर है और बल्लेबाजों के लिए उसका सामना करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है।
>
> – मोईन अली


स्टेडियम

अयोध्या, गुरुवार, 7 अगस्त 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## हाईलाइट

### रूट को मैन ऑफ द सीरीज होना चाहिए था

**लंदन :** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने भारतीय कोच गौतम गंभीर के उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनने के फैसले पर असहमति जताते हुए कहा कि यह सम्मान पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले जो रूट को मिलना चाहिए था। श्रृंखला 2-2 से बराबर रहने के बाद प्रत्येक टीम के कोच ने प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार के लिए विपक्षी टीम से एक खिलाड़ी का चयन किया। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारत की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में कप्तान शुभमन गिल को जबकि गंभीर ने इंग्लैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में ब्रूक को चुना।

### नाओमी ओसाका सेमीफाइनल में

**मॉन्ट्रियल :** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम चार में ओसाका का सामना 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ को 6-1, 6-4 से हराया। इस तरह से ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा।

### पंजाब और झारखंड फाइनल में

**चेन्नई :** पंजाब और झारखंड ने बुधवार को अपने मुकाबले जीत कर 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। दिन के पहले सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराया जिसमें सुखदेव सिंह ने दो गोल दागे जबकि मंदीप सिंह और वरिंदर सिंह ने एक एक गोल किया। उत्तर प्रदेश के लिए हर्ष प्रताप सिंह, अली शाहरुख और कप्तान केतन कुशवाहा ने गोल किए दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश बृहस्पतिवार को तीसरे स्थान के लिए आमने-सामने होंगी।

### सेमीफाइनल में भिड़ेंगे टेलर और बेन

**टोरंटो :** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ और बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। यह पिछले 15 वर्षों में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पहला अवसर होगा जबकि अमेरिका के दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज़ ने रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6-3, 7-6 (4) से हराया। उन्होंने 20 ऐस लगाए, जिनमें से एक ने मैच का अंत भी किया। चौथी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के नौवें नंबर के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 6-4 से हराया। फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा।

### हरीश और अरुण तीसरे दौर में

**चेन्नई :** भारत के हरीश प्रकाश और तयिन अरुण ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के अंडर-18 बालक वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन अरुण ने भारतीय प्रतियोगियों में 9.23 से सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने थाईलैंड के टिन जॉनसन (9.60 अंक) से पीछे रहकर तीसरे दौर में जगह बनाई। ग्यारह वर्षीय प्रकाश ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया और मलेशिया के लुकास सैंटियागो (10.57 अंक) के बाद 7.97 अंक हासिल करके तीसरे दौर में जगह बनाई।

### आग लगने के बाद चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स स्थगित

**चेन्नई :** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को आयोजन स्थल हयात रीजेंसी होटल में आग लगने के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से शुरू होनी थी। इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने लिखा रीजेंसी में कल रात आग लग गई थी।

# बुमराह की तरह सिराज के वर्कलोड पर ध्यान देना होगा

## आरपी सिंह ने कहा कि यह गेंदबाज लगातार खेलेगा तो चोटिल होने का जोखिम रहेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला में थकान को धता बताते हुए अपनी गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज के वर्कलोड (थकान और चोट से बचने के लिए खेल से विश्राम) पर ध्यान देने की वकालत करते हुए भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने कहा कि यह तेज गेंदबाज अगर लगातार खेलेगा तो चोटिल होने का जोखिम बना रहेगा। सिराज ने श्रृंखला में इंग्लैंड में 185.3 ओवर डालकर 23 विकेट चटकाये। वह इस श्रृंखला में सबसे अधिक गेंदबाजी करने के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे।

आरपी सिंह ने भाषा को दिये साक्षात्कार में कहा सिराज को भविष्य में चोटिल होने से बचाने के लिए वर्कलोड मैनेजमेंट जरूरी होगा। तेज गेंदबाज अगर कम समय में ज्यादा मैच खेलते हैं तो चोटिल होने का खतरा रहता है। सिराज के कार्यभार को भी उसी तरह से प्रबंधित करना होगा जैसे हमने बुमराह के साथ किया है। उन्होंने कहा बेहतर कार्यभार प्रबंधन के कारण बुमराह ने विश्व कप (वनडे और टी20) में शानदार गेंदबाजी की थी। सिराज भी उसी श्रेणी का गेंदबाज है। चोटिल होने से बचाने के लिए उसके वर्कलोड पर भी आज नहीं तो कल गंभीरता से ध्यान देना होगा। भारत के लिए 14 टेस्ट सहित कुल 82 मैच खेलने वाले आरपी सिंह ने इंग्लैंड दौरे पर दिलेरी और जिम्मेदारी से गेंदबाजी करने के लिए सिराज की तारीफ की।



मोहम्मद सिराज।

क्रिकेट विशेषज्ञ के तौर पर आरपी सिंह ने कहा सिराज इकलौता गेंदबाज है जिसने पांचों टेस्ट मैच खेले और इन सभी मैचों में पूरे जज्बे और दमखम के साथ गेंदबाजी की। उसने श्रृंखला जिस आखिरी गेंद पर बल्लेबाज को बोल्ड किया वह उनकी इस श्रृंखला की चौथी या पांचवीं सबसे तेज गेंद थी। सिराज ने यॉर्कर गेंद पर इंग्लैंड के गस एटकिंसन को बोल्ड कर भारत को पांचवें टेस्ट में जीत दिलाई थी। उनकी इस गेंद की गति 143 किलोमीटर प्रति घंटे थी। यह इस श्रृंखला में उनकी पांचवीं सबसे तेज गेंद थी।

आरपी सिंह ने कहा यह दर्शाता है कि उनकी ओर से प्रयास में कभी कोई कमी नहीं थी। उन्होंने सही लाइन लेंथ से गेंदबाजी करने की कोशिश की और टीम के लिए उम्मीद से बढ़कर योगदान दिया। इस दौरान उसकी फिटनेस और लय शानदार रही। सिराज अब तक बुमराह की छत्रछाया में गेंदबाजी करते रहे हैं लेकिन इस श्रृंखला के बाद उन्होंने खुद की विरासत तैयार कर ली है। आरपी सिंह ने कहा कि बुमराह की सफलता में भी सिराज का योगदान है।

आरपी सिंह ने कहा बल्लेबाजी में जैसे साझेदारी होती है वैसे ही गेंदबाज भी जोड़ी में गेंदबाजी करना पसंद करते हैं। बुमराह ज्यादा विकेट निकालते है और अलग तरह की एक्शन के कारण उनके पास बल्लेबाजों को ज्यादा परेशान करने की क्षमता है।

उन्होंने कहा बुमराह की मौजूदगी में सिराज का काम अपने छोर से दबाव बनाने का होता है और वह इस काम को बखूबी करते हैं। दोनों की जोड़ी बेहद खास रही है और इस जोड़ी काफी अच्छा प्रदर्शन कर के भी दिया है। जब बुमराह टीम में नहीं है तो सिराज हमारे मुख्य तेज गेंदबाज हो गये। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह के सिर्फ तीन मैच खेलने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा यह तो पहले से तय था कि वह इस दौरे पर तीन मैच खेलेंगे। बुमराह के साथ अच्छी बात यह है कि जब वह टीम का हिस्सा होते है तो वह आपको विकेट निकाल कर देते हैं। कप्तान को उनसे हमेशा विकेट की उम्मीद रहती है। ऐसे में वह जिस मैच का भी हिस्सा होते है उसमें अकसर दूसरे गेंदबाजों से अधिक गेंदबाजी करते है। कुलदीप यादव और अर्शदीप को इंग्लैंड दौरे पर एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला।

### रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 15वें स्थान पर पहुंचे सिराज

- **दुबई :** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। सिराज ने मैच में नौ विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई। उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकरश्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं।

### हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत

- टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाने के बाद सिराज बुधवार को अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचे, जहां पर जोरदार स्वागत किया गया। सिराज ने पांच मैचों की सीरीज में सर्वाधिक 23 विकेट लिए। उन्होंने ओवल में खेले गए अंतिम टेस्ट मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें इस मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। हैदराबाद का रहने वाला यह खिलाड़ी काले रंग की कैजुअल पोशाक में इससे पहले फील्डिंग कोच टी दिलीप के साथ सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

# बुमराह के बिना भारत की जीत महज संयोग : सचिन तेंदुलकर

**मुंबई, एजेंसी**

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट जीतना महज संयोग था और यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी असाधारण और अविश्वसनीय है। बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में से तीन मैच में ही खेले थे। सीरीज में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही। भारतीय टीम ने जो दो मैच जीते उनमें कार्यभार प्रबंधन योजना के कारण बुमराह का नहीं खेलना पहले से ही तय था।

तेंदुलकर ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में बर्मिंघम और द ओवल में भारत की जीत महज संयोग थी। उन्होंने बुमराह के तीन टेस्ट मैच में प्रदर्शन के बारे में बात की। इस तेज गेंदबाज ने श्रृंखला में कुल 14 विकेट लिए। तेंदुलकर ने 'रेडिट' पर श्रृंखला के अपने वीडियो विश्लेषण में कहा बुमराह ने सही में अच्छी शुरुआत की, पहले टेस्ट (पहली पारी में) में पांच विकेट लिए। वह दूसरा टेस्ट नहीं खेले लेकिन तीसरे और चौथे टेस्ट में खेले। फिर इन दो टेस्ट में से एक में उन्होंने पांच विकेट झटके। उन्होंने कहा बुमराह ने जो तीन टेस्ट खेले, उनमें से दो में उन्होंने पांच विकेट लिए। मुझे पता है कि लोग कई बातों पर चर्चा कर रहे हैं कि हम उन टेस्ट मैच में जीते जिनमें वह नहीं खेले। मुझे लगता है कि यह महज एक संयोग है। तेंदुलकर ने कहा बुमराह की गेंदबाजी असाधारण है। वह अब तक जो कर पाए हैं, वह अविश्वसनीय है।



इसमें कोई शक नहीं है कि वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और मैं उन्हें किसी भी अन्य गेंदबाज से बेहतर मानता हूं। बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद सिराज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सभी पांच मैच में खेले जिसमें उन्होंने 185.3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 23 विकेट झटके। बुमराह आंकड़ों के हिसाब से सिराज से कहीं आगे हैं। उन्होंने 48 टेस्ट मैच में 219 विकेट लिए हैं जबकि सिराज के 41 मैच में 123 विकेट हैं। योजना के अनुसार बुमराह की पांचवें और अंतिम टेस्ट में अनुपस्थिति उनके कार्यभार प्रबंधन को लेकर कुछ सवाल जरूर खड़े करती है लेकिन टीम प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि इस शीर्ष तेज गेंदबाज के संबंध में जोखिम नहीं लिया जा सकता था। तेंदुलकर ने ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जमकर तारीफ की जिन्होंने पूरे मैच में टीम की जीत में अहम योगदान दिया।

उन्होंने कहा वह जब भी खेला है, उसने योगदान दिया है। अगर आप दूसरे टेस्ट मैच में देखें तो चौथी पारी में उसने पांचवें दिन लंच से ठीक पहले बेन स्टोक्स को शानदार गेंद पर आउट कर दिया। मुझे लगता है कि यह 'टर्निंग प्वाइंट' था।

# बोलने से पहले सोचें बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल करने को लेकर बेन स्टोक्स की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा कि इंग्लैंड के कप्तान को बोलने से पहले सोचना चाहिए था, क्योंकि तब उनके कर्म तुरंत ही सामने आ गए थे जब पांचवें टेस्ट में क्रिस वोक्स के कंधे में चोट लगने के बाद उन्हें एक बल्लेबाज की कमी खल रही थी।

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैनचेस्टर में ड्रॉ हुए चौथे टेस्ट के पहले दिन रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। स्कैन में उनके दाहिने पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि होने के बावजूद वह अगले दिन बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर उतरे थे। इसके बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के स्थान पर अन्य खिलाड़ियों को शामिल करने की बात कही थी, जिसे स्टोक्स ने खारिज करते हुए बेहद हास्यास्पद बताया था।



रविचंद्रन अश्विन। एजेंसी

ओवल में पांचवें टेस्ट में इंग्लैंड को इसी तरह की स्थिति का सामना करना पड़ा जब वोक्स के कंधे में फ्रैक्चर हो गया लेकिन फिर भी वह अंतिम दिन बल्लेबाजी करने उतरे। उस समय इंग्लैंड के नौ विकेट गिर चुके थे और उसे जीत के लिए 20 से भी कम रन की जरूरत थी।

अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा एक तमिल कहावत है जिसका मोटे तौर पर अनुवाद है आपके कर्म आपको लगभग तुरंत प्रभावित करेंगे। आप जो बोते हैं, वही काटते हैं। उन्होंने कहा आखिरी टेस्ट से पहले पंत की चोट के बारे में सवाल पूछे गए थे। गौतम गंभीर ने कहा था कि ऐसी चोटों के लिए नए खिलाड़ी को टीम में शामिल करना चाहिए। जब स्टोक्स से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इसे मज़ाक बताकर टाल दिया। मैं स्टोक्स के कौशल और उनके रवैये का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं लेकिन वह सोच-समझकर जवाब दे सकते थे। अश्विन ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन की क्रिकेट के नियमों में बदलाव की जरूरत संबंधी टिप्पणी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा माइकल वॉन ने कहा कि यह एक ऐसा मसला है जिसके लिए नियमों में बदलाव हो सकता है। चोटिल खिलाड़ी की जगह नए खिलाड़ी को शामिल करने की अनुमति होनी चाहिए। स्टोक्स को यह सोचना चाहिए था कि अगर ऋषभ पंत जैसी क्षमता वाला कोई खिलाड़ी उनकी टीम में होता और चोटिल हो जाता तो क्या होता।

- **इंग्लैंड के कप्तान की टिप्पणी पर रविचंद्रन अश्विन ने कहा- कर्म तुरंत सामने आते हैं**

## चैपल ने इंग्लैंड की आलोचना की

**नई दिल्ली :** आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल ने भारत के खिलाफ ड्रॉ हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड की आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करने की रणनीति की आलोचना करते हुए कहा सकारात्मक क्रिकेट का मतलब लापरवाह क्रिकेट नहीं है।

चैपल ने अपने कॉलम में युवा भारतीय टीम की अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रशंसा की, वहीं इंग्लैंड के खिलाड़ियों, विशेषकर हैरी ब्रुक की आलोचना की, क्योंकि वे परिस्थितियों को समझने में विफल रहे। भारत के पूर्व मुख्य कोच चैपल ने कहा इस श्रृंखला में इंग्लैंड का सफर उसके सामने चेतावनी पेश करता है।

इसे प्रतिभाशाली लेकिन चंचल प्रकृति के हैरी ब्रुक ने मूर्त रूप दिया, जिनकी मैं पहले सार्वजनिक रूप से प्रशंसा कर चुका हूं। उन्होंने कहा उनकी टाइमिंग बहुत अच्छी है। वह कई तरह के शॉट लगा सकते हैं। उनमें आत्मविश्वास है और बल्लेबाजी को सहज बनाने का दुर्लभ कौशल है।

# गिल आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित

**दुबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया।

गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ की। गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा। गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए। आईसीसी ने कहा उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर सर्वकालिक महान विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया।



- **इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन का मिला लाभ**

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265.50 की औसत से 531 रन बनाए।

आईसीसी ने कहा मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15.28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। आईसीसी ने भारत के खिलाफ स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाएद्।

# विश्व खेल 2025 के पांच खेलों में भाग लेंगे भारतीय एथलीट

**चेंगदू (चीन), एजेंसी**

- **12वें संस्करण की आज से चीन में होगी शुरुआत**

भारतीय एथलीटों की 17 सदस्यीय टीम आज से शुरू हो रहे विश्व खेल 2025 के 12वें संस्करण की पांच खेलों की 23 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेगी। इस बार विश्व खेलों में 34 खेलों और 60 विधाओं में 253 पदक स्पर्धाएं होंगी।

पॉवरबोटिंग और चीयरलीडिंग को पहली बार इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। भारत इनमें से कुल पांच खेलों तीरंदाजी, बिलियर्ड्र्स, रैकेटबॉल, रोलर स्पोर्ट्स या स्केटिंग और वुशु में 23 पदक स्पर्धाओं में हिस्सा लेगा। भारत के तीरंदाजी दल में अभिषेक वर्मा और परनीत कौर, स्पीडस्केटर वेलकुमार आनंद कुमार और आर्यनपाल सिंह घुमन, तथा वुशु एथलीट नाओरेम रोशिबिना देवी, मधुरा धमनगांवकर शामिल हैं। भारत मिश्रित टीम कंपाउंड स्पर्धा में भी भाग लेगा, जो कि लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में भी शामिल होगी। भारतीय एथलीटों के लिए विश्व खेल 2025 का कार्यक्रम इस प्रकार हैः- तीरंदाजीःपुरुष और महिला कंपाउंड सात से नौ अगस्त किंगलॉन्ग लेक पार्क में तीरंदाजीः मिश्रित टीम आठ अगस्त किंगलॉन्ग लेक पार्क में बिलियड्र्सः मिश्रित हेबॉल 10 से14 अगस्त सिविल एविएशन फ्लाइट यूनिवर्सिटी ऑफ चाइना टिएंफू कैंपस जिमनेशियम बिलियड्र्सः पुरुष स्नूकर 10 से 14 अगस्त सिविल एविएशन फ्लाइट यूनिवर्सिटी ऑफ चाइना टिएंफू कैंपस जिमनेशियम बिलियड्र्सः महिला स्नूकर 10 से 13 अगस्त सिविल एविएशन फ्लाइट यूनिवर्सिटी ऑफ चाइना टिएंफू कैंपस जिमनेशियम वुशुः सांडा इवेंट्स 10 से 12 अगस्त हाई-टेक जोन स्पोर्ट्स सेंटर जिमनेशियम।

## हार के बाद ऑनलाइन घृणा का शिकार हुईं स्वितोलिना

**मांट्रियल :** यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने बताया है कि कनाडा में एक मैच हारने के बाद कैसे कुंठित सटोरियो ने आनलाइन उनके खिलाफ नफरत उगली, उनके मरने की कामना की और रूस द्वारा यूक्रेन में लोगों की हत्या का जश्न मनाया। नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में नाओमी ओसाका से मिली हार के बाद स्वितोलिना को इस घृणा का सामना करना पड़ा। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन मैसेज के स्क्रीनशॉट्स साझा किए हैं।

उनके लिए अपशब्द कहे गए और उनके पति गाएल मोंफिल्स को भी निशाना बनाया गया जो फ्रांस के अश्वेत टेनिस खिलाड़ी हैं। एक सटोरिये ने कहा कि काश रूस सभी यूक्रेनवासियों की हत्या कर दे। स्वितोलिना ने इसके जवाब में लिखा है सभी सट्टेबाजों को मैं इतना ही कहूंगी कि एक खिलाड़ी होने से पहले मैं एक मां की।

**बिल में संशोधन** | सरकारी सहायता लेने वाले महासंघ ही आरटीआई के दायरे में आयेंगे

# बीसीसीआई को आरटीआई से काफी राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के आरटीआई संबंधी प्रावधान में संशोधन किया है जिसके तहत केवल उन्हीं संस्थाओं को इसके दायरे में रखा गया है जो सरकारी अनुदान और सहायता पर निर्भर हैं और इससे बीसीसीआई को काफी राहत मिली होगी।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने 23 जुलाई को लोकसभा में यह बिल रखा जिसके प्रावधान 15 (2) में कहा गया है कि किसी मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा। आरटीआई बीसीसीआई के लिए एक पेचीदा मुद्दा रहा है जिसने इसके अंतर्गत आने का लगातार विरोध किया है क्योंकि बोर्ड अन्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के विपरीत सरकारी सहायता पर निर्भर नहीं है। विधेयक में संशोधन से इन आशंकाओं पर विराम लग गया।



खेलमंत्री मनसुख मांडविया। एजेंसी

एक जानकार सूत्र ने बताया संशोधित प्रावधान सार्वजनिक प्राधिकरण को एक ऐसी संस्था के रूप में परिभाषित करता है जो सरकारी धन या सहायता पर निर्भर है। इस संशोधन के साथ सार्वजनिक प्राधिकरण की स्पष्ट परिभाषा हो गई है। सूत्र ने कहा अगर ऐसा नहीं किया जाता तो यह एक अस्पष्ट क्षेत्र होता जिसके कारण विधेयक अटक सकता था या उसे अदालत में चुनौती दी जा सकती थी। इसलिए सार्वजनिक धन से जुड़ी कोई भी चीज़ आरटीआई के दायरे में आएगी। उन्होंने आगे कहा अगर राष्ट्रीय महासंघ सरकारी सहायता नहीं भी ले रहा है तो भी अगर उसके टूर्नामेंटों के आयोजन या संचालन में किसी तरह की सरकारी सहायता मिली है तो उससे सवाल किया जा सकता है। सरकारी सहायता सिर्फ धन ही नहीं बल्कि बुनियादी ढांचे के संदर्भ में भी है। बीसीसीआई ने पहले कहा था कि विधेयक पर टिप्पणी करने से पहले वह इसका अध्ययन करेगा। आरटीआई अधिनियम के अनुसार सार्वजनिक प्राधिकरण वह संस्था या निकाय है जो संसद या राज्य विधानमंडल द्वारा बनाए गए किसी कानून द्वारा बनाया गया हो। इसमें सरकार के स्वामित्व, नियंत्रण या वित्तपोषित निकाय शामिल हैं।

### एनएसएफ के रूप में करना होगा रजिस्टर

- विधेयक के कानून बनने पर बीसीसीआई को स्वयं को राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में रजिस्टर करना होगा क्योंकि क्रिकेट 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक में टी20 प्रारूप में पदार्पण करने जा रहा है। जवाबदेही लाने में विधेयक में राष्ट्रीय खेल बोर्ड का भी प्रावधान है और सभी एनएसएफ को केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता लेने के लिए उससे मान्यता लेनी होगी। एनएसबी में एक अध्यक्ष होगा और सदस्य केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाएंगे। ये नियुक्तियां शोध सह चयन समिति की सिफारिशों के आधार पर होगी। इस समिति का अध्यक्ष कैबिनेट सचिव या खेल सचिव होगा।